kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-75 ❒ बुधवार, 16 अप्रैल 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



श्रीमती मुर्मु ने अधिकारियों को वंचित वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी सलाह दी कि वे अपने करियर की यात्रा के दौरान कुछ समय बाद पोस्टिंग के स्थानों का दौरा करें और अपने काम के दूरगामी परिणाम देखें। द्रौपदी मुर्मु

मायावती के भतीजे आकाश आनंद को झटका, वाई प्लस सिक्योरिटी हटी 11

मनमाने तरीके से फीस बढ़ाने वाले स्कूलों पर होगी कार्रवाईः रेखा गुप्ता 12

## यूपी में सात हजार 191 और ग्राम पंचायतें हुईं टीबी मुक्त

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के वर्ष 2025 के अंत तक राज्य को टीबी मुक्त करने की मुहिम रंग ला रही है। प्रदेश में अब तक आठ हजार 563 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो चुकी हैं जबकि अन्य ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए प्रयास जारी हैं।

खास बात यह है कि इनमें से 435 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जो लगातार दूसरे वर्ष टीबी मुक्त घोषित हुई हैं। राज्य टीबी अधिकारी डॉ. शैलेंद्र भटनागर के अनुसार प्रदेश में कुल 57 हजार 783 ग्राम पंचायतें हैं। इनमें से वर्ष 2023 में 1372 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हो चुकी थीं। वर्ष 2024 में 7191 ग्राम पंचायतों ने टीबी मुक्त होने का दर्ज़ा प्राप्त किया है । हाल ही में जिला स्तर पर इन सभी ग्राम पंचायतों को महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन पंचायतों को टीबी मुक्त करने में महिला ग्राम प्रधानों ने भी अहम भूमिका निभाई है।

प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि टीबी जैसी सामाजिक स्वास्थ्य समस्या से निपटने के लिए सरकार युद्ध-स्तर पर प्रयास कर रही है। टीबी मरीज़ों के लिए जांच, इलाज और अन्य सुविधाओं का दायरा बढ़ाया गया है। ल्लटीबी-मुक्त ग्राम पंचायतङ्क मुख्य रूप से जन भागीदारी को बढ़ाने की दिशा में अहम पहल है। इस कार्यक्रम ने ग्रामीण समुदायों को टीबी की पहचान, उपचार और रोकथाम के लिए सशक्त बनाया है, जिससे न केवल बीमारी को खत्म करने की दिशा में सामूहिक प्रयास को बढ़ावा मिला है बल्कि इससे ● शेष पेज 11 पर

## राम मंदिर ट्रस्ट और यूपी के कई जिलों के डीएम को आया बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल

एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या में राम जन्मभूमि ट्रस्ट और उत्तर प्रदेश के कई जिलों के जिलाधिकारियों को एक धमकी भरा ईमेल मिला है। यह मेल सोमवार रात को भेजा गया, जिसमें राम मंदिर की सुरक्षा बढ़ाने की चेतावनी दी गई थी। मेल में लिखा गया था, 'बढ़ा लो मंदिर की सुरक्षा।' जिससे साफ है कि किसी बड़ी साजिश की धमकी दी गई है। राम मंदिर ट्रस्ट ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अयोध्या के साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

इस मेल के बाद अयोध्या में सुरक्षा एजेंसियों ने अलर्ट जारी कर विस्तृत सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। साथ ही बाराबंकी, चंदौली जैसे अन्य जिलों को भी अलर्ट पर रखा गया, क्योंकि इन जिलों के डीएम को भी मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। सुरक्षा एजेंसियों की शुरुआती जांच में पता चला है कि ये धमकी भरे मेल तमिलनाडु से भेजे गए हैं। अब साइबर सेल इन मेल्स की जांच में जुट गई है, ताकि मेल भेजने वाले की पहचान की जा सके। फिलहाल अयोध्या, बाराबंकी, चंदौली और अन्य संबंधित जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



चंदौली जिलाधिकारी के ऑफिशियल मेल आईडी पर चंदौली के कलेक्ट्रेट आफिस को बम से उड़ा देने की धमकी भरा मेल आया। यह मेल तमिलनाडु के रहने वाले गोपाल स्वामी नाम के किसी व्यक्ति के द्वारा भेजा गया था। कलेक्ट्रेट आफिस में विस्फोट करने के धमकी भरे मेल के आने के बाद तत्काल प्रभाव से तमाम सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं। आनन फानन में पुलिस फोर्स और बम स्क्वायड टीम को भी बुला लिया गया और पूरी बिल्डिंग की तलाशी कराई गई। लेकिन राहत की बात यह रही की तलाशी के दौरान किसी भी तरह का कोई विस्फोटक या अन्य कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला। तब जाकर कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

चंदौली के जिलाधिकारी निखिल टी. फूंडे के अनुसार गोपाल स्वामी नाम के किसी व्यक्ति ने यह मेल किया था। जिसमें यह बताया गया था कि तमिलनाडु में वहां की किसी समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन चल रहा है और इसी कारण चंदौली के कलेक्ट्रेट को बम से उड़ा दिया जाएगा। फिलहाल कलेक्ट्रेट में पूरी तरह से तलाशी और जांच पड़ताल के बाद किसी भी तरह का विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं पाया गया है। निखिल टी. फूंडे ने कहा कि सुबह ईमेल के माध्यम से वार्निंग दी गई कि आज चंदौली के कलेक्ट्रेट में कोई बम विस्फोट हो सकता है। ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### मुर्शिदाबाद हिंसा मामले की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय में याचिकाएं

**नयी दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के विरोध के बीच पिछले दिनों पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में भड़की हिंसा मामले की जांच अदालत की निगरानी में कराने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिकाएं की गई हैं। अधिवक्ता शशांक शेखर झा द्वारा दायर याचिकाओं में से एक में शीर्ष अदालत की निगरानी में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का आग्रह किया गया है। अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा एक अन्य याचिका में शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग के गठन की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं ने अदालत से संबंधित घटना के संबंध में पश्चिम बंगाल सरकार से स्थिति रिपोर्ट मांगने, जान-माल की सुरक्षा के लिए आवश्यक निर्देश देने और हिंसा भड़काने वाले भड़काऊ भाषण देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने का भी अनुरोध किया है।

### लोकबंधु में मरीजों की भर्ती बंद, ग्राउंड फ्लोर की ही ओपीडी चली

**लखनऊ।** आशियाना स्थित लोकबंधु राजनारायण अस्पताल आग के दूसरे दिन मंगलवार को ग्राउंड फ्लोर की ओपीडी ही चली। पहली मंजिल की ओपीडी बंद रही। यहां चलने वाले विभागों के डॉक्टर ग्राउंड फ्लोर पर नहीं बैठे। पहली मंजिल और दूसरी मंजिल पूरी तरह बंद रहा। निजी सुरक्षा गार्डों का सख्त पहरा था। जले हुए हिस्से में किसी के जाने की इजाजत नहीं थी। मरीजों की भर्ती फिलहाल बंद है, सिर्फ इमरजेंसी में प्राथमिक इलाज देकर मरीजों को दूसरे अस्पताल रेफर किया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन का दावा है कि इमरजेंसी के मरीजों के लिए 35 बेड आरक्षित हैं, लेकिन एक भी मरीज भर्ती नहीं किया गया।

## डंडा ही दंगाइयों का उपचार

### सेकुलरिज्म के नाम पर ममता ने दंगाइयों को दे रखी है दंगा करने की छूट : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2017 के पहले का उत्तर प्रदेश ऐसा था कि जिसमें हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता था। इन दंगाइयों का उपचार डंडा है। बिना डंडे के ये मानेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि आप देख रहे हैं कि बंगाल जल रहा है। वहां की मुख्यमंत्री चुप हैं। वे दंगाइयों को शांति दूत कहते हैं, लेकिन वे बातों से कहां मानने वाले हैं? सेकुलरिज्म के नाम पर इन लोगों ने दंगाइयों को दंगा करने की पूरी छूट दे रखी है। पूरा मुर्शिदाबाद एक सप्ताह से जल रहा है और सरकार मौन है। मुख्यमंत्री ने इन घटनाओं पर सख्त लगाम लगाने की बात करते हुए वहां के माननीय न्यायालय का धन्यवाद दिया, जिन्होंने केंद्रीय बलों को भेजकर अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरदोई में 650 करोड़ रुपए की 729 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण तथा शिलान्यास के दौरान ये बातें कहीं। सीएम 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी, राजा नरपति सिंह रैकवार के विजय दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे थे। ग्रामसभा रोइया, रूदामऊ, माधौगंज, बिलग्राम हरदोई में आयोजित इस कार्यक्रम में विकास, सुरक्षा और विरासत तीनों की झलक एक साथ देखने को मिली।

मुख्यमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा,याद करिए 2017 के पहले का उत्तर प्रदेश हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता था। इन दंगाइयों का उपचार ही डंडा है। बिना डंडे के ये लोग मानेंगे नहीं। आप देख रहे हैं कि बंगाल जल रहा है। वहां की मुख्यमंत्री चुप हैं, दंगाइयों को वह शांति दूत कहती हैं।'' विपक्ष के मौन पर मुख्यमंत्री ने कहा, कांग्रेस मौन है, समाजवादी पार्टी मौन है, टीएमसी मौन है। धमकी पर धमकी दिए जा रहे हैं, जो बांग्लादेश में हुआ था उसका समर्थन कर रहे हैं। जिसे बांग्लादेश अच्छा लगता है तो उन्हें बांग्लादेश चले जाना चाहिए। क्यों भारत की धरती पर बोझ बने हैं? प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी, राजा नरपति सिंह के विजय दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सीएम ने इस ऐतिहासिक स्मारक के महत्त्व का उल्लेख किया। साथ ही राजा नरपति सिंह रैकवार की भूमि और किले के उल्लेख पर खास जोर दिया, जो आस-पास के जिलों में विख्यात है। उन्होंने स्मारक के लिए केंद्रीय मंत्री और उस समय के मुख्यमंत्री रहे राजनाथ सिंह का भी विशेष रूप से आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्मारक आधुनिक भारत का तीर्थ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे हरदोई जनपद को आधुनिक भारत के रूप में ढालने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने दुनिया की एक महाशक्ति के रूप में अपनी छाप छोड़ी है। भारत पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अगले कुछ वर्षों में दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। भारत से बड़ी केवल दो ही अर्थव्यवस्था रहेगी। एक अमेरिका की और दूसरा चीन की। यह संदेश हर भारतवासी के लिए गौरव का पल है और देश के अंदर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, हाईवे, रेलवे, एयरपोर्ट, मेट्रो, बेहतर सुरक्षा एवं निवेश के अवसरों के निर्माण की दिशा में किए जा रहे ● शेष पेज 11 पर

- ❒ दंगों पर कांग्रेस, समाजवादी, टीएमसी मौन हैं, जिसे बांग्लादेश अच्छा लगता है उन्हें बांग्लादेश चले जाना चाहिए: मुख्यमंत्री
- ❒ सीएम योगी ने हरदोई में 650 करोड़ रुपए की 729 परियोजनाओं का किया लोकार्पण तथा शिलान्यास
- ❒ 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी राजा नरपति सिंह रैकवार के विजय दिवस पर सीएम ने अर्पित की पुष्पांजलि

### वक्फ संशोधन से सुरक्षित होगी गरीबों की जमीन

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देते हुए कहा कि हम आभारी हैं कि उन्होंने वक्फ संशोधन अधिनियम को पारित करके गरीबों की जमीनों पर पड़ने वाली डकैती पर लगाम लगाने का काम किया है। इस कानून के तहत वह जमीन वापस आने के बाद हॉस्पिटल, गरीबों के मकान, हाईराइज बिल्डिंग, विश्वविद्यालय और स्कूल बनेंगे। साथ ही निवेश के लिए लैंड बैंक तैयार होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अब किसी को जमीन पर कब्जा करके गुंडागर्दी करने की छूट नहीं मिलेगी। इससे पहले जो जमीन के नाम पर लूट थी, वह रुकने वाली है।

## सोनिया-राहुल गांधी के खिलाफ ईडी ने दायर की चार्जशीट

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में कांग्रेस की शीर्ष नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत कई अन्य नेताओं के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस चार्जशीट में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा और सुमन दुबे का नाम भी आरोपी के तौर पर दर्ज किया गया है।

चार्जशीट 9 अप्रैल को विशेष अदालत में दाखिल की गई थी, जिसे विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने संज्ञान के बिंदु पर परखा। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 अप्रैल 2025 की तारीख तय की है।

नेशनल हेराल्ड केस में ऐक्शन



जज ने अपने आदेश में कहा, ''प्रस्तुत अभियोजन शिकायत को संज्ञान के पहलू पर विचार के लिए 25 अप्रैल 2025 को आगे लिया जाएगा। उस दिन ईडी के विशेष वकील और जांच अधिकारी को केस डायरी भी अदालत में प्रस्तुत करनी होगी, ताकि अदालत उसे देख सके।

### हरियाणा भूमि सौदा मामले में ईडी ने रॉबर्ट वाद्रा के बयान दर्ज किए

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2008 के हरियाणा भूमि सौदे से जुड़े धन शोधन मामले में मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बहनोई और कारोबारी रॉबर्ट वाद्रा के बयान दर्ज किए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईडी की पूछताछ को ''राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से प्रेरित'' बताते हुए वाद्रा ने कहा कि पहले भी ईडी उनसे (धन शोधन के अन्य मामलों में) घंटों पूछताछ कर चुकी है, हजारों पन्ने साझा किए हैं, लेकिन फिर भी एजेंसी उनके खिलाफ मामले उठा रही है। मध्य दिल्ली के सुजान सिंह पार्क स्थित अपने ● शेष पेज 11 पर

### सरकार ने संभल में तैनात किए तीन और पीसीएस अफसर, नौ आईएएस के भी तबादले

लखनऊ। राज्य सरकार ने संभल की मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए तीन और पीसीएस अधिकारियों की तैनाती की है। इसके अलावा सोमवार की देर रात नौ आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए। पीसीएस अधिकारियों में सुधीर कुमार को एसडीएम अलीगढ़ से नगर मजिस्ट्रेट संभल, विकास चंद्र एसडीएम कुशीनगर से एसडीएम संभल और आशुतोष तिवारी एसडीएम बस्ती से एसडीएम संभल बनाए गए हैं। आईएएस अधिकारियों में समीर वर्मा सचिव समाज कल्याण से महानिरीक्षक निबंधक, भूपेंद्र एस चौधरी सचिव लोक निर्माण विभाग से आयुक्त खाद्य एवं रसद, डा. हीरालाल स्टेट नोडल ऑफिसर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से आयुक्त एवं निबंधक सहकारी समितियां बनाए गए ● शेष पेज 11 पर

## यूपी ने अटल पेंशन योजना में किया उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। अटल पेंशन योजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जो विशेष तौर पर असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को वृद्धावस्था में पेंशन सुविधा का लाभ प्रदान करने के लिए वर्ष 2015 में शुरू की गई थी।

मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में यूपी ने योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन किया है। यूपी ने लक्ष्य के सापेक्ष 104.22 प्रतिशत नामांकन किए हैं। वर्तमान में प्रदेश में एक करोड़ 18 लाख से अधिक लोग इस योजना का लाभ ले रहे हैं। इसके अलावा, वर्ष 2023-24 में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए यूपी को योजना की नोडल एजेंसी पीएफआरडीए से 'अवार्ड ऑफ अल्टीमेटम लीडर' मिला था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में यूपी ने अटल पेंशन ● शेष पेज 11 पर

- ❒ उत्तर प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अटल पेंशन योजना में लक्ष्य से 104.2 प्रतिशत अधिक हुए
- ❒ नामांकन - वर्ष 2024-25 में 14,70,880 के लक्ष्य के मुकाबले हुए 15,32,989 नामांकन
- ❒ वर्तमान में यूपी में योजना के अंतर्गत 1 करोड़ 18 लाख से अधिक लोग हैं नामांकित

### 2025 'इंडिया जस्टिस' रिपोर्ट

## देश में प्रति दस लाख जनसंख्या पर केवल 15 न्यायाधीश

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में प्रति दस लाख आबादी पर केवल 15 न्यायाधीश हैं, जो विधि आयोग की प्रति दस लाख की आबादी पर 50 न्यायाधीशों की सिफारिश से बहुत दूर है। मंगलवार को जारी 'इंडिया जस्टिस सिस्टम रिपोर्ट' 2025 में यह जानकारी सामने आई है।

'इंडिया जस्टिस रिपोर्ट' के मुताबिक, 1.4 अरब लोगों के लिए भारत में 21,285 न्यायाधीश हैं या प्रति दस लाख की आबादी पर लगभग 15 न्यायाधीश हैं। यह 1987 के विधि आयोग की प्रति दस लाख की आबादी पर 50 न्यायाधीशों की सिफारिश से काफी कम है। इस रिपोर्ट में देश में न्याय प्रदान करने के मामले में राज्यों की स्थिति की जानकारी दी गयी है। रिपोर्ट के मुताबिक, उच्च न्यायालयों में रिक्तियां कुल स्वीकृत पदों का 33 प्रतिशत थीं। रिपोर्ट में 2025 में 21 प्रतिशत रिक्तियों का दावा किया गया, जो मौजूदा न्यायाधीशों के लिए अधिक कार्यभार को दर्शाता है। रिपोर्ट में बताया गया, राष्ट्रीय स्तर पर जिला न्यायालयों में प्रति न्यायाधीश औसत कार्यभार 2,200 मामले है। इलाहाबाद और मध्यप्रदेश उच्च न्यायालयों में प्रति न्यायाधीश मुकदमों का बोझ 15,000 है। रिपोर्ट के मुताबिक, जिला न्यायपालिका में महिला न्यायाधीशों की कुल हिस्सेदारी 2017 में 30 प्रतिशत से बढ़कर 38.3 प्रतिशत हो गई है और 2025 में उच्च न्यायालयों में यह 11.4 प्रतिशत से बढ़कर 14 प्रतिशत हो गई है। रिपोर्ट में बताया गया, उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय (छह प्रतिशत) की तुलना में जिला न्यायालयों में महिला न्यायाधीशों की हिस्सेदारी अधिक है। वर्तमान में, 25 उच्च न्यायालयों में केवल एक महिला मुख्य ● शेष पेज 11 पर

## सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट को फिर दी हिदायत

### कहा- सतर्क रहकर देना चाहिए फैसला; हाईकोर्ट ने कहा था- लड़की खुद रेप की जिम्मेदार

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक विवादास्पद आदेश पर नाराजगी जताई। इस आदेश में रेप पीड़िता के बारे में कहा गया कि उसने ''खुद ही मुसीबत को न्योता दिया।'' शीर्ष अदालत ने यह सवाल उठाया कि बेल अर्जी पर सुनवाई करते समय ऐसे आपत्तिजनक टिप्पणियां क्यों की गईं। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस टिप्पणी को बेहद असंवेदनशील करार दिया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि न्यायपालिका को इस तरह की भाषा से बचना चाहिए।

मामला उत्तर प्रदेश के एक रेप केस से जुड़ा है, जहां हाईकोर्ट ने आरोपी को जमानत देते हुए कहा था कि पीड़िता इतनी समझदार थी कि वह अपने कृत्य के नैतिक पक्ष और उसके महत्व को समझ सकती थी। पीड़िता एमए की छात्रा है। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि वह शराब के नशे में आरोपी के घर गई और ''खुद ही मुसीबत मोल ली।'' कोर्ट ने आगे कहा, ''अगर पीड़िता की एफआईआर में कही गई बातों को सच मान भी लिया जाए, तब भी यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि उसने खुद ही मुसीबत को बुलाया और वह स्वयं भी इसके लिए जिम्मेदार थी।'' यह आदेश हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने पिछले महीने पारित किया था। इस टिप्पणी के बाद देशभर में कानूनी और सामाजिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली।



आदेश पर टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा, ''अगर बेल देनी है, तो दीजिए, लेकिन यह कहना कि 'उसने खुद मुसीबत को बुलाया' - इस तरह की टिप्पणियों से बचना चाहिए। न्यायाधीशों को इस तरह की बातें कहते समय बेहद सतर्क रहना चाहिए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी पीठ से सहमति जताते हुए कहा कि ''आम आदमी इन टिप्पणियों को किस नजरिए से देखता है, इसे ध्यान में रखना जरूरी है।'' शीर्ष अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद तय की है।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट की पीठ इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक और विवादास्पद आदेश का स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई कर रही थी। पुराने आदेश में कहा गया था कि ''एक लड़की के स्तनों को पकड़ना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ना और उसे पुलिया के नीचे खींचने का प्रयास करना बलात्कार या बलात्कार के प्रयास का अपराध नहीं है।'' इसी मामले की आज मंगलवार को जब दोबारा सुनवाई शुरू हुई तो जस्टिस बीआर गवई ने कहा, ''अब एक और जज ने दूसरा आदेश दिया है। ऐसी टिप्पणी करनी की क्या जरूरत थी?

### बाल तस्करी मामले में ढीले रवैये पर की उप्र सरकार की खिंचाई

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बाल तस्करी मामलों से निपटने में उत्तर प्रदेश सरकार के ढीले रवैये की आलोचना करते हुए देशभर में ऐसे अपराधों की रोकथाम और त्वरित सुनवाई के लिए मंगलवार को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने सभी उच्च न्यायालय को निर्देश दिया कि वे संबंधित निचली अदालतों में लंबित बाल तस्करी के मामलों की स्थिति के बारे में जानकारी लें। साथ ही, यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी करें कि संबंधित निचली अदालत छह महीने के भीतर मामले का निपटारा करे। शीर्ष अदालत ने यह भी आदेश दिया कि न्याय में देरी को रोकने के लिए ऐसे मामलों की दिन-प्रतिदिन सुनवाई की जाए। शीर्ष अदालत ने यह कड़ी टिप्पणी तस्करी से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान, जिसमें कथित तौर पर उत्तर प्रदेश में एक दंपती को चार लाख रुपये में बच्चा बेचा गया था। दंपती कथित तौर पर एक लड़के की चाहत रखते थे और उन्होंने जानबूझकर चुराए गए बच्चे को स्वीकार कर लिया। शीर्ष अदालत ने आरोपी को दी गई अग्रिम जमानत को रद्द करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय और उत्तर प्रदेश पुलिस की उनके ढीले रवैये के लिए आलोचना की। पीठ की ओर से न्यायमूर्ति पारदीवाला ने टिप्पणी की, यह अग्रिम जमानत रद्द करने का मामला है, लेकिन हमने बाल तस्करी के बड़े मुद्दे पर गहनता से विचार किया। उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) द्वारा भारतीय विकास संस्थान को सौंपे गए 2023 के अध्ययन का हवाला देते हुए कहा, कई सिफारिशों के साथ एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी, जिसे हमने अपने फैसले में शामिल किया है। न्यायमूर्ति पारदीवाला आगे कहा, हम फैसला सुनाने ही वाले थे कि एक समाचार पत्र (द टाइम्स ऑफ इंडिया) ने 'जन्म के समय चुराया गया और लाखों में बेचा गया' शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रकाशित की। हमने अपने फैसले में पूरा लेख फिर से प्रस्तुत किया है। पीठ ने विशेष रूप से उच्च न्यायालय द्वारा जमानत के आवेदनों से ● शेष पेज 11 पर

# यूपी में बिक रही नकली सेफिक्सिम, लैक्टिक एसिड बैसिलस टैबलेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वॉरनाक केयर नामक कम्पनी द्वारा सेफिक्सिम, लैक्टिक एसिड बैसिलस टैबलेट नामक नकली दवा बेची जा रही है। मैनपुरी जनपद में औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने वॉरनाक केयर कम्पनी की इस नकली दवा को जब्त किया और सारे सैम्पल की जांच करायी। सैम्पल जांच में मालूम हुआ कि जब्त किया गया दवा का पूरा नमूना नकली है। बाजार में इस दवा से गुर्दे के संक्रमण, निमोनिया, साइनसाइटिस जैसी बीमारियों का उपचार होता है। वहीं वॉरनाक केयर कम्पनी नकली दवाओं को बेचकर मुनाफा कमा रही है। उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के आयुक्त राजेश कुमार (द्वितीय) ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि एक सप्ताह पहले मैनपुरी में विभागीय अधिकारियों ने एक स्थान पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में दवाओं को बरामद किया। मौके से मिली दवाओं का असर न होने की शिकायतें मिल रही थीं। सेफिक्सिम, लैक्टिक एसिड बैसिलस टैबलेट के रैपरों से निकाली गयी दवाओं की सेम्पलिंग हुई। अभी प्राप्त हुई जांच रिपोर्ट में सामने आया है कि दवा पूरी तरह से नकली है। नकली दवाओं को रैपर में भरकर वॉरनाक केयर कम्पनी बाजार में बेच रही है। आयुक्त राजेश कुमार ने बताया कि दवाओं को लेकर विभागीय जांच में पूरी सतर्कता बरती जा रही है। यही कारण है कि बाजार में मिलने वाली आवश्यक दवाओं की नकली दवा को पकड़ने में विभाग को सफलता मिल रही है। दवा कम्पनी वॉरनाक केयर की फैक्टरी का पता उत्तराखंड राज्य है। जहां पर दवा कम्पनी का कोई बोर्ड, बनता हुआ मैटेरियल अथवा किसी प्रकार का कोई कार्यालय नहीं मिला है। नकली दवा पकड़ने के बाद से विभागीय अधिकारी फैक्टरी पर छापेमारी के प्रयास में है। निर्माण स्थल के हाल-पता की जानकारी करायी जा रही है।

# जिलों में सीएसए को प्रशिक्षित करा रही योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और शासन की योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू कराने के लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रदेश में सोशल ऑडिट प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। फिलहाल, इस कार्यक्रम में प्रदेश के 14 जनपदों (अम्बेडकरनगर, अमेठी, बहराइच, बलरामपुर, बाराबंकी, बरेली, अयोध्या, गोंडा, खीरी, रायबरेली, शाहजहांपुर, श्रावस्ती, सीतापुर और सुल्तानपुर) के चयनित कलस्टर सोशल ऑडिटर्स (सीएसए) को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण 23 अप्रैल 2025 तक जनपदों के जिला मुख्यालयों पर आयोजित हो रहा है। बता दें कि शासन के निर्देश पर इसका क्रियान्वयन इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ द्वारा किया जा रहा है। बता दें कि



14 जिलों में संचालित हो रहे इस सोशल ऑडिट कार्यक्रम का संचालन इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के नामित नोडल अधिकारी प्रो. एच. एम. आरिफ, डॉ. आरीना तथा समन्वयक डॉ. वान्या की देखरेख में सुचारु रूप से किया जा रहा है। प्रत्येक सत्र में 20 से 60 तक प्रतिभागियों को प्रशिक्षण मिल रहा है, जो 10 से 18 ब्लॉकों को कवर कर रहे हैं। अब तक 270 से अधिक सीएसए को प्रशिक्षण मिल चुका है। महानिदेशक स्कूल, कंचन वर्मा का कहना है कि प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालयों में ड्रेस, पाठ्य-पुस्तक वितरण, एमडीएम, पोषण आहार, बुनियादी ढांचे की सुविधा, समावेशी शिक्षा जैसी क्रियानवित योजनाओं पर नजर रखना प्रमुख उद्देश्य है। इन योजनाओं के ज़मीनी स्तर पर सही क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने में सीएसए की भूमिका निर्णायक होगी।

# बुक अ ट्रीट ने मनाई अपनी दूसरी वर्षगांठ साहित्यिक संवाद के साथ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** बुक अ ट्रीट, एक अनोखा और जीवंत बुक क्लब, जिसकी स्थापना शिल्पा गुप्ता ने की है, ने अपनी दूसरी वर्षगांठ हिल्टन गार्डन इन में धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर आयोजित विचारशील चर्चा का विषय था – ''चेंज के चैप्टर्स- कहानियाँ जो आपको परिभाषित करती हैं। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित वक्ताओं ने शिरकत की, जिनमें शामिल थे। डॉ. ऋषि सेठी (केजीएमयू), डॉ. मीनाक्षी पाहवा (सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर, लखनऊ विश्वविद्यालय), और सुश्री ज्योत्सना हबीबुल्लाह (संस्थापक, लखनऊ फार्मर्स मार्केट)। चर्चा का संचालन सुश्री बीना कृष्णा ने किया, जबकि मंच संचालन सुश्री मितुशी नेगी और सुश्री रचिता व्यास ने बड़ी सहजता से निभाया। सदस्य वक्ता गरिमा त्रिपाठी और सुरभि श्रीवास्तव ने क्लब की यात्रा और अपनी पसंदीदा पुस्तकों की झलक साझा की। बुक अ ट्रीट की संस्थापक शिल्पा गुप्ता ने इस अवसर पर सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ''यह क्लब केवल पुस्तकों का नहीं, बल्कि विचारों, अनुभवों और आत्मिक जुड़ाव का मंच है। हर महीने आयोजित होने वाली बैठकों और साहित्यिक चर्चाओं के माध्यम से बुक अ ट्रीट एक ऐसा मंच बन चुका है जहाँ पाठकों को कहानियों, विचारों और किताबों के माध्यम से आत्मिक जुड़ाव और प्रेरणा मिलती है।

# अमीनाबाद के मोहन मार्केट में लगी आग




कैनविज टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** अमीनाबाद स्थित मोहन मार्केट में सोमवार रात करीब तीन बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की लपटें और धुआं निकलता देख चौकीदार ने पुलिस और दमकल को सूचना दी। इसी बीच आसपास के लोग और दुकानदार आग बुझाने में जुट गए। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों के साथ मिलकर सबमर्सिबल पंप स्टार्ट कर काबू पाने का प्रयास किया। दमकल की चार गाड़ियों से करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। हजरतगंज फायर स्टेशन के मुताबिक आग की सूचना पर दमकल कर्मी दो गाड़ियां लेकर मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी गई थी। आग को देखते हुए चौक और आलमबाग फायर स्टेशन से दो और गाड़ियां बुलाई गईं। आग से एक दुकान को नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी पर व्यापारी नेता और दुकानदार भी आ गए। जिन्होंने दुकानों के ताले खोलकर सामान निकालने की कोशिश की। दुकान मालिक संजय दिल्ली के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि आग से करीब 25 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

### मुख्य सचिव ने समुदाय ग्रामीण विकास कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि किया प्रतिभाग

# प्रदेश में स्वच्छता के क्षेत्र में आया बड़ा बदलाव: मुख्य सचिव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एचसीएल फाउंडेशन द्वारा संचालित समुदाय कार्यक्रम के 10 वर्ष पूरे होने पर आयोजित समुदाय ग्रामीण विकास कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने समुदाय टीम को एक दशक की यात्रा पूरी करने पर शुभकामनाएँ दी और कहा कि समुदाय टीम ने केंद्र और राज्य सरकार के साथ साझेदारी में ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक और सामाजिक विकास में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि एचसीएलटेक बहुत चुनिंदा कंपनियों में से एक है, जिसको उत्तर प्रदेश सरकार अपना सहयोगी मानती है। फाउंडेशन ने ग्रामीण लोगों के सपनों को साकार किया। नए-नए इनोवेशन को फाउंडेशन आगे भी जारी रखें। इन कार्यों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ करें, जिससे इनका लाभ अन्तिम पायदान के व्यक्तियों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में स्वच्छता के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है।




हर गांव में हर घर में शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित है। इस बार महाकुंभ में देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोग आये। महाकुंभ में स्वच्छता बनाये रखने के लिये लगभग डेढ़ लाख शौचालय बनाये गये। उन्होंने कहा कि हर घर जल योजना के माध्यम से हर घर को पेयजल नल कनेक्शन से जोड़ा जा रहा है। तीन करोड़ घरों को पेयजल कनेक्शन देने का लक्ष्य है, जिसमें से ढाई करोड़ से ज्यादा घरों को कनेक्शन दिया जा चुका है। पहले पानी के लिये कुए की सफाई होती थी, फिर ग्रामीण क्षेत्रों में हैण्डपम्प का आविष्कार हुआ और अब हर घर में नल से जल दे रहे है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर है। गांव में रहने वाले परिवार को जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, उन परिवारों की बेहतर स्थिति में सुधार के लिये हमें हर सम्भव प्रयास करना होगा। अभी हाल ही में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जीरो पावर्टी अभियान की शुरुआत की गयी है। इस अभियान के अंतर्गत पात्र गरीब परिवारों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने और समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इससे पूर्व, मुख्य सचिव ने कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया और अच्छा कार्य करने वाले समुदाय कार्यक्रम के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर आयुक्त एवं सचिव ग्राम्य विकास श्री गौरी शंकर प्रियदर्शी सहित अन्य अधिकारीगण एवं एचसीएल फंाउडेशन के पदाधिकारीगण आदि उपस्थित थें।

## पीएम की जनसभा स्थल का अधिकारियों व भाजपा जनप्रतिनिधियों ने लिया जायजा

**कानपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी का 24 अप्रैल को कानपुर में दौरा प्रस्तावित है। पीएम मोदी चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय (सीएसए) में विशाल जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। इसको लेकर मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भाजपा के तमाम जनप्रतिनिधियों ने जायजा लिया। पीएम नरेंद्र मोदी जनसभा के दौरान शहर और प्रदेश के करीब 250 विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। जिसे लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी बैठक भी कर चुके हैं। पीएम मोदी का हेलीकॉप्टर सीएसए मैदान में बने हैलीपैड पर उतरेगा। जिसे लेकर ग्राउंड को तैयार किया जा रहा है। कैंपस में ही पार्किंग की व्यवस्था भी बनाई जा रही है। इस दौरान पीएम नवनिर्मित नेयवेली पावर प्लांट घाटमपुर और पनकी का लोकार्पण करेंगे। साथ ही कानपुर मेट्रो के पांच भूमिगत स्टेशनों पर दौड़ने वाली मेट्रो को हरी झंडी भी दिखाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को पीएम आगमन से पहले व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शहर पहुंच सकते हैं। तैयारियों को लेकर वर्तमान की स्थितियों का जायजा ले सकते हैं। उसके साथ ही संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी कर सकते हैं। मंगलवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरिश चन्दर, मण्डलायुक्त के बिजेंद्र पांडियन, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, नगर आयुक्त सुधीर कुमार समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। वहीं भाजपा की ओर से सांसद देवेंद्र सिंह भोले, सांसद रमेश अवस्थी, कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, विधायक नीलिमा कटियार, जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## भारतीय वायु सेना के पहले एवं एकमात्र 'फाइव स्टार' रैंक के अधिकारी थे अर्जन सिंह

**प्रयागराज।** मार्शल ऑफ द इंडियन एयर फोर्स अर्जन सिंह भारतीय वायु सेना के पहले एवं एकमात्र 'फाइव स्टार' रैंक के अधिकारी थे। यह बात मंगलवार को मार्शल ऑफ द इंडियन एयर फोर्स अर्जन सिंह डीएफसी की 106वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित पांच किलोमीटर की दौड़ का शुभारंभ करने के बाद एवीएसएम वीएम वीएसएम, वायु अफसर कमांडिंग-इन-चीफ, मध्य वायु कमान एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कही। उन्होंने कहा कि मार्शल ऑफ द इंडियन एयर फोर्स अर्जन सिंह को बर्मा अभियान के दौरान नं. 1 स्क्वाड्रन के कमांडिंग अफसर के रूप में निभायी गयी उनकी उत्कृष्ट भूमिका के लिए डीएफसी की उपाधि प्रदान की गयी। तदोपरांत, वायु सेनाध्यक्ष के रुप में उन्होंने 1965 के युद्ध में भारतीय वायु सेना का नेतृत्व किया। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए, जनवरी 2002 में भारत सरकार द्वारा अर्जन सिंह को मार्शल ऑफ द इंडियन एयर फोर्स की उपाधि से विभूषित किया गया। वे भारतीय वायु सेना के पहले एवं एकमात्र 'फाइव स्टार' रैंक के अधिकारी थे। यह जानकारी देते हुए प्रयागराज डिफेंस जीपी कैप्टन समीर गंगाखेडकर ने बताया कि मार्शल ऑफ द इंडियन एयर फोर्स अर्जन सिंह डिस्टिंग्विस्ड फ्लाइंग क्रॉस की 106वीं जयंती के उपलक्ष्य में मुख्यालय मध्य वायु कमान, बमरौली, प्रयागराज में 15 अप्रैल 25 को 5 किमी दौड़ का आयोजन किया ।

## रेलवे कर्मचारियों ने मनाई बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती

**कानपुर।** भारतीय संविधान के रचयिता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती देश भर में धूमधाम से मनायी जा रही है। इसी क्रम में भारतीय रेल के उत्तर मध्य रेलवे में एक नम्बर प्लेटफॉर्म पर आने वाली यूनियन नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ के द्वारा विद्युत लोको शेड कानपुर की कैंटीन में एक विशाल भीम भोज के साथ-साथ जयंती के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नन्दा के द्वारा छाया चित्र पर माला एवं पुष्प चढ़ाकर एवं केक काटकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं द्वारा बाबा साहेब के विचारों एवं उनके सिद्धांतों के बारे में बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने अपने जीवन काल में समाज की क्रूर नीतियों के बीच दबे कुचले लोगों को बाहर निकालने के साथ-साथ उन्हें समान अधिकार दिलाया है। साथ ही उन्होंने झोपड़पट्टीयों में रहने वाले बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का भी काम किया है। यह उन्हीं की देन है कि आज समाज में अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को भी इसका लाभ मिल रहा है। बाबा साहब एक ऐसी शख्सियत हैं जिनका स्थान कोई भी नहीं ले सकता है। हमारे लिए यह बड़े गर्व की बात है कि हम सब आज एकत्रित होकर उनका जन्म दिवस मना रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रयागराज मण्डल के मण्डल अध्यक्ष मान सिंह के द्वारा किया गया। जिसमें प्रयागराज मण्डल के संयुक्त मण्डल मंत्री गोविंद रंजन संचालन कर्ता सुशील कुमार (मंडल संगठन सचिव) तथा मुख्य रूप से एनसीआरईएस के शाखा मंत्री अजीत सिंह, दिनेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## बिहार चुनाव को लेकर सुभासपा के पदाधिकारियों ने किया मंथन

**लखनऊ।** बिहार राज्य में विधानसभा चुनाव में उतरने का मन बना चुकी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के पदाधिकारियों ने दो दिवसीय मंथन बैठक किया। सुभासपा के अध्यक्ष एवं उप्र सरकार में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने बिहार चुनाव के लिए इच्छुक प्रत्याशियों को अपने बॉयोडाटा के साथ मिलने के लिए आमंत्रित किया है। सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने पदाधिकारियों के साथ मंथन में कहा है कि बिहार में उनकी पार्टी पूरी दमखम के साथ उतरेगी। सर्वसमाज को जोड़ते हुए बिहार के आगामी विधानसभा चुनाव में सुभासपा अपने चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ना चाहती है। इसके लिए एनडीए में जगह मिलगी तो भी, नहीं मिलती है तब भी चुनाव मैदान में सुभासपा के उम्मीदवार उतरेगें। सुभासपा के महासचिव अरविन्द राजभर ने पत्रकारों से बातचीत में बिहार चुनाव के संबंध में कहा कि बिहार राज्य में राजभर समाज का बड़ी संख्या रहती है। बिहार में दूसरे वर्ग से गठबंधन के बाद विधानसभा में सुभासपा जीतने की स्थिति में भी आयेगी। इसमें उन्नीस सीटों पर सुभासपा जीत हासिल कर सकती है। बिहार में अभी तक पचास सीटों पर अपने उम्मीदवारों को उतारने की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने तैयारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार में इसी वर्ष 2025 में अक्टूबर माह के बाद विधानसभा चुनाव होने की सम्भावना है। इसके लिए उत्तर प्रदेश के तीन से चार राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। इसमें सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी भी एक है। जिसमें बिहार चुनाव के लिए महासचिव अरविन्द राजभर को मुख्य जिम्मा सौंपा गया है।

## सेंट डोमिनिक स्कूल के बाहर हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

**लखनऊ।** इंदिरानगर मे सेंट डोमिनिक स्कूल के बाहर अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी और उनके कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी का आरोप है कि स्कूल प्रबंध की ओर से हिंदू बच्चों को कलावा पहनने और टीका लगाने पर पाबंदी लगाई गई है। इतना ही नहीं जनेऊ पहनने पर भी रोक लगाई गई है। आरोप है कि स्कूल प्रबंधन बच्चों को साजिशन फ़ेल भी कर दिया गया है। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल के प्रिंसिपल एरिक जैक्सन जब से आए हैं तब से ऐसी गतिविधियां बढ़ी हैं। आरोप है कि बच्चों को फ़ेल कर दिया गया, उनको दोबारा मौका नहीं दिया गया। तिलक, कलावा के लिए भी प्रतिबंध लगाया गया है। वहीं, अखिल भारतीय हिंदू महासभा के आरोपों पर सेंट डोमिनिक के प्रिंसिपल डेरिक जैक्सन की तरफ से प्रेस रिलीज जारी की गई है। इसमें स्कूल प्रशासन का कहना है कि लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह

# ई केवाईसी नहीं तो पुष्टाहार नहीं सीडीपीओ कोरांव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। भारत सरकार के महिला बाल विकास विभाग में 1 अप्रैल 2025 से चेहरा प्रमाणीकरण व ई केवाईसी की व्यवस्था लागू कर दी गई है। सरकार द्वारा पुष्टाहार को लेकर लगातार जा रही शिकायतों व अनियमिताओं के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है। बाल विकास परियोजना अधिकारी कोरांव योगेंद्र दुबे ने बताया कि जब लाभार्थियों अभिभावकों को भारत सरकार के पोषण ट्रैकर पोर्टल पर प्रत्येक लाभार्थी को ई केवाईसी करानी होगी। उसके पश्चात प्रत्येक लाभार्थी को पुष्टाहार प्राप्त कराते हुए लाइव फोटो अपलोड की जाएगी। ई केवाईसी न कराने पर लाभार्थी को पुष्टाहार का लाभ प्राप्त नहीं होगा। इससे व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और पुष्टाहार को लेकर आने वाली शिकायतें भी कम हो जाएंगी। अतः सभी लाभार्थियों से अनुरोध किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से संपर्क कर अपनी ई केवाईसी पूर्ण करा लें अन्यथा पुष्टाहार के लाभ से वंचित रहेंगे।

# 'रजस्वला प्रोजेक्ट' के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। संजीवनी संस्था द्वारा संचालित 'रजस्वला प्रोजेक्ट' के अंतर्गत तरांव गांव में स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, स्वास्थ्य परामर्श तथा आवश्यक संसाधनों से सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डां सोनी कुशवाहा प्रबंधक सुकृत अस्पताल कोरांव की उपस्थिति रही। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों में अरुण मिश्रा समाजसेवक जन प्रतिनिधि, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव की मुख्य चिकित्सक डॉ दीप्ति सोनकर, डॉ. अर्चना श्रीवास्तव प्रशिक्षक-राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, डॉ स्वामीनाथन चौहान चिकित्सा अधिकारी मुख्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव मौजूद रहे।शिविर में लगभग 330 महिलाओं एवं किशोरियों ने सक्रिय भागीदारी की। सभी प्रतिभागियों को महामारी से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के



लिए निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, जांच तथा औषधियों का वितरण किया गया। इसके साथ ही आयरन, मल्टीविटामिन टैबलेट्स, एवं अन्य पोषण सामग्री युक्त पोषण किट्स भी प्रदान की गईं। सैनिटरी पैड का निःशुल्क वितरण इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषताओं में से एक रहा। इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मासिक धर्म स्वच्छता, मिथक एवं सामाजिक भ्रांतियों को दूर करने हेतु जागरूकता फैलाई गई। किशोरियों के लिए मेनार्के (पहली माहवारी) से संबंधित जानकारी और मार्गदर्शन सत्र का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सोनी कुशवाहा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए सैनिटरी पैड के उपयोग, रखरखाव और उचित निष्पादन (डिस्पोज़ल) से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपनी स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरतों को प्राथमिकता देने का संदेश भी दिया।

'रजस्वला प्रोजेक्ट' को संजीवनी ट्रस्ट द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसमें भारत सरकार के उपक्रम कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एगएग्ट) द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया है। इस परियोजना के माध्यम से कोरांव ब्लॉक के पांच गांवों की 1500 आर्थिक रूप से कमजोर और अनुसूचित जाति की महिलाओं एवं किशोरियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण के क्षेत्र में जागरूक एवं सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। तरांव गांव में आयोजित यह शिविर इस प्रोजेक्ट की श्रृंखला का अंतिम शिविर था जो पूर्ण रूप से जन-भागीदारी से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में रजस्वला के प्रोजेक्ट इंचार्ज सौरभ शुक्ल, संजीवनी प्रयागराज के प्रदेश स्वास्थ्य प्रभारी सुरेश तिवारी, सहायक प्रोजेक्ट इंचार्ज अजय भारद्वाज, संजीवनी की प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट से प्रीति कुमारी, नीरज, वंदना आदि उपस्थित रहे।

# सैन्य अफसरों को भी साइबर और फोरेंसिक साइंस की ट्रेनिंग देगा यूपीएसआईएफएस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ यूपीएसआईएफएस पहली बार सेना के अधिकारियों को देगा ट्रेनिंग डिप्लोमा कोर्स होगा सेना के लिए

लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फोरेंसिंग साइंस (यूपीएसआईएफएस) अब सेना के अफसरों को भी साइबर व फोरेंसिक साइंस की ट्रेनिंग देगा। इसके लिए तीन महीने का प्रोफ़ेशनल डिप्लोमा इन साइबर टेक एंड लीगल गवर्नेंस नाम से कोर्स शुरू किया गया है। इस कोर्स की मंगलवार को शुरुआत की गई। इसका उद्घाटन सतर्कता व पुलिस भर्ती बोर्ड के डीजी राजीव कृष्णा ने यूपीएसआईएफएस के डायरेक्टर डॉ. जीके गोस्वामी व मेजर जनरल अनिरुद्ध साखरे की मौजूदगी में किया।

साइबर अपराध से बचने के लिए जागरुकता जरूरी : डीजी राजीव कृष्णा ने अपने सम्बोधन में कहा कि साइबर सुरक्षा और साइबर युद्ध एक दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। देश के रक्षा तंत्र में साइबर सुरक्षा के लिए कई क्षेत्रीय कमाण्ड बनाए गए हैं। कोरोना काल और उसके बाद से अब तक साइबर स्पेस में भागीदारी बढ़ी है। साइबर अपराध अब आम नागरिकों को ही प्रभावित नहीं कर रहा है बल्कि रक्षा स्तर पर साइबर युद्ध के रूप में चुनौती के तौर पर उभरा है। इसका सामना करने के लिए हम लोगों को खुद ही जागरुक और सतर्क रहना होगा। डीजी ने कहा कि सिपाही भर्ती परीक्षा सफलता पूर्वक सम्पन्न करा ली गई लेकिन इसमें भी साइबर अटैक का सामना करना पड़ा था। हालांकि इस समस्या को तुरन्त ही सुलझा लिया गया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ड्रोन फोरेंसिक का महत्व बढ़



गया है।

### वर्तमान युग एआई का है...

यूपीएसआईएफएस के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वमी ने संस्थान में चल रहे विभिन्न कोर्सों के बारे में जानकारी दी। कहा कि यह युग आर्टिफीशियल इन्टेलिजेन्स (एआई) का है। संस्थान का फोकस विशेष रूप से 'लॉ विथ लैब पर है। उन्होंने कहा कि संस्थान पहली बार साइबर विषयों पर सैन्य अफसरों को ट्रेनिंग देना जा रहा है। मेजर जनरल अनिरुद्ध साखरे ने कहा कि साइबर स्पेस, युद्ध का पांचवां आयाम बन चुका है। इस साइबर कोर्स में 40 रक्षा कर्मी शिरकत करने जा रहे हैं। इस मौके पर आईआईआईटी के निदेशक प्रो. अरुण मोहन सेरी, आईएएस नेहा जैन, राममनोहर लोहिया लॉ यूनिवर्सिटी के प्रो. संजय सिंह, संस्थान के अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा के अलावा डीन एसपी राय, अरुणखत्री, एआर सीएम सिंह, श्रुतिदास गुप्ता, पीआरओ संतोष तिवारी, आरआई बृजेश सिंह, विवेक कुमार, डॉ. सपना शर्मा, डॉ. पोरवी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

# फाइलेरिया संचरण प्रक्रिया पर आयोजित हुआ प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश के 13 जनपदों में अगले महीने में फाइलेरिया का संचरण जानने के लिए ट्रांसमिशन असेस्मेंट सर्वे होगा। इसी को लेकर जनपद के होटल में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान और संस्था सी-कैंप के सहयोग से प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक, संचारी रोग डॉ. मधु गैरोला ने कहा कि सरकार ने साल 2027 फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा है इसको लेकर हम सभी को एकजुट होकर प्रयास करना है जिससे कि तयशुदा समय पर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। अपर निदेशक मलेरिया डॉ. एके चौधरी ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया कि टॉस गतिविधि से फाइलेरिया रोग का संचरण देखा जाता है। प्रदेश के 13 जनपदों में पहली बार टास होगा। इनमें प्री टास हो चुका है। पहली बार टास में जांच देश में बनी एंटीजन किट क्यू-फैट किट से की जाएगी, जबकि अब तक यह जांच एफटीएस किट से की जाती थी जो कि बाहर से मंगानी पड़ती थी और इनकी लागत भी अधिक थी। इसमें गेट्स फाउंडेशन सहयोग कर रहा है। डॉ. चौधरी ने बताया कि समुदाय में छह से सात साल के बच्चों में और स्कूलों में कक्षा एक और दो के बच्चों में टास किया जाएगा, बच्चों में टास किए जाने का उद्देश्य है कि इससे यह पता चलता है कि फाइलेरिया का नया संक्रमण हो रहा है या नहीं। डॉ. चौधरी ने बताया कि टास 13 जनपदों के 71 मूल्यांकन इकाइयों में चलेगा और एक मूल्यांकन इकाई पांच लाख की आबादी को आच्छादित करेगी। छह सदस्यीय टीमें टास में काम करेंगीं। एक टीम में तीन स्वास्थ्य कार्यकर्ता, दो शिक्षक और एक चिकित्सा अधिकारी होंगे।

इन 13 जनपदों में होगा टासः अम्बेडकर नगर, अयोध्या, बलिया, भदोही, चित्रकूट, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, मऊ, महोबा, पीलीभीत, शाहजहांपुर एवं सोनभद्र।

# शराबी बाइकर्स ने ली अब्दुल रहमान की जान काकोरी पुलिस मूकदर्शक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ काकोरी। कोतवाली क्षेत्र में नशे में धुत वाहन चालकों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आमजन की जान के लिए खतरा बनते ऐसे अराजकतत्वों पर न तो प्रशासन की सख्ती दिख रही है और न ही पुलिस की। हाल ही में काकोरी क्षेत्र के दोना गांव निवासी अब्दुल रहमान की जान शराब के नशे में बाइक चला रहे युवकों ने ले ली।

घटना 12 अप्रैल की है जब किसान पथ की सर्विस लाइन पर अब्दुल रहमान सड़क किनारे खड़े थे। तभी नशे की हालत में तेज रफ्तार और उल्टी दिशा से आ रहे बाइक सवारों ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रहमान गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें आनन-फानन में ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पिता ने काकोरी थाने में इस मामले को लेकर लिखित प्रार्थना पत्र भी दिया, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज



नहीं की गई है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही के कारण आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही। पुलिस की इस टालमटोल और ढीली रवैए के चलते नशे में वाहन चलाने वाले बेखौफ हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कड़ी कार्रवाई होती तो शायद अब्दुल रहमान की जान बचाई जा सकती थी। अब सवाल यह उठता है कि आखिर काकोरी पुलिस किसी बड़ी अनहोनी के इंतजार में है या फिर उन्हें आम नागरिकों की जान की कोई परवाह नहीं?

# जयंती पर आयोजित किए विभिन्न कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ। बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के इटौंजा,महोना,सैरपुर, बख्शी का तालाब सहित अन्य स्थानों पर भारत रत्न संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती सोमवार को धूमधाम से मनाई गई,इस मौके पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने बाबा साहब के योगदान और विचारों को याद करते हुए उन्हें याद किया।भीमराव सर्वहित वेलफ़ेयर सोसाइटी इटौंजा द्वारा इटौंजा स्थित भीमराव अंबेडकर खेल मैदान पर बाबा साहब बीआर अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई।जिसमें सोसाइटी के सदस्यों द्वारा सबसे पहले बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया,उसके बाद विशाल शोभा यात्रा कस्बे में निकालकर सामाजिक समानता का संदेश दिया,जिसमें सैकड़ों की संख्या में पुरुष,महिलाएं, बच्चें शामिल रहें तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित हुए।इस मौक़े पर सोसाइटी के पदाधिकारी अधिवक्ता जीतेंद्र कुमार राव ने कहा कि आयोजन के माध्यम से बाबा साहब के



सामाजिक न्याय,समानता और शिक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया,बाबा साहब सिर्फ संविधान निर्माता ही नही करोड़ों वंचितों,शोषितो और पिछड़ों के अधिकारों के आवाज़ थे,उनके आदर्शों को जीवन में उतारने की आवश्यकता है,समाज को सिर्फ़ उत्सव तक ही सीमित नहीं रहना है।इस अवसर पर बालक राम(गुरु जी),सुरेश राव,नितिन रावत,राकेश कठेरिया सहित अन्य पदाधिकारी/सदस्य शामिल रहें।वही बीकेटी के चंद्राकोडर में ग्रामवासियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके मानवधिकारों और सामाजिक समानता के योगदान को याद किया।इस मौके पर मुकेश जाटव ने कहा कि आज का दिन हमें उनके सामाजिक समरसता,शिक्षा और समानता के सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा देता है,बाबा साहब न केवल एक महान विधिवेता थे बल्कि भारत के सबसे प्रखर चिंतक और सुधारक भी थे उन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संघर्ष में लगा दिया।इस मौक़े पर रामकुमार (सरदार),महेंद्र प्रताप,बीरू गौतम,वंशी लाल,राम चंद्र,राजेश गौतम (मंत्री),मधु गौतम,अश्विनी गौतम,चुनमुन गौतम,निशा,शिखा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विद्यालयों में छात्रों के नामांकन बढ़ाए, डोर टू डोर करें सर्वे

❑ करोरा के बेसिक विद्यालय में शिक्षक संकुल बैठक आयोजित बताए गए टिप्स

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। महानिदेशक के दिए गए एजेंडा के अनुसार सोमवार को शिक्षक संकुल की बैठक मोहनलाल गंज क्षेत्र के बेसिक विद्यालय करोरा में आयोजित की गई । जिसमें संकुल के प्रधानाध्यापक ,सहायक अध्यापक,अनुदेशक, शिक्षा मित्र मौजूद थे। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार के साथ ए आर पी अदिति पांडेय पहुंची ।

बैठक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार ने बताया आप लोग ज्यादा से ज्यादा विद्यालयों में नामांकन बढ़ाएं, डोर टू डोर सर्वे करें अभिभावकों से लगातार संपर्क बनाए रखिए किसी भी विद्यालय के सेवित क्षेत्र में कोई भी बच्चा आउट ऑफ स्कूल नहीं होना चाहिए सभी बच्चों का नामांकन आपके विद्यालयों में होना चाहिए । जिससे



कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह सके । जिन बच्चों के आधार नहीं बने हैं उनका भी नामांकन करिए तथा उनका आधार बीआरसी केंद्र से बनवा दीजिए । सभी बच्चों को डीबीटी का लाभ जल्द से जल्द मिल सके इसलिए पोर्टल पर भी कार्य करते रहिए । सभी बच्चों को खेल के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते रहिए । ए आर पी अदिति पांडेय ने भी सभी को संबोधित किया । बेसिक विद्यालय करोरा के प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार यादव ने सभी का आभार प्रकट किया इस अवसर पर शिक्षक संकुल अनिल कुमार वर्मा,चंद्रपाल, पंकज मणि , अनूप कुमार ने भी अपने विचार रखें ।

# मुख्यमंत्री के आदेशों को ठेंगे पर रख जारी है अवैध प्लॉटिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों को ठेंगे पर रख कर शहर के बीचो-बीच अवैध रूप से आवासीय कॉलोनी बसाईजा रही है ऐसा प्रतीत होता ज़िम्मेदार अधिकारी अवैध प्लॉटिंग करने वालों से सांठगांठ कर मलाई काटने में जुटे हुए हैं। आपको बता दें की लखनऊ विकास प्राधिकरण के ज़ोन 7 के अंतर्गत आने वाले थाना सआदतगंज क्षेत्र में टापे वाली गली में नजफ हॉस्पिटल के निकट वक्फ अता हुसैन क़ब्रिस्तान के नाम से जाने वाली ज़मीन पर प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग कर कॉलोनी विकसित की जा रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस जमीन को शिया सेंटर वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताया जा रहा है कुछ महीने पहले भी प्रॉपर्टी डीलर द्वारा इस ज़मीन पर अवैध रूप से प्लाटिंग शुरू की गयी थी जिसको शिया धर्मगुरु मौलाना



क्लबे जववाद द्वारा मौके पर जा कर रुकवा दिया गया था। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब जब प्रॉपर्टी डीलर द्वारा दुबारा इस जमीन पर फिर से अवैध रूप से प्लाटिंग शुरू की गई है तो प्रॉपर्टी डीलर द्वारा लोगों से ये कह कर ज़मीन बेची जा रही है की उसके पास शिया सेंटर वक्फ बोर्ड के चेयरमैन की एनओसी है जिसमे बताया गया है की यह संपत्ति वक्फ की नहीं है। हालांकि यह संपत्ति वक़्फ़ बोर्ड की है या नहीं है ये जाँच का विषय है। किंतु लखनऊ विकास प्राधिकरण से बगैर मानचित्र स्वीकृत कराये इस प्लाटिंग का किया जाना पूरी तरह से अवैध है। कैनविज़ टाइम्स ने हाल ही में घनी बस्ती के बीच गुपचुप तरीके से होने वाली इस अवैध प्लाटिंग की ख़बर को प्रमुखता से छापा था किन्तु ऐसा लगता है की लखनऊ विकास प्राधिकरण के संबंधित अवर अभियंता तथा सहायक अभियंता व को प्रॉपर्टी डीलर द्वारा भारी भरकम नज़राना पेश कर उनको खामोश कर दिया गया है? ऐसे में लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को चाहिए है कि इस अवैध प्लाटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करते हुए पूरे मामले की जांच करवा कर दोषी अधिकारियों पर भी विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करवाए।

# युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, आत्महत्या की आशंका

लखनऊ। ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत भूहर गांव में एक 22 वर्षीय युवक शिवम मोर्य पुत्र मनोज मोर्य की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार वे एक शादी समारोह में गए हुए थे। जब वे मंगलवार सुबह करीब 11 बजे लौटे तो देखा कि शिवम कमरे में पंखे से रस्सी के सहारे लटका हुआ था।

घटना की सूचना मिलते ही भूहर चौकी प्रभारी शुभम त्यागी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई की। युवक के आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि आत्महत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच में जुट गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में घटना को लेकर शोक का माहौल है।

# मुठभेड़ में चार आरोपी गिरफ्तार, दो घायल

❑ निगोहां क्षेत्र में सक्रिय थे यह चारों आरोपी, 60 से अधिक मामले थे दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ । दक्षिणी जोन के निगोहां और नगराम थाना क्षेत्र में सक्रिय एक शातिर डकैत गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया है। सोमवार को पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से दो के पैरों में गोली लगी है। पुलिस टीम ने मौके से दो तमंचे, जिंदा व खोखा कारतूस और दो मोटरसाइकिल भी बरामद की हैं। पुलिस टीम द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी और डकैती के कई मामलों में वांछित झब्बू उर्फ सेठ, बाबूराम समेत चार बदमाश नगराम रोड की तरफ बढ़ रहे हैं। पुलिस द्वारा घेराबंदी की गई, लेकिन आरोपियों ने मौके से भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया



है। बाकी दो को सकुशल गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि झब्बू उर्फ सेठ (निवासी ऽ जालिमपुर, तम्बौर, सीतापुर) व बाबूराम (निवासी खपूरा, लहरपुर, सीतापुर) व अभिलाख लोनिया (निवासी ऽ खपूरा, लहरपुर, सीतापुर) समेत शिब्बू उर्फ विकास (निवासी ऽ दम्मन बेलवा, सकरन, सीतापुर) शामिल हैं चारों आरोपियों पर चोरी, डकैती, हत्या की कोशिश, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट समेत कुल 60 से अधिक संगीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। बाबूराम और झब्बू के खिलाफ अकेले 15-18 मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें लखनऊ, सीतापुर, देवरिया, सुल्तानपुर आदि जिलों के थाने शामिल हैं। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त लंबे समय से आपराधिक घटनाओं में सक्रिय थे और इनकी गिरफ्तारी से क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। पुलिस अब इनके नेटवर्क और अन्य साथियों की तलाश में जुट गई है।

# तैनात होते ही निलंबित किये गए अवर अभियंता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। चौक डिवीजन के मेहताब बाग पॉवर हाउस पर अपनी तैनाती के पहले दिन ही अवर अभियंता मनोज कुमार वर्मा को एक मामले में दोषी पाये जाने पर चौक मंडल के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पांडे ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। दरअसल अवर अभियंता मनोज कुमार वर्मा पर रेज़ीडेंसी डिविज़न के जीटीआई पॉवर हाउस पर अपनी तैनाती के दौरान जीटीआई क्षेत्र में लगभग दस हज़ार स्क्वायर फीट पर बनी एक बहुमंज़िला बिल्डिंग में पूर्व राज्य मंत्री के एक परिचित को अवैध रूप से मानको के विपरीत बिजली कनेक्शन दे दिया था उसी बिल्डिंग की एक अन्य उपभोक्ता मधु यादव ने जब अपने कनेक्शन के लिए आवेदन किया तो अवर अभियंता द्वारा बिल्डिंग में लोड स्वीकृत ना होने पर कनेक्शन न दिए जाने की बात कही गई थी जिसपर मधु यादव ने इसी बिल्डिंग के बराबर एक दूकान में बिना लोड स्वीकृत हुए ही कनेक्शन दिए जाने पर आपत्ति जताई थी जिसकी खबर भी समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई थी। मामले के तूल पकड़ते ही उस दुकान से भी बिजली का मीटर उतार लिया गया था। जिसके बाद विभाग द्वारा दिनांक 30 मार्च 2025 को मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन करते हुए इसकी जांच ठाकुरगंज डिवीजन के अधिशासी अभियंता दीपक कुमार को सौंप गई थी। 4 अप्रेल 2025 को अधिशासी अभियंता दीपक कुमार ने अपनी रिपोर्ट चौक मंडल के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पांडे को सौंप थी जाँच में अवर अभियंता मनोज कुमार वर्मा को प्रथम दृश्टया दोषी पाये जाने पर अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पांडे ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। अवर अभियंता मनोज कुमार वर्मा ने जीटीआई पावर हाउस से स्थानांतरण के बाद मंगलवार को ही चौक दिविज़न के महताबबाग़ पावर हाउस पर जॉइनिंग की थी।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का विद्यालय के अभिलेखों में त्रुटिवश नाम तान्या गुप्ता अंकित हो गया है जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही नाम कीर्ति गुप्ता है। अतः मेरी पुरी को कीर्ति गुप्ता से नाम से जाना जाए। सुरेंद्र कुमार गुप्ता पुत्र स्व. राम चरन गुप्ता निवासी-वार्ड संख्या-16, बरगदी मगठ, बख्शी का तालाब, लखनऊ।


# प्लॉट का झांसा देकर रियल एस्टेट फर्म संचालकों ने हड़पे 64 लाख

लखनऊ। बीकेटी कोतवाली में रियल एस्टेट फर्म संचालक और उसके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ। आरोपितों ने प्लाट दिलाने का झांसा देकर रुपये लिए। जमीन मांगने पर बंधक बना कर मारपीट की गई। रुदही निवासी अजय सिंह ने प्लॉट खरीदने के लिए दीपक कुमार मौर्या से सम्पर्क किया था। जो खुद को एक रियल एस्टेट फर्म का संचालक बताता है। आरोपित ने पिता राम नारायण, पत्नी सुर्ज़ा और मां कमला के साथ मिल कर साजिश रची थी। दीपक ने अजय सिंह को बीकेटी में ही एक जमीन दिखाई। जिसका सौदा कराने के बदले करीब 64 लाख रुपये लिए। समय पर रजिस्ट्री नहीं हुई। पूछताछ करने पर दीपक कुमार ने अजय सिंह को बंधक बना कर पीटा। किसी तरह से बंधनमुक्त होकर घर पहुंचे पीड़ित ने पत्नी को आपबीती बताई। इस मामले में अजय सिंह की पत्नी शिल्पी सिंह ने कई बार तहरीर दी। मुकदमा दर्ज नहीं होने पर डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी से मिल कर शिकायत की। जिनके निर्देश पर बीकेटी कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया।

# नगर निगम का बजट बदलेगा लखनऊ की तस्वीर और तकदीर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मंगलवार को हुई लखनऊ नगर निगम की सदन की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नगर निगम का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। नगर निगम की कार्यकारिणी समिति द्वारा पूर्व में अनुमोदित इस बजट को लेकर सदन में गहन चर्चा हुई, जिसमें पार्षदों और अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। बजट में शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए कई अहम फैसले लिए गए हैं जिससे लखनऊ की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने की उम्मीद है। इस वर्ष के बजट की सबसे ध्यान देने योग्य बात यह रही कि महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त डॉ इंद्रजीत सिंह ने स्वयं की निधियों में कटौती कर दी है। वहीं विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से पार्षदों की निधि को 150 लाख रुपये से बढ़ाकर 210 लाख रुपये प्रति वार्ड कर दिया गया है। इससे प्रत्येक वार्ड में सड़कों, नालियों, स्कूलों और अन्य बुनियादी सुविधाओं के कार्यों को बल मिलेगा। पार्षदों की विकास निधि को अलग-अलग मदों में बांटा गया है। जिसमें प्रति वार्ड मार्गों के मरम्मत एवं नवीनीकरण के लिए 150 लाख रुपये, प्रति वार्ड पैच के लिए 10 लाख रुपये, क्रॉसिंग एवं पुलिया मरम्मत के लिए 10 लख रुपये, चूना, फॉगिंग, कीटनाशक दवाओं हेतु प्रति वार्ड 5 लाख रुपये, हत्थू ठेला क्रय/मरम्मत हेतु 5 लाख रुपये, इलेक्ट्रॉनिक रेफ्रिजरेटर (कॉफिन) ई-रिक्शा 10 लाख प्रति वार्ड, मार्ग प्रकाश व्यवस्था के लिए 10 लाख रुपये, पार्कों के अनुरक्षण व मरम्मत के लिए 10 लाख रुपये खर्च कर सकते हैं। सदन में मंगलवार को सर्व सम्मति ये यह भी पारित हुआ है कि पार्षदगण अपनी निधि को किसी भी विकास कार्य में खर्च कर सकेंगे। बजट में सफाई व्यवस्था, जल निकासी, स्कूलों के जीर्णोद्धार, पार्कों की देखरेख और डिजिटलीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके अलावा यूजर चार्ज में बदलाव करते हुए इसे गृहकर से लिंक किया गया है, जिससे वसूली पारदर्शी और आसान होगी। इससे नगर निगम की आय में भी वृद्धि होगी और नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी। इस बार नगर निगम का कुल बजट गत वर्ष की अवशेष धनराशि को जोड़ते हुए कुल 4,30,453 लाख रुपये रखा गया है। कुल व्यय 3,30,786 लाख रुपये प्रस्तावित किया गया है। इससे नगर निगम के पास परियोजनाओं के लिए समुचित वित्तीय संसाधन उपलब्ध होंगे।

### जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता

नगर निगम ने इस बजट में गरीबों के लिए नि:शुल्क अंतिम संस्कार योजना, शमशान घाटों के जीर्णोद्धार, पार्कों की मरम्मत और सौंदर्यीकरण तथा सरकारी स्कूलों की अवस्थापना सुधार पर जोर दिया गया है। इसके तहत शमशान घाटों के लिए बजट को 10 लाख से बढ़ाकर 100 लाख रुपये और पार्कों के लिए 200 लाख से बढ़ाकर 600 लाख रुपये कर दिया गया है। स्कूलों के लिए भी पहले की तुलना में पांच गुना अधिक राशि (500 लाख रुपये) का प्रावधान किया गया है। नगर निगम ने ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने के लिए ई-ऑफिस और कंप्यूटरीकरण के मद में पहले से निर्धारित राशि को बढ़ाकर 400 लाख रुपये कर दिया है। इससे नागरिक सेवाओं में पारदर्शिता और गति दोनों आएंगी। सदन की इस बैठक में महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त डॉ इंद्रजीत सिंह, कार्यकारिणी उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, पार्षदगण, समस्त अपर नगर आयुक्त, मुख्य वित्त अधिकारी, सीटीएओ, जोनल अधिकारी, जीएम जलकल, मुख्य अभियंता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# 16 आईएएस के तबादले

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




लखनऊ। यूपी में योगी सरकार ने एक बार फिर प्रशासनिक फ़ेर बदल किया है। सोमवार देर रात 9 के बाद अब मंगलवार को छह जिलों अयोध्या, चंदौली, अमेठी, बदायूं, इटावा और कन्नौज के जिलाधिकारियों समेत 16 आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। जारी किए गए आदेश में अयोध्या के डीएम चन्द्र विजय सिंह अब विशेष सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास बनाए गए हैं।

चंदौली के डीएम रहे निखिल टीकाराम फुण्डे को अयोध्या का डीएम बनाया गया है। प्रयागराज नगर निगम के आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग को चंदौली का डीएम बनाया गया है। इसी तरह जौनपुर के सीडीओ सीलम साईं तेजा को प्रयागराज का नगर आयुक्त बनाया गया है। गोरखपुर की संयुक्त मजिस्ट्रेट मृणाली अविनाश जोशी को सीडीओ जौनपुर, अमेठी की डीएम निशा को राष्ट्रीय आयुष मिशन की निदेशक बनाया गया है। सहारनपुर के नगर आयुक्त संजय चौहान को डीएम अमेठी, उच्च शिक्षा विभाग के उच्च सचिव शिपु गिरि को सहारनपुर नगर आयुक्त, राष्ट्र आयुष मिशन के निदेशक महेंद्र वर्मा को रेरा सचिव के पद पर तैनाती दी गई है। इसके अलावा कन्नौज के डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल को डीएम इटावा, विशेष सचिव मुख्यमंत्री आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को डीएम कन्नौज, इटावा के डीएम अवनीश कुमार राय को बदायूं का डीएम बनाया गया है। बदायूं के डीएम निधि श्रीवास्तव का तबादला विशेष सचिव उच्च शिक्षा विभाग के पद पर किया गया है। सीडीओ मुजफ्फरनगर संदीप भागिया को अपर आयुक्त राज्य कर गौतमबुद्धनगर, मेरठ के संयुक्त मजिस्ट्रेट कंडारकर कमल किशोर देशभूषण को सीडीओ मुजफ्फरनगर और प्रतीक्षारत आईएएस राजकुमार को ऊर्जा विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है।

पीसीएस अफसरों की भी तैनाती : योगी सरकार ने संभल की मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए मंगलवार को तीन और पीसीएस अधिकारियों की तैनाती की। पीसीएस अधिकारियों में सुधीर कुमार को एसडीएम अलीगढ़ से नगर मजिस्ट्रेट संभल, विकास चंद्र एसडीएम कुशीनगर से एसडीएम संभल और आशुतोष तिवारी एसडीएम बस्ती से एसडीएम संभल बनाए गए हैं।

## सीतापुर स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही का बड़ा मामला

# लाभार्थियों और आशाओं का रोका गया भुगतान, ठेकेदारों को मिली तरजीह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिले के स्वास्थ्य विभाग में गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है, जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) पर जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों और आशा कार्यकर्ताओं को उनके हक की राशि नहीं दी गई है। जनवरी माह में संचालित जननी सुरक्षा योजना और पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत कार्य करने वाली आशाओं तथा योजना से लाभान्वित महिलाओं को अब तक उनकी प्रोत्साहन धनराशि नहीं मिली है।

चौंकाने वाली बात यह है कि शासनादेश को पूरी तरह दरकिनार करते हुए विभाग ने संबंधित ठेकेदारों का भुगतान समय से कर दिया। यह स्थिति तब है जब सरकार द्वारा बार-बार यह निर्देश दिए जाते हैं कि जननी सुरक्षा योजना की धनराशि और आशा कार्यकर्ताओं के प्रोत्साहन भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी न की जाए।




आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने जनवरी माह में न केवल पल्स पोलियो अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई, बल्कि गर्भवती महिलाओं को अस्पताल लाने, देखरेख करने और स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने जैसे कार्य भी जिम्मेदारी से किए। इसके बावजूद उन्हें आज तक एक भी पैसा नहीं मिला। कुछ कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि भुगतान से जुड़ी फाइलें महीनों से लंबित पड़ी हैं और अधिकारी टालमटोल कर रहे हैं। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत मिलने वाली आर्थिक सहायता का इंतजार कर रहीं लाभार्थी महिलाएं भी निराश हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की इन महिलाओं के लिए यह राशि महत्वपूर्ण होती है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की सुस्ती ने उन्हें निराश किया है। इस पूरे प्रकरण पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। ना तो किसी प्रकार का स्पष्टीकरण दिया गया है और ना ही भुगतान में देरी के पीछे का कोई स्पष्ट कारण बताया गया है। अब बड़ा सवाल यह है कि शासनादेश की अवहेलना कर ठेकेदारों को प्राथमिकता क्यों दी गई और उन महिलाओं व कार्यकर्ताओं को क्यों नजरअंदाज किया गया, जो स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाती हैं? क्या जिले में इस प्रकार की वित्तीय प्राथमिकताओं का निर्धारण मनमाने ढंग से किया जा रहा है,जनता और स्वास्थ्य कर्मियों में इस लापरवाही को लेकर भारी रोष है और जल्द ही विरोध-प्रदर्शन की संभावना भी जताई जा रही है।

# राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। तंबौर नगर में अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की अध्यक्षता में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें हिन्दू समाज के भाई बहन और संत समाज उपस्थित रहे नगर भ्रमण करते हुए शोभा यात्रा का फूलों की बरसा से जगह जगह पर स्वागत किया गया । शोभा यात्रा में उपस्थित अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद संगठन मंत्री रमाकांत अवस्थी जी, जिला कार्याध्यक्ष सीनू बजरंगी, जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल जय वर्मा बजरंगी, जिला उपाध्यक्ष हिन्दू हेल्पलाइन रोहित बजरंगी, जिला उपाध्यक्ष सतीश बजरंगी, सुधाकर बजरंगी, नरेंद्र , ऋतिक जी, महेश बजरंगी, हरिओम बजरंगी, नीरज बजरंगी,कृपाशंकर बजरंगी मौजी लाल गुप्ता आदि सैकड़ों हिन्दू भाई बहन उपस्थित रहे ।

## झोलाछाप डॉक्टर ने किया डिप्टी सीएमओ पर हमला

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के लीलापुर थाना क्षेत्र में एक झोलाछाप डाक्टर और उसके साथियों ने डिप्टी सीएमओ और उनकी जांच टीम के साथ मारपीट की। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि रानीगंज अजगरा रोड पर झोलाछाप डॉक्टर बी.एल. अग्रहरी अवैध रूप से अग्रहरी क्लीनिक संचालित कर सरकारी दवाएं बेच रहे थे। जांच के दौरान रंगे हाथ पकड़े जाने पर अग्रहरि ने अपने गुंडों के साथ डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश कुमार और उनकी जांच टीम पर हमला बोला। दबंगों ने सीजर दस्तावेज फाड़कर फेंक दिए, हत्या की धमकी दी और टीम के एक सदस्य का मोबाइल छीन लिया। इस मामले में थाना लीलापुर में बी.एल. अग्रहरी, मनोज सिंह और उनके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होने बताया कि एक शिकायत के आधार पर सोमवार को सीएमओ कार्यालय से डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश कुमार के नेतृत्व में जांच टीम अग्रहरी के क्लीनिक पहुंची। जांच में खुलासा हुआ कि बिना वैध लाइसेंस के संचालित यह क्लीनिक सरकारी दवाओं की कालाबाजारी का अड्डा बना हुआ था।

# भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने सचिव मेहुल यादव पर लगाया आरोप

### कसमडां मे तैनाती सचिव पर लगाया भृष्टाचार करने का आरोप, एसडीएम को सौंपा शिकायत पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिधौली सीतापुर। विकासखंड कसमंडा मे विकास कार्यों को जमीनी धरातल पर कार्य मानक के अनुरूप नहीं किए गए हैं और कई ग्राम पंचायत में छुट्टा गौवशं गौशाला के अभाव किस की फसलों को प्रभावित कर रहे हैं तथा किए गए कार्यों की धनराशि विभाग के द्वारा निकाली जा चुकी लेकिन निर्मित भवन आधे अधूरे पड़े हुए हैं कसमंडा की ग्राम पंचायत डोभा में स्वच्छ भारत मिशन के तहत वर्ष 2017-2018 मैं बनवाए गए सामुदायिक शौचालय का लाभ आज तक ग्रामीणों को नहीं मिल सका आज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन का सपना यहां पर सरकार होता नहीं दिख रहा है ग्राम पंचायत डोभा में सामुदायिक शौचालय में ताला जड़ा हुआ है जिससे आज भी ग्रामीण महिलाएं खुले में शौच जाने को मजबूर है सामुदायिक शौचालय तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी मेहुल यादव के कार्यकाल में बनवाया गया था तथा निर्मित शौचालय के टैंक पर अभी तक कोई भी पत्थर नहीं रखा गया है जबकि अर्ध निर्मित शौचालय की रकम विभाग के द्वारा पूरी निकल जा चुकी है विकासखंड की ग्राम पंचायत पतारा बम्भेरा तथा अन्य ग्राम पंचायत में गौशाला नहीं बनी हुई है जिससे गोवंश व छुट्टा में मवेशी किसने की फसलों को प्रभावित कर रहे हैं शासन की मंशा है की गौशाला का निर्माण करवा कर छोटे लगभग सीमांत किसानों को राहत दी जाए।

## अवैध असलहे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**खैराबाद-सीतापुर।** थाना खैराबाद प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के द्वारा पुलिस टीम गठित के संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाकर योजनाबद्ध रूप से उ0नि0 अवधेश कुमार यादव मय हमराही का0 विकास कुमार का0 कर्मवीर सिंह का0 मेराज अहमद के द्वारा क्षेत्र भ्रमण व तलाश वाछिंत व चेंकिग के दौरान राहुल पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम धनीपुर थाना- खैराबाद जनपद सीतापुर राधेलाल चौराहे से लगभग 100 मीटर असोढर की तरफ बाग के कोने पर उक्त अभियुक्त के कब्जे से एक तमन्चा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर नियमानुसार बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0स0 130/2025 अन्तर्गत धारा 25 (1-बी) आयुध अधि0 बनाम राहुल पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम धनीपुर थाना- खैराबाद जनपद सीतापुर करते हुए अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## वृद्धाश्रम के वृद्ध जनों को जनपद प्रतापगढ़ के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन हेतु भेजा गया

**अमेठी।** तहसील गौरीगंज प्रशासन के नेतृत्व में तथा जिला एवं सेंट्रल बार एसोसिएशन अमेठी के सहयोग से वृद्धाश्रम गौरीगंज के वृद्धजनों को दो दिवसीय धार्मिक यात्रा हेतु जनपद प्रतापगढ़ के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने हेतु बस द्वारा भेजा गया। बस को जिलाधिकारी निशा अनंत ने वृद्धाश्रम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वृद्ध जनों का फूल देकर स्वागत किया एवं सकुशल यात्रा के लिये उन्हें शुभकामनाएं दी। जिलाधिकारी को अपने मध्य पाकर वृद्ध जनों के चेहरे खिल उठे सभी वृद्ध जनों ने जिलाधिकारी को आशीर्वाद दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को वृद्ध जनों को सकुशल दर्शन कराने का निर्देश दिया साथ ही कहा कि यात्रा के दौरान किसी भी वृद्धजन को परेशानी न होने पाये और खान पान की वस्तुओं के साथ ही आवश्यक दवाओं को भी साथ में रखें।अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) नलिन राज, जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष जनार्दन प्रसाद शुक्ला, महामंत्री शैलेश कुमार शुक्ला, रविंद्र प्रताप द्विवेदी, महेश चंद्र शुक्ला, सेंट्रल बार एसोसिएशन के संस्थापक सूर्या त्रिपाठी, अध्यक्ष गिरीश कुमार यादव सहित अन्य अधिवक्ता गण, अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित युवक को धरदबोचा

अमेठी। थाना जामो पुलिस ने शारदा नहर पटरी भवानीगढ़ के पास से गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना जामो पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित शिव बहादुर सरोज पुत्र शिव प्रसाद निवासी ग्राम जनापुर थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब चौतीस वर्ष को शारदा नहर पटरी भवानीगढ़ के पास से दिन में गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

## यूपी में अब आउटसोर्स परिचालकों का हो सकेगा पारस्परिक स्थानांतरण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में कार्यरत आउटसोर्स परिचालकों का पारस्परिक स्थानांतरण संभव होगा। यह कदम परिचालकों की सुविधा, निगम की कार्यक्षमता और राजस्व में वृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को बताया कि वर्तमान व्यवस्था में परिचालकों को जहां नियुक्त किया जाता है, वहीं पर सेवा देनी होती है। लेकिन अब ऐसे परिचालक, जिन्होंने कम से कम छह माह की सेवा और 30,000 किलोमीटर की दूरी पूरी कर ली है, वे आपसी सहमति से स्थानांतरण करा सकेंगे। इस फैसले से दूरदराज के क्षेत्रों में तैनात परिचालकों को अपने गृह जनपद या उसके समीपस्थ स्थानों पर सेवा देने का अवसर मिलेगा। इससे उनकी अनुपस्थिति और अवकाश लेने की प्रवृत्ति में कमी आएगी, जिससे बसों का संचालन सुगमता से हो सकेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि परिचालकों की नियमित उपलब्धता से कार्यदिवस बढ़ेंगे, बसों की संख्या में इज़ाफा होगा और इसके परिणामस्वरूप परिवहन निगम की आय में भी वृद्धि होगी। यात्रियों को समय पर और नियमित बसें मिलेंगी, जिससे उन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने में आसानी होगी। योगी सरकार का यह फैसला न केवल परिचालकों के हित में है, बल्कि इससे आम जनता को भी सीधा लाभ मिलेगा। सरकार का उद्देश्य हर क्षेत्र में पारदर्शिता, सुविधा और विकास को बढ़ावा देना है और यह कदम उसी दिशा में एक और मजबूत प्रयास है।

# समग्र शिक्षा सोशल ऑडिट: प्रदेश के सभी जिलों में सीएसए को प्रशिक्षित करा रही योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और शासन की योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू कराने के लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रदेश में सोशल ऑडिट प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। फिलहाल, इस कार्यक्रम में प्रदेश के 14 जनपदों (अम्बेडकरनगर, अमेठी, बहराइच, बलरामपुर, बाराबंकी, बरेली, अयोध्या, गोंडा, खीरी, रायबरेली, शाहजहांपुर, श्रावस्ती, सीतापुर और सुल्तानपुर) के चयनित कलस्टर सोशल ऑडिटर्स (सीएसए) को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि प्रदेश के शेष जनपदों में भी योजना के अंतर्गत कार्य प्रगति पर है। संबंधित विश्वविद्यालयों को आवंटित जिलों में प्रशिक्षण प्रक्रिया पूर्ण होते ही सोशल ऑडिट का कार्य सक्रिय रूप से पूरे प्रदेश में प्रारंभ कर दिया जाएगा। हालांकि, अभी यह प्रशिक्षण 23 अप्रैल 2025 तक जनपदों के जिला मुख्यालयों पर आयोजित हो रहा है। बता दें कि शासन के निर्देश पर इसका क्रियान्वयन इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ द्वारा किया जा रहा है। 14 जिलों में संचालित हो रहे इस सोशल ऑडिट कार्यक्रम का संचालन इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के नामित नोडल अधिकारी प्रो. एच. एम. आरिफ, डॉ. आरीना तथा समन्वयक डॉ. वान्या की देखरेख में सुचारु रूप से किया जा रहा है। प्रत्येक सत्र में 20 से 60 तक प्रतिभागियों को प्रशिक्षण मिल रहा है, जो 10 से 18 ब्लॉकों को कवर कर रहे हैं। अब तक 270 से अधिक सीएसए को प्रशिक्षण मिल चुका है। प्रशिक्षण, तीन प्रमुख मॉड्यूल पर आधारित है, जिन्हें एनसीईआरटी द्वारा तैयार किया गया है। इन मॉड्यूल्स में 'विद्यालयी शिक्षा में समग्र शिक्षा के तहत प्रमुख पहलें, समग्र शिक्षा के सोशल ऑडिट की प्रक्रिया और भूमिका और ऑडिट टूल्स, रिपोर्टिंग एवं मूल्यांकन' के तरीके शामिल हैं। महानिदेशक स्कूल, कंचन वर्मा का कहना है कि प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालयों में ड्रेस, पाठ्य-पुस्तक वितरण, एमडीएम, पोषण आहार, बुनियादी ढांचे की सुविधा, समावेशी शिक्षा जैसी क्रियानवित योजनाओं पर नजर रखना प्रमुख उद्देश्य है। इन योजनाओं के ज़मीनी स्तर पर सही क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने में सीएसए की भूमिका निर्णायक होगी।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं कई बार यह कहा है कि सरकार की योजनाएं तभी सफल मानी जाएंगी जब उनका लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उनकी उसी सोच की व्यावहारिक अभिव्यक्ति है। सरकार अब शासन में 'सामाजिक जवाबदेही और जन-सहभागिता' को नई दिशा दे रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों गरीब बच्चों को इससे सीधा लाभ मिलेगा। जब योजना की निगरानी उसी समाज के प्रशिक्षित लोगों द्वारा होगी, तो लागू की गयी योजनाएं बेहतर क्रियानवित होंगी और बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप सामाजिक दृष्टिकोण से शिक्षा को जनांदोलन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले समय में यह मॉडल पूरे प्रदेश के लिए एक बेस्ट प्रैक्टिस के रूप में उभरेगा।

# यूपी के 15 जनपदों में रीजनल ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार के निर्देशन में परिवहन विभाग द्वारा रीजनल ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर (आरडीटीसी) की स्थापना की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। आरडीटीसी की स्थापना उन्हीं जनपदों में होगी, जहां इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च (आईडीटीआर) प्रस्तावित नहीं है। प्रदेश में सड़क सुरक्षा को संस्थागत रूप देने और व्यावसायिक चालकों को आधुनिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आरडीटीसी की स्थापना कराई जाएगी। इसके लिए परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने 15 जनपदों के जिलाधिकारी को भूमि उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा है।

वाराणसी, अयोध्या, मुरादाबाद, गोंडा, मेरठ, अलीगढ़, मथुरा, आजमगढ़, बांदा, मीरजापुर, इटावा, सहारनपुर, सीतापुर, जौनपुर व बिजनौर में आरडीटीसी की स्थापना प्रस्तावित है। यह प्रस्ताव भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ-ख्रधटड्ढक्क) द्वारा वित्तपोषित योजना के अंतर्गत आता है। मोर्थ ने उक्त 15 जनपदों में आरडीटीसी की स्थापना के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में 30,37,166 व्यावसायिक वाहन हैं, जबकि व्यावसायिक वाहन चालकों की संख्या 27,48,523 है यानी 20 प्रतिशत व्यावसायिक वाहन चालकों की कमी को पूरा करने, इन्हें प्रशिक्षित करने, सड़क सुरक्षा सुधारने व रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से आरडीटीसी की स्थापना की जाएगी। आरडीटीसी की स्थापना उन्हीं जनपदों में होगी, जहां इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च (आईडीटीआर) प्रस्तावित नहीं है।

रीजनल ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर (आरडीटीसी) भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित सार्वजनिक सेवा योजना परियोजना है, जिसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा में सुधार, कुशल व प्रशिक्षित वाहन चालकों को तैयार करना तथा सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम स्तर तक लाना है। यह योजना न केवल सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करेगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगी। यह योजना परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के माध्यम से निष्पादित की जाएगी।

# हेलमेट बांटकर किया ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस नागरिकों में 'सुरक्षा पहले' की सोच को बढ़ावा देने के लिए अपने अभियान 'लाइफ सुरक्षा पक्की, तो कॉन्फिडेंस पक्का ' के तहत एसबीआई लाइफ ने लखनऊ ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर 1090 चौराहे पर एक बहुत बड़ा हेलमेट इंस्टॉलेशन लगाया। यह बड़ा और ध्यान खींचने वाला हेलमेट लोगों को रोड पर जिम्मेदारी भरा व्यवहार करने के बारे में सोचने पर मजबूर करता है।

उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के मुताबिक, 2024 में राज्य में 46,000 से ज्यादा सड़क हादसे हुए जिनमें 24,000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। इनमें लखनऊ में ही576 मौतें हुईं। इन चिंताजनक आंकड़ों को देखते हुए एसबीआई लाइफ ने सभी प्रमुख ट्रैफिक चौराहों पर हेलमेट भी बांटे। इन हेलमेटों को दोपहिया वाहन चलाने वालों और पीछे बैठने वालों दोनों को दिया गया। यह अभियान इस बात पर जोर देता है कि हेलमेट पहनना सिर्फ नियम के डर से नहीं, बल्कि खुद की और अपनों की जिम्मेदारी उठाने वाला कदम है।



इस पहल की शुरुआत एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ अमित झींगरन, लखनऊ पुलिस के डीसीपी (क्राइम) और डीसीपी (महिला सुरक्षा) श्री कमलेश दीक्षित, डीसीपी (ट्रैफिक) प्रबल प्रताप सिंह, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह (आईएएस), और एसबीआई लाइफ के चीफ ऑफ ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर रवींद्र शर्मा की मौजूदगी में हुई। हेलमेट बांटने के इस अभियान के जरिए लोगों से सीधे जुड़कर यह समझाया गया कि सुरक्षा उपकरण सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि सोच-समझकर किया गया एक जरूरी कदम है जो लोगों को एक सुरक्षित और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने में मदद करता है। लखनऊ ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी उन दोपहिया चालकों से बातचीत करते दिखे जो बिना हेलमेट के यात्रा कर रहे थे। उन्हें बताया और समझाया गया कि असली आज़ादी और आत्मविश्वास की शुरुआत सुरक्षा से होती है। इस अभियान के बारे में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के एमडी औरसीईओ श्री अमित झींगरन ने कहा, '' एसबीआई लाइफ में हमारा मानना है कि एक आत्मविश्वासी और आगे बढ़ने वाला समाज तभी बन सकता है जब उसके नागरिकों को सुरक्षा का अहसास हो। असली आज़ादी तब मिलती है जब लोग शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से सुरक्षित महसूस करते हैं। हम सार्वजनिक जगहों और क्रिकेट जैसे सांस्कृतिक माध्यमों के जरिए लोगों को सुरक्षा का महत्व समझाने की कोशिश कर रहे हैं। ये जीने से डरने की बात नहीं, बल्कि सुरक्षा के साथ साहस से जीने की बात है। जब लोग सुरक्षित महसूस करते हैं, तो वे बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने की कोशिश करते हैं। हमारी ब्रांड फिलोसोफी 'अपने लिए, अपनों के लिए' भी इसी सोच पर आधारित है कि सुरक्षा सिर्फ अपने लिए नहीं, अपनों के लिए भी जरूरी है। उन्होंने आगे कहा, ''जब इंसान सड़क पर, क्रिकेट के मैदान में या जिंदगी में सुरक्षित महसूस करता है, तो वो पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करता है। एक बीमा कंपनी के रूप में हमारा काम सिर्फ वित्तीय उत्पाद देना नहीं है, बल्कि लोगों में सुरक्षा को लेकर सोच बनाना भी है। हम चाहते हैं कि हर इंसान सुरक्षा के साथ सपने देखे, उन्हें पूरा करे और खुलकर जिंदगी जिए। डीसीपी (ट्रैफिक) प्रबल प्रताप सिंह ने कहा, ''सड़क सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। एसबीआई लाइफ जैसी कंपनियों के साथ मिलकर इस तरह की साझेदारियां लोगों में असली बदलाव लाती हैं। हेलमेट बांटना और इस तरह के क्रिएटिव इंस्टॉलेशन लोगों का ध्यान खींचते हैं और उन्हें सोचने पर मजबूर करते हैं। हेलमेट पहनना एक छोटा कदम लग सकता है, लेकिन यह जिंदगी बचा सकता है। हम उम्मीद करते हैं कि लोग इसे अपनी आदत बनाएंगे, न कि मजबूरी। सड़क पर आत्मविश्वास की शुरुआत हेलमेट से होती है, जैसे ज़िंदगी में आत्मविश्वास की शुरुआत सुरक्षा से होती है। 'लाइफ सुरक्षा पक्की, तो कॉन्फिडेंस पक्का ' अभियान के तहत अपनी सुरक्षा की बात क्रिकेट के मैदान तक भी पहुंचाई है। कंपनी लखनऊ सुपरजायंट्स की ऑफिशियल हेलमेट पार्टनर बनी है। इसके अलावा एसबीआई लाइफ ने एक अनोखा 20 फीट का होलोग्राम एलईडी हेलमेट इंस्टॉलेशन भी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लगाया है, जिससे दर्शकों को एक अनोखा अनुभव मिलता है। यह विजुअल अनुभव लोगों को एक मज़बूत मैसेज देता है - जैसे क्रिकेटर को हेलमेट सुरक्षा देता है और वह निडर होकर खेलता है, वैसे ही जीवन बीमा की सुरक्षा इंसान को निडर होकर सपने पूरे करने की हिम्मत देती है। यह इंस्टॉलेशन क्रिकेट फैंस का ध्यान खींचता है और उन्हें याद दिलाता है कि खेल हो या जिंदगी, सुरक्षा हमेशा सबसे जरूरी होती है।

# मंत्री ने की हाथी पार्क चौराहे का नाम 'बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक' रखने की पहल

0 विधायक क्षेत्र विकास निधि की 21 लाख की धनराशि से होगा प्रतिमा स्थल का सौंदर्यकरण



रायबरेली। रत्न' बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली नगर स्थित हार्थी पार्क चौराहे का नाम परिवर्तन कर 'बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर चौक' किए जाने की पहल की है। उन्होंने इस आशय का अनुरोध पत्र नगर विकास मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार को प्रेषित किया है। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि यह चौराहा रायबरेली नगर के हृदयस्थल पर स्थित है, जहां बाबासाहेब की विशाल प्रतिमा स्थापित है। यह स्थल वर्षों से जनमानस की आस्था और प्रेरणा का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने अनुरोध किया है कि उक्त चौराहे को बाबा साहेब के नाम से विधिक रूप से नामित किए जाने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए यह स्थल उनके योगदान की स्थायी स्मृति बना रहे। मंत्री ने पत्र के माध्यम से पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार से अनुरोध किया है कि हाथी पार्क चौराहे पर स्थित बोधिसत्व बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा एवं उसके निकटवर्ती परिसर को एक प्रेरणास्थल और सांस्कृतिक स्मृति-स्थल के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने लिखा है कि यह प्रतिमा बाबासाहेब के विचारों और संघर्षों का प्रतीक है, जिसे रायबरेली समेत समस्त आंबेडकरवादी समाज प्रेरणा के केंद्र के रूप में देखता है। इस स्थल के समग्र विकास हेतु संस्कृति मंत्रालय से वैधानिक स्वीकृति प्रदान कर आवश्यक धनराशि निर्गत करने की उन्होंने मांग की है, जिससे बाबासाहेब के व्यक्तित्व के अनुरूप यह क्षेत्र विकसित हो सके। मंत्री ने मुख्य विकास अधिकारी रायबरेली को पत्र प्रेषित कर उनकी विधायक क्षेत्र विकास निधि से 21 लाख रुपये की धनराशि उपलब्ध कराते हुए हार्थी पार्क चौराहे पर स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण एवंअधोसंरचनात्मक विकास कराया जाए। उन्होंने अपेक्षा की है कि यह कार्य किसी दक्ष, मान्यता प्राप्त कार्यदायी संस्था को नामित करते हुए गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराया जाए।

### जिलाधिकारी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किया अर्पित

रायबरेली। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती जनपद में मनाई गई। कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सभागार में आयोजित गोष्ठी में भीमराव अम्बेडकर के योगदान को याद किया गया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहेब की जयंती इस बार 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' थीम से मनाई जा रही है। जिसके अंतर्गत जनपद में 15 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ0 अम्बेडकर जातिवाद, संप्रदायवाद और भ्रष्टाचार जैसी कुरीतियों को विकास के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा मानते थे। बाबा साहेब शोषित, दलित, महिलाओं,पिछड़े व सर्वसमाज के उत्थान के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष करते रहे। उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# अज्ञात कारणों से लगी आग,30 एकड़ गेहूं की फसल खाक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा भैसही व परसा में मंगलवार को दोपहर अज्ञात कारणों से लगी आग से दर्जनों किसानों की लगभग 30 एकड़ से अधिक गेहूं की खड़ी फसल जलकर खाक हो गई।ग्राम सभा परसा की जनार्दन राय नर्मदा राय दुलारे सिंह रामजीत तिवारी विशाल तिवारी नरसिंह प्रसाद नंदू प्रसाद अशर्फी शर्मा सहित दर्जनों किसान व भैसही ग्राम सभा के सुरेश चौहान, रामसरन चौहान,रमाकांत सिंह,सोनू सिंह, शकुंतला देवी सहित अन्य किसानों की गेहूं की फसल खेत में ही जलकर खाक हो गया। तेजी से आग फैलता देख ग्रामीण तेजी से खेतों की तरफ दौड़े और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना की सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन को दी।सूचना पर पहुंचे राजस्व विभाग की टीम में राजस्व निरीक्षक संजय सिंह, लेखपाल संजय गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर आग से फसल की हुई क्षति का आकलन किया और रिपोर्ट तहसील प्रशासन को दी। घटना की सूचना ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग को दी लेकिन मौके पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी नहीं पहुंच सकी जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय विधायक मोहन वर्मा ने मौके पर पहुंच ग्रामीणों को सांत्वना दी व उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया।

# गैंगस्टर के घर दावत-ए-वलीमा पर पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजनीति हुई गर्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आजमगढ़ में आज गैंगस्टर के छोटे भाई के रिसेप्शन में शामिल हुए। बता दे की गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मद मसूद इंटर कॉलेज मंगरावा में हाजी अब्दुल कलाम के बेटे मोहम्मद शादिक की शादी के उपलक्ष्य में दावत-ए-वलीमा था। हाजी अब्दुल कलाम सपा कार्यकर्ता हैं। इनके चार बेटों में शादिक सबसे छोटा है। दो बेटे मोहम्मद फजल और मोहम्मद शादिक घर पर रहते हैं। जबकि, दो अन्य बड़े बेटे मोहम्मद रशीद और मोहम्मद फहद सऊदी में रहते हैं। आपको बता दे की रशीद और फहद पर साल 2022 में गैंगस्टर लगा है। हाजी अब्दुल कलाम के 4 बेटे हैं। इनमें दो बेटे मोहम्मद राशिद और मोहम्मद फहद पर गैंगस्टर लगा है। अखिलेश यादव गैंगस्टर भाइयों के छोटे भाई मोहम्मद शादिक के दावत-ए-वलीमा में शामिल हुए।साल 2021 में पीड़ित शाहबाज कमर ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि मोहम्मद राशिद ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर मुझे और मेरे भाई सरफराज कमर को पीटा। मेरी कार को तोड़ दी थी। गांव में दिखने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। इस मामले में आरोपी मोहम्मद राशिद, मोहम्मद फहद और एक अन्य भाई पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इससे पहले भी साल 2015 में पुलिस कस्टडी से शीशम का पेड़ काटने के आरोपी रहे मोहम्मद मुकीम को छुड़ा ले जाने के मामले में लगभग 100 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। तत्कालीन थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने आरोप लगाया था कि मोहम्मद राशिद और मोहम्मद फहद सहित करीब 100 लोग लाठी, डंडे और बल्लम लेकर थाने आए और शीशम का पेड़ काटने के आरोपी जिस मोहम्मद मुकीम को लॉकअप से छुड़ाकर ले गए थे।लॉकअप से छुड़ाकर ले जाने के इसी मुकदमे के आधार पर जनवरी 2022 में आजमगढ़ के द्दष्ट रहे अनुराग आर्य ने 12 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। उन आरोपियों में मोहम्मद फहद और मोहम्मद राशिद भी शामिल थे। गैंगस्टर मोहम्मद राशिद के साथ फोटो खिंचवाने के मामले में गंभीरपुर थाने के सब इंस्पेक्टर रहे मदन कुमार गुप्ता और सिपाही शुभम सिंह को 17 नवंबर 2023 को द्दष्ट रहे अनुराग आर्य ने सस्पेंड कर दिया था। इन दोनों पुलिस कर्मियों पर गैंगस्टर के घर जाकर फोटो खिंचवाने का आरोप लगा था। फोटो सामने आने पर इसकी जांच तत्कालीन फूलपुर के एग अनिल कुमार वर्मा ने की थी। जांच में सामने आया कि दोनों पुलिसकर्मी दीपावली की बधाई लेने गैंगस्टर के घर गए थे।

# बदमाशों ने असलहे के बल पर दंपति से लूटे एक लाख रुपये व सोने की चेन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। के फूलपुर थाना क्षेत्र के खंजहापुर गांव के पास मंगलवार को बाइक सवार दो बदमाशों ने दिनदहाड़े एक अध्यापिका को तमंचे से घायल कर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने अध्यापिका के पर्स में रखे 1 लाख रुपये नकद, सोने की चैन, मोबाइल और अन्य सामान लूट लिया। घटना की सूचना पर इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़िता ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार, पीड़िता चंद्रकला (45 वर्ष), पत्नी धर्मेंद्र आर्य, मूल रूप से लखनऊ की निवासी हैं। उनका मायका फूलपुर थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव में है, जहां वह अपने पिता राम धनी के घर रहकर सैदपुर के कंपोजिट विद्यालय में शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। मंगलवार को चंद्रकला अपने पति धर्मेंद्र के साथ पलिया स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा, अमरथु शाखा से 1 लाख रुपये निकालकर बाइक से वापस लौट रही थीं। जैसे ही वह खंजहापुर गांव के पास पहुंचीं, बाइक सवार दो बदमाशों ने उनकी बाइक के सामने अपनी बाइक अड़ा दी, जिससे चंद्रकला और उनके पति बाइक सहित सड़क पर गिर गए।बदमाशों ने तमंचे से चंद्रकला के सिर पर वार कर उन्हें घायल कर दिया और उनके पर्स में रखे 1 लाख रुपये, गले की सोने की चैन, मोबाइल और अन्य सामान लूट लिया। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। चंद्रकला ने तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर 112 पुलिस के साथ-साथ अम्बारी पुलिस चौकी और फूलपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फूलपुर कोतवाली के प्रभारी सच्चिदानंद ने बताया कि अध्यापिका से लूट की घटना की जानकारी मिली है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल कर रही है। बदमाशों की तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में छानबीन की जा रही है। पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज कर लिया है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा किया है।

# शिक्षकों के नवाचार और सहयोग पर केंद्रित रही संकुल बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। दुदही विकास खंड के धर्मपुर न्याय पंचायत के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय बंगरा रामबक्स राय में मंगलवार को शिक्षक संकुल की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षण योजनाओं की प्रभावशीलता, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा शिक्षकों के आपसी समन्वय को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।बैठक का संचालन कर रहे नोडल शिक्षक बालकृष्ण ने कहा कि बच्चों की रचनात्मकता, जिज्ञासा और सहभागिता विकसित करने के लिए हमें गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं कौन हूं, एक सीख ऽ एक बदलाव जैसी गतिविधियां निपुण भारत लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। बैठक के दौरान निपुण विद्यालय निर्माण की समय-सीमा, भाषा व गणित आधारित प्रस्तुतिकरण, तथा विभिन्न क्लबों की प्रगति की समीक्षा की गई। इको, स्पोर्ट्स, विज्ञान, गणित, ज्योग्राफी और डिजिटल क्लब की गतिविधियों पर भी विशेष चर्चा हुई। संकुल शिक्षक प्रणव प्रकाश गिरी, योगेंद्र शर्मा, रजनीश गुप्ता और सत्येंद्र सिंह ने शैक्षिक नवाचारों की आवश्यकता पर बल देते हुए अपने विचार रखे। बैठक में आरती गुप्ता, विमलेश प्रताप सिंह, व्यास मिश्र समेत अन्य लोग मौजद रहे।

# डा. अंबेडकर के सिद्धांत आज भी समाज सुधार की नींव : विधायक

0 पर्वत छपरा में डा. अंबेडकर की प्रतिमा का हुआ अनावरण, विधायक ने बताया उनके विचारों की प्रासंगिकत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़ /कुशीनगर। दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत धर्मपुर पर्वत अंतर्गत राजस्व गांव पर्वत छपरा में सोमवार को डा. भीमराव रामजी अंबेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण फाजिलनगर विधायक सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा ने किया। यह प्रतिमा ग्राम प्रधान मनीषा मिश्रा के सौजन्य से स्थापित कराई गई।विधायक ने कहा कि डा. अंबेडकर ने संविधान निर्माण से लेकर सामाजिक जागरण तक अद्वितीय योगदान दिया। उनका जीवन प्रेरणा का स्रोत है और उनके सिद्धांत आज भी समाज सुधार की नींव हैं।

एडवोकेट विजय गौतम ने कहा कि बाबा साहेब ने सामाजिक असमानताओं को तोड़ने के लिए जो संघर्ष किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल है। उन्होंने कहा कि अंबेडकरवाद केवल विचार नहीं, बल्कि व्यवहार में लाने योग्य दर्शन है। बीके मीरा दीदी ने कहा कि डा. अंबेडकर और तथागत बुद्ध दोनों ने अहिंसा और आत्मशुद्धि पर बल दिया। समाज तभी सुधरेगा जब हम आत्मिक शांति और संयम के रास्ते पर चलें।कार्यक्रम की अध्यक्षता हरि गोविंद मिश्र ने की, जबकि आयोजन प्रधान प्रतिनिधि अमर हिन्दुस्तानी व भीम सेवा समिति के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ। इस अवसर पर हरिलाल प्रसाद, चंदन गौतम, शंभू प्रसाद, गोरख भारती, रमाकांत प्रसाद, पिंटू प्रसाद, रामसुंदर प्रसाद, बाबूनंद प्रसाद, जितेन्द्र गुप्ता, वीरेंद्र सिंह और बीर बहादुर कुशवाहा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# डीह में बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर ऐतिहासिक कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली । ग्राम सभा डीह में ग्राम प्रधान एवं प्रधान संघ अध्यक्ष श्री फूलचंद्र अग्रहरि की अध्यक्षता में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर एक भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार कोरी, खंड विकास अधिकारी शिवाकांत बाजपेई, ग्राम विकास अधिकारी शिशिर सिंह एवं विद्युत उपकेंद्र डीह एस.डी.ओ. सुरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारीगण एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक सहित उपस्थित सभी लोगों ने प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण कर मूर्ति स्थापना का शिलान्यास किया और इस पहल को अत्यंत सराहनीय बताते हुए कहा कि ''यह कार्य जिले के स्थायी रजिस्टर में दर्ज होना चाहिए और नियमानुसार मूर्ति स्थापना की जानी चाहिए। भविष्य में इससे भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें जिले के गणमान्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी आमंत्रित किए जाएंगे। इसके साथ ही विधायक अशोक कुमार कोरी ने ग्राम के विकास हेतु इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण कार्य सहित कई घोषणाएं कीं। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, महिला शक्ति और विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मियों को सम्मानित किया गया।

# बाबा साहब का आजीवन ऋणी रहेगा महिला समाज : जूही सिंह

0 बाबा साहेब के संविधान ने भेदभाव व छुआछूत मिटाकर हमें आगे बढ़ने का मौका दिया : कंति सिंह पटेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में विधानसभा ऊंचाहार के धोबहा गांव में लवलेश चौधरी के नेतृत्व में संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जन्म जयंती का कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जूही सिंह रही, उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि संपूर्ण महिला समाज आज बाबा साहेब का ऋणी है। बाबा साहब ने महिलाओं के स्तर को ऊंचा उठाने में महत्वपूर्ण योगदान किया जो स्थित महिलाओं की आजादी के पहले थी उस स्थिति से महिलाओं को बाहर निकालने में बाबा साहब ने ही मदद की हम लोग बाबा साहेब का यह उपकार जीवन भर नहीं भूल सकते।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व स्नातक एमएलसी श्रीमती कंति सिंह पटेल जी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी हम लोगों के आदर्श हैं । बाबा साहब ने दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यकों विशेष कर महिलाओं को संविधान द्वारा जो व्यवस्था प्रदान की है । उसी का परिणाम है कि हम सभी महिलाएं आज समाज में कंधे से कंधा मिलाकर साथ चल रही हैं समाजवादी पार्टी सदैव बाबा साहेब के संविधान का सम्मान करती रही है और हमारा मानना है कि देश में कोई भी कार्य संविधान के इतर नहीं होना चाहिए। संविधान ने जो हम लोगों को शक्तियां प्रदान की हैं उससे आज कोई छोटा बड़ा नहीं रह गया है।

# अंकुर बेधक, मथ मुड़िया कीट नियंत्रण के लिए जायकोर का करें प्रयोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । गन्नेकी बुवाई से कटाई तक किसी न किसी भाग में कीटों का प्रकोप होता रहता है। इस समय पौधा तथा पेंडी गन्ना फसल में अंकुर बेधक 'पिहिका' किट का प्रकोप देखा जा रहा है। इस कीट से प्रभावित गन्ना के पौधों के किनारे की दोनो पत्तियां हरी होतीं है। तथा बीच का गोंफ-सींका सुख जाता है जिसको खिंचने पर आसानी से बाहर निकल जाता है। गन्ना फसल का सबसे अधिक नुकसान गर्मी के दिनों में होता है। जैसे जैसे तापक्रम बढ़ता है। पिहीका कीट का प्रकोप बढ़ता है। यह जानकारी उ0 प्र0 गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने कसया तहसील क्षेत्र के नैका छपरा में आयोजित किसान चौपाल में दी। प्रगतिशील कृषक जगदीश सिंह जितेन्द्र दुबे, जन्टू कुशवाहा, मनीष पाठक, मनोज कुमार गुप्ता आदि किसानों को पूर्व सहायक निदेशक श्री गुप्ता ने बताया कि



कीटनाशक टेकोरेल मात्रा 8 किग्रा प्रति एकड़ प्रयोग करें। गुड़ाई करें, सिंचाई करें, तुरन्त नियंत्रण होगा। कृषि विशेषज्ञ विपिन कुमार तिवारी ने बताया कि गन्ना फसल को सर्वाधिक नुकसान पहुंचाने वाले प्रमुख कीट है। अंकुर वेधक और मथमुड़िया चोटीवेधक हैं। इन दोनों कीटों के नियंत्रण के लिए ''जयकोर'' (कैमिनोवा) कंपनी मात्रा 150 मिली को 400 लीटर पानी में घोलकर जड़ो के पास डेन्चीग करें। सिंचाई करें। मधमुड़िया कीट नियंत्रण के लिए अप्रैल, मई में जायकोर का प्रयोग करें। प्रयोग से 90 दिनो तक गन्ना फसल को सुरक्षा देता है।

मनीष, जितेन्द्र, पवन ने बतायाकि हमने श्रीमिन गोल्ड मात्रा आधा लीटर /एकड़ को 200 लीटर पानी में घोल कर गन्ना फासल में छिड़काव किया है। विकास अच्छा है, हरा भी है। गन्ना में घास के नियंत्रण के लिए केमिनोवा कम्पनी का रच्छक 230मिली/एकड़ 200 ली पानी में घोल बनाकर खेत में नमी की अवस्था में क्षिडकाव करें बेहतर रिजल्ट मिलेगा।

# जिले में हुए मनरेगा के कार्यों का होगा भौतिक सत्यापन: जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के अंतर्गत क्रियानवित कार्यों की गुण वत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशन में सघन निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन अभि यान प्रारंभ किया है।वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जि ले की 160 ग्राम पंचायतों में कराए गए कुल 1046 कार्यों का चयन जांच हेतु किया गया है।ये वे कार्य हैं जिनमें साम ग्री मद में न्यूनतम 11.85 लाख रुपये तक की व्यय राशि दर्ज की गई है।उक्त संदर्भ में जिलाधिकारी के द्वारा प्रत्येक विकासखंड हेतु वरिष्ठ जिला स्तरीय अधिकारियों को नामि त किया गया है।नामित अधिकारियों में जिला पूर्ति अधि कारी,जिला उद्यान अधिकारी,परियोजना निदेशक डीआर डीए,जिला विद्यालय निरीक्षक,उप निदेशक कृषि, अधिशा सी अभियंता जल निगम,लघु सिंचाई एवं लोक निर्माण विभाग सहित अन्य तकनीकी अधिकारी सम्मिलित हैं।निर्देशानुसार सभी नामित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत सात दिवस की समयावधि में स्थलीय सत्यापन कार्य पूर्ण कर निर्धारित प्रारूप में जांच रिपोर्ट जिला प्रशा सन को प्रस्तुत करेंगे। जांच उपरांत यदि किसी कार्यदायी संस्था या संबंधित अधिकारी की संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण एवं जनहितकारी योजना में किसी भी प्र कार की लापरवाही अथवा वित्तीय अनियमितता को सहन नहीं किया जाएगा।कार्यों की गुणवत्ता,पारदर्शिता एवं ग्रा मीण जनविश्वास बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथ मिकताओं में सम्मिलित है।

# विकास खण्ड की सर्वाधिक जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों को वितरित किये गये वाद्ययंत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय लोक कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन, प्रशिक्षण, प्रस्तुतीकरण एवं गुरू-शिष्य परम्परा के निर्वहन हेतु संस्कृति विभाग, उ0प्र0 द्वारा लोक कलाकार वाद्ययंत्र योजना के अन्तर्गत विकास भवन सभागार में आयोजित वाद्य यंत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा जनपद के समस्त विकास खण्डों के सर्वाधिक जनसंख्या वाली 14 ग्राम पंचायतों को वाद्य यंत्रों (हारमोनियम, ढोलक, झांज, मंजीरा व घुंघरू) की सम्पूर्ण किट का वितरण किया गया।वितरण कार्यक्रम के दौरान विकास खण्ड विशेश्वरगंज की ग्राम पंचायत बालापुर की ग्राम प्रधान श्रीमती गंगीत्री टण्डन, हुजूरपुर की ग्रा.पं. बसन्तपुर के श्यामलाल, पयागपुर की ग्रा.पं. शिवदहा के पचरननाथ, चित्तौरा की ग्रा.पं. रायपुर के राकेश कुमार, रिसिया की ग्रा.पं. बलभद्दरपुर के ओम प्रकाश, नवाबगज की ग्रा.पं. चौगोड़वा की श्रीमती साधना, मिहींपुरवा की ग्रा.पं. सुजौली के राजेश विकास, महसी की ग्रा.पं. रेहुआ मंसूर श्रीमती भीमा, शिवपुर की ग्रा.पं. इंटहा श्रीमती कृष्णा देवी, फखरपुर की ग्रा.पं. मंझारा तौकली की श्रीमती किरन यादव, बलहा की ग्रा.पं. नानपारा देहात के पीर गुलाम, कैसरगंज की ग्रा.पं. गोडहिया नं01 के राजाराम, जरवल की ग्रा.पं. बिराहिमपुर बिल्हौरा के फखरूद्दीन व वि.ख. तेजवापुर की ग्रा.पं. खसहा मोहम्मदपुर की ग्राम प्रधान श्रीमती आराधना यादव को वाद्ययंत्रों का वितरण किया गया।जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के सचिवों, ग्राम प्रधानों व लोक कलाकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी प्रदेश में लोक संस्कृति व लोक कलाकारों के उत्साहवर्द्धन के लिए निरन्तर प्रयत्नशील है। इसके दृष्टिगत जनपद के समस्त विकास खण्डों की सर्वाधिक जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों को वाद्य यंत्रों की सम्पूर्ण किट का वितरण किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि यह वाद्ययंत्र किसी एक व्यक्ति की सम्पत्ति नहीं होंगे।

# एसओजी टीम को मिली बड़ी सफलता, मौके से फरार होने वाले गोतस्कर किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में एस ओजी टीम ने बड़ी कार्रवाई की है,बताते है कि शांत प्रकाश दुबे पुत्र अशोक दुबे ने नवाबगंज थाने में एक लिखित तहरीर थी, कि एक अप्रैल 2025 की रात्रि करीब 11 बजे गांव के ही विन्देश सिंह पुत्र अवधेश सिंह व मन्नू सिंह पुत्र तारकनाथ द्वारा अपने अन्य दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर एक अर्धनिर्मित मकान में लगे पिलर व पेड़ में छुट्टा जानवरों को बांध रखे थे तथा रात्रि में पिकअप लाकर उस पर जानवरों को पीटकर बेरहमी से लाद कर ले गए तथा मना करने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी गयी है। सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घटना का निरीक्षण किया गया।प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नवाबगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। जिसमें थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए 24 घण्टे के अन्दर दो आरोपी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वही वांछित चल रहे आरोपियों को एसओजी टीम ने रिजवान अहमद पुत्र जाहिद निवासी ग्राम हजरतपुर थाना वजीरगंज,सलीम पुत्र अलीशेर निवासीघूसे तिवारी पुरवा थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# भाई ने सामूहिक सतुआ भोज कर मनाया सतुआन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । भोजपुरी एसोशिएसन ऑफ़ इंडिया ऌभाईङ्क के तत्वावधान में विजय चौक स्थित एस एस एकेडमी में लोक पर्व सतुवान मनाया गया , भाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि हम अपने संस्कृति को भूलते जा रहे है नई पीढ़ी को अपने तीज त्यौहार को याद कराने हेतु इस तरह के आयोजन बहुत आवश्यक है । इस अवसर पर उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय पहलवान राकेश सिंह ने कहा कि सतुवान? हिंदू धर्म का ऐसा त्योहार है जिसकी महत्ता और महत्व तो बहुत है पर इसके संवर्धन हेतु अधिक प्रयास ना होने की वजह से इसकी लोकप्रियता धीरे धीरे खत्म होने के कगार पर है , इसे पुनर्जीवित करने के लिए ''भाई '' द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम निसंदेह सराहनीय एवं प्रशंसनीय है इस अवसर पर उपस्थित सभी ने जौ और चने के सत्तू को आम पुदीने की चटनी के साथ सामूहिक ग्रहण किया। सभी आगंतुकों को तिलक कर डॉ निशि अग्रवाल व कनिष्का श्री ने पारंपरिक स्वागत किया. कार्यक्रम का संचालन अपने भोजपुरिया अंदाज़ में शिवेंद्र पाण्डे ने किया । इस अवसर पर पुष्पदंत जैन , डॉ टी एम त्रिपाठी , अनूप श्रीवास्तव , डॉ सुरेश , सुभाष दुबे , रजनीश श्रीवास्तव, अनमोल , सुशील श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव , अरुण श्रीवास्तव , प्रवीण श्रीवास्तव , धीरज सिंह , महेश गर्ग, कवि अजय कुमार , पन्नेलाल पासवान, लक्ष्मी गुप्ता , सीमा राय, नीरज सिंह,अनुराधा सिंघानिया, कनिष्का श्री , कृतिका गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में कनक हरि अग्रवाल ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया ।

# वन के साथ वन्य जीवों का संरक्षण भी जरुरी: शिवजीत सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बड़हलगंज गोरखपुर । पेड़ पौधों का हमारे जीवन में बहुमूल्य योगदान है। पेड़ पौधों के साथ ही वन्य जीव भी पर्यावरण के लिए काफी मायने रखते हैं, अतः वन के साथ वन्य जीवों का संरक्षण भी जरुरी है।उक्त बातें मंगलवार को नगर पंचायत बड़हलगंज के सभागार में वन विभाग द्वारा आयोजित वन एवं वन्य जीव सुरक्षा माह के तहत आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वन क्षेत्राधिकारी शिवजीत सिंह ने कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत वनों एवं वन्य जीवों को क्षति करने वाले पर भारतीय वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अर्न्तगत कार्यवाई भी की जा रही है।

ईओ राम समुख ने कहा कि बिना वनों के हमारा जीवन संभव नहीं है। उन्होंने समस्त नगर पंचायत कर्मियों से एक एक पौधा लगाने व उसके देखभाल के लिए भी निर्देश दिया।इस दौरान नगर पंचायत परिसर में संतरा, मौसमी व कटहल के पौधे का भी रोपण किया गया। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर, वन दरोगा मुन्नीलाल, ज्योति भूषण तिवारी, रामदवन, रामदास मद्धेशिया समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायलों का हाल जानने अस्पताल पहुंची डीएम व एसपी

0 बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । थाना पयागपुर अन्तर्गत ग्राम कटेल चौकी खुटहना के पास बहराइच की ओर से आ रही बस संख्या यूपी 65 जेटी 1757 व खुटहना के तरफ से जा रहे टेम्पो संख्या यूपी 40 टी 5965 के बीच बस द्वारा टैक्ट्रर संख्या यूपी 40 एवी 8188 को ओवर टेक करते समय हुई भीषण सड़क दुर्घटना में 05 लोगों की मौत हो गयी है जबकि 10 घायल व्यक्तियों का महर्षि बालार्क चिकित्सालय में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के साथ महर्षि बालार्क चिकित्सालय का भ्रमण कर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया तथा दुर्घटना में घायल व्यक्तियों व उनके साथ मौजूद तीमारदारों का कुशल क्षेम की जानकारी ली। डीएम ने मौके पर मौजूद मेडिकल कालेज के प्राचार्य, चिकित्सक व अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी घायलों का बेहतर ढंग से इलाज किया जाय तथा उपचार में किसी प्रकार की कमी न होने दी जाय। डीएम मोनिका रानी ने सम्बन्धित अधिकारियों को घटना स्थल का मुआयना कर दुर्घटना की जांच के भी निर्देश दिये।उल्लेखनीय है कि सड़क दुर्घटना में थाना हुज़ूरपुर अन्तर्गत ग्राम हिरईपुर निवासी अमजद पुत्र शेर अली आयु 45 वर्ष, फहाद पुत्र मुनीब आयु 05 वर्ष, अजीम पुत्र समीम आयु 12 वर्ष, मरियम पत्नी अल्ताफ आयु 65 वर्ष व मुन्नी पत्नी बाउर आयु 45 वर्ष की मृत्यु हो गयी है। जबकि घायल मोमिना पत्नी शेर अली, वाजिद पुत्र सरीफ, वाहिजाद पुत्री सरीफ, निशा पुत्री अमजद, कलीमुन निशा पत्नी जाबिर, तबसुन्न पुत्री मुमताज, सानिया पुत्री फारुख, सबा पुत्री आरित, नजमा पत्नी हनीफ व 01 अज्ञात व्यक्ति घायल हुए हैं। दुर्घटना में मामूली रूप से घायल 03 व्यक्तियों का निजी चिकित्सालय में ईलाज कराया गया है।

# अनमोल ने लोकगायक डॉ. राकेश श्रीवास्तव को पेंटिंग भेंट कर किया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । शहर का उभरता हुआ बाल कलाकार अनमोल श्रीवास्तव जो कक्षा 10 का विधार्थी है । भोजपुरी में अश्लीलता के खिलाफ किए जा रहे निरंतर प्रयास एवं लोक संस्कृति के संरक्षण के कार्यों से प्रभावित हो कर लोकगायक डॉ राकेश श्रीवास्तव को पेंसिल से बनाई हुई उनकी पेंटिंग एक कार्यक्रम में भेंट की , अनमोल अभी तक कई विशिष्ट जनों की सैकड़ो पेंटिंग बनाकर भेंट कर चुका है । इस अवसर पर उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय पहलवान राकेश सिंह , दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री पुष्पदंत जैन , शिवेंद्र पांडेय, त्रिभुवन मणि त्रिपाठी , कनक हरि अग्रवाल ,डॉ टी एम त्रिपाठी , डॉ सुरेश , प्रवीण श्रीवास्तव , अनूप श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव सहित तमाम उपस्थित लोगों ने अनमोल के कला की प्रशंसा की , इस अवसर पर उपस्थित अनमोल के पिता रजनीश श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।

## सफाई नायक पर अपशब्द कहने के साथ हमला करने का आरोप



गोण्डा। नगर पालिका परिषद गोण्डा में वार्ड मालवीय नगर में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात सफाई कर्मचारी अप ना काम कर रहा था,कि तभी वहाँ पर एक दबंग बैकलॉग सफाई नायक नूर मोहम्मद आ करके पीड़ित सफाई कर्मी को जाति सूचक भंगी जमादार व मां बहन भद्दी भद्दी गालि यां देते हुए कलर पकड़कर खींचकर वहीं पर मरना पीटना शुरू कर दिया जिससे कि सफाई कर्मी के शरीर पर चोट लगी है वही सफाई कर्मी ने सफाई नायक पर आरोप लगा ते हुए कहा है कि सफाई नायक ने हमें धमकी दी है कहा है में तुम्हें नौकरी से निकलवा दूंगा चाहे जिस अधिकारियों से तुम हमारी शिकायत करों हमारा कुछ नहीं कर पायेंगे सफाई नायक नूर मोहम्मद के द्वारा कई बार कई सफाई कर्मचारीयों के साथ इसी तरह से घटनाओं की शिकायत सम्बंधित नगर पालिका परिषद गोंडा के अधिकारियों से किया गया लेकिन अब कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है। सफाई कर्मचारी ने सफाई नायक की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है।

## रेड क्रॉस सोसाइटी का त्रिदिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

गोंडा। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज की यूनिट द्वारा त्रिदिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 13 अप्रैल 2025 से 15 अप्रैल 2025 के मध्य आयोजित किया गया। शिविर के प्रथम दिन प्राथमिक चिकित्सा की सैद्धांतिक व्याख्या सेंट जॉन एंबुलेंस बिग्रेड के कोर ऑफिसर आशीष शर्मा मास्टर ट्रेनर द्वारा स्वयंसेवकों को प्रदान की गई।शिविर के दूसरे दिन आशीष शर्मा ने प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण रेड क्रॉस के स्वयंसेवकों को प्रदान किया।जिसमें उन्होंने सर्वप्रथम रक्त संचरण एवं शारीरिक संरचना के विषय में विस्तृत व्याख्या दी।इसके पश्चात व्यक्ति के जलने ,सीढ़ी से गिरने ,हाथ कटने, हाथ या पर की हड्डियों के टूट जाने की दशा में मरीज की जांच ,उसका परिवहन ,घाव का उपचार एवं सी पीआर देने की प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक दशाएं उत्पन्न करके समझाया।साथ ही साथ सभी स्वयंसेवकों को उसकी प्रैक्टिस भी कराई। प्रैक्टिस के तहत घायलों की मदद के लिए कैसे लोगों को सहायता के लिए पुकारना है ? एंबुलेंस को कैसे बुलाना है ? पर व्यापक प्रकाश डाला।शिविर के तीसरे दिन आशीष शर्मा जी ने स्वयं सेवकों को मनोवैज्ञानिक प्राथमिक चिकित्सा के बारे में समझाया उसके बाद सांप काटने, कुत्ते के काटने पर घायलों को कैसे प्राथमिक उपचार दिया जाए इसका भी प्रशिक्षण प्रदान किया ।उसके उपरांत डॉक्टर फरूक एवं उनकी टीम द्वारा स्वयंसेवकों की रक्त जांच शिविर स्थल पर आकर की गई ।जिसमें एचआईवी , हेपेटाइटिस बी और हीमोग्लोबिन का परीक्षण किया गया।शिविर के समापन सत्र के मुख्य अतिथि वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ.पी.एन.सिंह रहे जिन्होंने बच्चों को समझाते हुए यह कहा कि आप संपूर्ण विद्यार्थियों में से सबसे भाग्यशाली हैं जिन्होंने इस प्रशिक्षण शिविर को पूरा किया है क्योंकि वह समाज में आगे जाकर किसी की मदद करने के लिए तत्पर हो सकते हैं।



## राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष का आगमन आज

बहराइच । उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त), उ.प्र. राज्य महिला आयोग अपर्णा यादव का 16 अप्रैल 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उपाध्यक्ष 16 अप्रैल 2025 को पूर्वान्ह 09:00 बजे कैसरगंज पहुंचकर आंगनबाड़ी केन्द्र कुण्डासर कैसरगंज का निरीक्षण करेंगी तथा पूर्वान्ह 10:00 बजे बहराइच पहुंचकर महिला चिकित्सालय, महिला बन्दीगृह, वृद्धाश्रम एवं वन स्टाप सेन्टर का भी निरीक्षण करेंगी। उपाध्यक्ष श्रीमती यादव पूर्वान्ह 11:30 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन, बहराइच में महिला कल्याण विभाग व अन्य जनपदीय अधिकारियों के साथ महिला उत्पीड़न की समस्याओं के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में भाग लेंगी तथा महिला जनसुनवाई करेंगी। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मा. उपाध्यक्ष सुविधानुसार लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगी। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 17 अप्रैल कोबहराइच । अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग/सचिव, जिला सड़क सुरक्षा समिति ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में 17 अप्रैल 2025 को अपरान्ह 03:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी है।

# मुजेहना में मनरेगा में लूट,केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री की ईमानदार छवि पर प्रमुख प्रतिनिधि लगा रहें बट्टा

0 परसिया पंडित,बनकटी सूर्यबली सिंह,बछईपुर,रयगाँव में मनरेगा में चल रहा है भ्रष्टाचार केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री का संसदीय क्षेत्र में क्या कार्रवाई से पीछे हट रहे जिम्मेदार


कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। मनरेगा योजना में लापरवाही एवं वित्तीय अनिय मितता को लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा व सीडीओ अंकिता जैन काफी सख्त हैं। इसके बावजूद सिस्टम बेपटरी है और केंद्र सरकार की इस अतिमहत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाने का खेल लगातार राजनीतिक संरक्षण में फल-फूल रहा है।मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर धांधली को लेकर जिले का मुजेहना ब्लॉक इन दिनों सुर्खियों में है। आरोप है कि यहां ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व कुछ अन्य लोगों की छांव में इस योजना को पलीता लगाने का खेल खेला जा रहा है।बताते चलें कि जिले के मुजेहना विकास खण्ड की प्रमुखी केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के प्रतिष्ठा का सवाल बन गया था। काफी जद्दोजहद के बाद राजा भैया भाजपा प्रत्याशी कुसमा देवी को जिताने में कामयाब रहे। ऐसे में माना जाता है कि मुजेहना ब्लॉक के प्रमुख को गोण्डा के सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह का संरक्षण प्राप्त है।यह भी माना जाता है कि राजा भैया जैसे ईमानदार छवि के राजनेता के संरक्षण वाले ब्लाक में मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना में लापर वाही एवं वित्तीय अनियमितता नहीं हो सकती है, लेकिन जमीनी हकीकत न सिर्फ चौंकाने वाली है, बल्कि कहा जा सकता है कि कुछ लोग आर्थिक लाभ के फ़ेर में स्वच्छ एवं ईमानदार छवि के राजनेता कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया की बेदाग छवि पर बट्टा लगा रहे हैं।मुजेहना ब्लॉक की ग्राम पंचायत परसिया पंडित, बछईपुर और बनकटी सूर्यबली सिंह में जिस तरह मनरेगा योजना को पलीता लगाने का खेल ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शेषराम बारी व राजा भैया के कुछ अन्य करीबियों के संरक्षण में चल रहा है,उससे न सिर्फ वित्तीय अनियमितता की पटकथा लिखी जा रही है बल्कि राजा भैया के नाम को भी बदनाम किया जा रहा है। स्थिति यह है कि गांवों में दबी जुबान लोग कहने लगे हैं कि 'प्रमुखी तो राजा भैया की है। ऐसे में चाहे जो करें।सैंया भए कोतवाल, अब डर काहे का।' दरअसल, दस अप्रैल को आंधी के साथ तेज बारिश हुई थी। मौसम ऐसा था कि लोग घरों में दुबके रहे, लेकिन ढीठ और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त ग्राम प्रधान बारिश के दौरान भी कागजों में मनरेगा श्रमिकों से काम करा रहे थे। परसिया पंडित, बछईपुर और बनकटी सूर्यबली सिंह में फर्जी तरीके से मस्टर रोल चल रहा था। परसिया पंडित गांव में दो प्रोजेक्ट पर 65 मजदूर कागजों पर काम कर रहे थे। वहीं दूसरी तरफ बनकटी सूर्यबली सिंह में ऑनलाइन मस्टर रोल संख्या 81 से 85 में 45 मजदूरों की हाजिरी दर्शायी जा रही है,जबकि दस अप्रैल को मौके पर एक भी मजदूर काम करते नहीं पाया गया। वहीं ग्राम पंचायत बछईपुर में इंटरलॉकिंग से अंत्येष्टि स्थल तक सड़क पर मिट्टी पटाई और खड़ंजा निर्माण कार्य में ऑनलाइन मस्टर रोल संख्या 25 से 27 में 32 मजदूरों की हाजिरी लगाई गई। अंचलपुर में ककरहवा तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य के ऑनलाइन मस्टर रोल संख्या 161 से 168 में 62 मजदूरों की हाजिरी दर्शायी जा रही है, लेकिन जमीनी सच्चाई चौंकाने वाली है।यहां भी बारिश के दौरान फोटो खींचकर मनरेगा के ऑनलाइन सिस्टम पर अपलोड किया गया है।इस तरह पूरे ब्लॉक क्षेत्र में मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर धांधली की शिकायतें लगातार मिल रही हैं लेकिन चूंकि यहां की प्रमुखी से केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह का नाता है,इसलिए प्रमुख प्रतिनिधि का दब दबा कायम है !

# वक्फ कानून का उद्देश्य गरीब मुसलमानों को सशक्त बनाना : कलराज मिश्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुलतानपुर। एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्रा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इसका उद्देश्य गरीब मुसलमानों को सशक्त बनाना है। वक्फ कानून संसद से पास हुआ कानून है। भारत की संवैधानिक व्यवस्था में कोई भी राज्य केंद्रीय कानून को लागू करने से इनकार नहीं कर सकता। अगर कोई ये कहता है कि हम इसे लागू नहीं करेंगे, तो यह सीधे सीधे संविधान का उल्लंघन है। वक्फ गरीबों की संपत्ति है। यह कानून संसद में सभी दलों के सांसदों द्वारा घंटों चर्चा करने के बाद बना है। भारत सरकार ने दोनों सदनों में बहुमत से वक्फ बिल को पास किया है।संसद ने वक्फ बोर्ड में जो खामियां थी उसको दूर करने का काम किया है। इसमें कहीं भी मस्जिद और जमीन को हड़पने की बात नही है।यह बिल वक्फ संपत्ति को पारदर्शी ढंग से नियमित स्वरूप प्रदान करने और ढंग से उसका सदुपयोग करने के लिए है। यह गरीब मुसलमान के हित में किया गया फैसला है। इस कानून से गरीब मुस्लिम को फायदा मिलेगा।इस बिल को सभी दलो को मनाना चाहिए। वहीं आगे कलराज मिश्रा ने राणा सांगा को लेकर किये गए सवाल पर कहा कि राणा सांगा का गौरवशाली इतिहास है। मातृभूमि के रक्षक थे। उनके बारे में जिस प्रकार की टिप्पणी की गई है वह सर्वथा ग़लत और अहितकारी है। उनके के बारे में कहा जाता है...80 घाव लगी सी तन में फिर भी व्यथा नहीं थी मन में,जो व्यक्ति जीवन भर संघर्ष करता रहा उसके बारे में अशोभनीय टिप्पणी ठीक नहीं है। देश के सम्मान के विरुद्ध है। इस समय जो करनी सेना कर रही है,विरोध करना ठीक है लेकिन हिंसा करना ठीक नहीं है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, डॉ एमपी सिंह, पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय, प्रवीन कुमार अग्रवाल, भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

# निष्ठावान कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ : किशोरी लाल शर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। कांग्रेस पार्टी के दोबारा मनोनीत जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के स्वागत व वयोवृद्ध कांग्रेसियों के सम्मान कार्यक्रम में पहुंचे अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने जहां संगठन को अनुशासन का पाठ पढ़ाया वही कांग्रेस को पुनर्जीवित करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने वक्फ बिल राणा सांगा विवाद यूपी की कानून व्यवस्था पर बेबाकी से अपनी बात रक्खी।

जिला मुख्यालय पर पहुंचने पर अमहट चैराहे के पास दर्जनों कांग्रेसियों ने उनका भव्य स्वागत किया जिला कांग्रेस कमेटी में जिला अध्यक्ष अभिषेक राणा शहर अध्यक्ष शकील अंसारी लाल पद्माकर सिंह ओम प्रकाश चैधरी प्रमोद मिश्रा लक्ष्मीकांत मिश्रा राहुल त्रिपाठी मोहम्मद अनीस खान पवन मिश्रा परमजीत सिंह आदि कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण करते हुए बुके भेंट कर श्री शर्मा का स्वागत किया। पार्टी के कार्यकर्ताओं नेताओं को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कांग्रेस पार्टी वफादारी का सम्मान करना जानती है नए संगठन के निर्माण के लिए पहले ही गाइडलाइन तय कर दी गई थी जो कांग्रेस के लिए संघर्षरत है जो काम कर रहा है उसे आगे बढ़ने का काम पार्टी नेतृत्व करेगा जो पार्टी में अनुशासन कायम नहीं करेगा उसको पार्टी दूसरे तरीके से देखती हैं। बीते 40 सालों के संगठन के अनुभव के आधार पर वह कह सकते हैं कि नई टीम कांग्रेस के उत्थान का काम करेगी। उन्होंने आगे आने वाले पंचायत चुनाव को लेकर भी कांग्रेसियों से अपनी जमीन तैयार कर चुनाव मैदान में भाग्य आजमाने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे चुनाव लड़कर ही संगठनात्मक रूप से मजबूत होकर हम राजनीति में बड़ी भागीदारी की ओर बढ़ते हैं। अगर हम पंचायत पर कब्जा कर लेंगे तो विधानसभा और लोकसभा का रास्ता वहीं से बन जाएगा बीते चुनाव में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने दिन-रात खूब मेहनत की ईमानदारी से काम किया जिसका परिणाम यह रहा कि उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन ने 43 सीट जीतकर भाजपा पर बढ़त बनाई उन्होंने कहा कि वक्फ बिल पर संसद में बहस होनी चाहिए थी उस पर चर्चा होना चाहिए रात में चोरी चुपके जबरन बिल पास कर लेना देश की जनता के साथ धोखा है। आम चर्चा के साथ अच्छे सुझावों का देशवासी स्वागत करते हैं। राणा सांगा पर दिए गए बयान पर उन्होंने कहा व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के बजाय इतिहास पढ़ने की जरूरत है उस समय के इतिहासकारों ने जो लिखा उसे ही सही माना जाना चाहिए किसी व्यक्ति की बात पर कोई भरोसा नहीं करना चाहिए वाराणसी में युवती के साथ हुए जघन्य कांड को लेकर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जिले के अधिकारी पूरी तरह फ़ेल हो गए हैं प्रधानमंत्री की नाक के नीचे इतनी बड़ी घटना हो गई और कोई बोलने को तैयार नहीं प्रदेश की कानून व्यवस्था बहुत ही भयावह है महिलाओं को पूरे प्रदेश में डर लगने लगा है। स्वागत कार्यक्रम को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव बीपी सिंह वरिष्ठ नेता प्रमोद मिश्रा प्रदेश सचिव आजमगढ़ प्रभारी मोहम्मद अनीस खान पूर्व मंत्री ओमप्रकाश त्रिपाठी वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत मिश्रा ने संबोधित किया किशोरी लाल शर्मा ने यहां जिले के सभी ब्लॉकों से आए हुए पांच दर्जन वरिष्ठ कांग्रेसियों को उनके योगदान के लिए अंग वस्त्र पहनकर स्वागत किया।

## दो धड़ों में बंटी सुल्तानपुर कांग्रेस

आज सुल्तानपुर कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के पदभार ग्रहण करने हेतु कांग्रेस कमेटी में एक सभा का आयोजन हुआ जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में अमेठी के सांसद किशोरीलाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में आये जिसमें पार्टी का एक धड़ा जो नवनियुक्त अध्यक्ष जो पुनः अध्यक्ष बने है का विरोध कर रहा है लगभग 80 से 100 की संख्यां में अमहट पार्क के गेट पर स्वागत करके अपना रोष प्रगट किये और विरोध को सांसद को अवगत कराये !

# अधिवक्ताओं ने चुनाव की करी मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। अधिवक्ताओं ने एक पत्र जारी कर कहा कि प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन का कार्यकाल माह दिसंबर 2024 में समाप्त हो चुका है और एक बार संगठन की सामान्य सभा में चुनाव घोषणा करने के बाद भी 4 माह से अधिक का समय बीत गया लेकिन अभी तक चुनाव की घोषणा नहीं की गई। साथ ही संगठन ने चुनाव भी नहीं कराए हैं।और एल्डर्स कमेटी ने भी कोई अभी तक कदम नहीं उठाया है। संगठन के समस्त अधिकार समाप्त होकर एल्डर कमेटी में निहित हो चुके हैं।चुनाव न होने के कारण अधिवक्ताओं में भारी रोष दिखाई दे रहा है। साथ ही न्यायालय में और राजस्व कार्यालय में संगठन के पदाधिकारी की उदासीनता के कारण भ्रष्टाचार हो रहा है। उसे सुनने वाला कोई नहीं है। तथा कर्मचारी निरंकुश होते जा रहे हैं। अधिवक्ताओं ने जल्द ही एल्डर कमेटी की मीटिंग बुलाकर तत्काल चुनाव कराने की मांग की है। पत्र में मुख्य रूप से अधिवक्ता यूनुस खान, प्रेमपाल,जैतराम पासवान, विशाल शर्मा, इफ्तिखार खान, नत्थू लाल पांडे,रवि कुमार वर्मा,पंकज वर्मा, निलेश कुमार, संजीव सक्सेना ,मनोज वर्मा ,कासिम खान, प्रदीप भारती,अमित पांडे, प्रिंस कुमार पांडे, देवेंद्र कुमार, सुरजीत कुमार, सुरेंद्र शर्मा, विपिन सक्सेना, फजल अहमद, नईम खान, शाहिद खा सहित कई दर्जन अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर है।

# औपचारिक शिक्षा से जुड़ने के लिए परिषदीय विद्यालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत। निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम फ़ेज 2 विद्यायल प्रवेश की गाइड लाइन्स के अनुसार 12 सप्ताह का गतिविधि आधारित कार्यक्रम कक्षा एक के लिए विद्यालय स्तर पर प्रारंभ हुआ है।इस कार्यक्रम के फलस्वरूप आंगनबाड़ी से आए हुए बच्चे विद्यालय की औपचारिक शिक्षा से जुड़ने हेतु मानसिक रूप से तैयार हो सकेंगे एवं गतिविधियों में सक्रियता के साथ प्रतिभाग करेंगे।विकास खंड मरौरी के प्राथमिक विद्यालय पिपरिया अगरु में कक्षा एक में मौखिक खेल व बातचीत के साथ स्कूल रेडीनेस का कार्यक्रम आरम्भ हुआ है। जिसमें विभाग द्वारा दी गई बड़ी किताबें जिसको की बिग बुक के नाम से जाना जाता है।बच्चों का बिग बुक से परिचय करवाया गया,मोड़ - तोड़ कर पुराने खराब काग़ज़ की गेंद बनवाई गई, जिसमें बच्चों ने बड़ी रुचि दिखाई।चार्ट -पोस्टर देकर गिनती से परिचय भी करवाया गया,मुक्त चित्रकारी भी करवाई गई,जिसमें बच्चों ने बहुत ही उत्साह से प्रतिभाग किया व सभी चित्रों को कक्षा में बने कला के कोने में लगाया गया।नोडल अध्यापक सय्यदा व सरिता मिश्रा द्वारा सभी बच्चों का प्रोत्साहन किया गया।इस अवसर पर सभी बच्चों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे।

# रूह अफ़ज़ा को शरबत कह देना ये शायद उसकी तौहीन होगी ये कोई आम पेय नहीं, बल्कि एक रवायत : सलमान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर। एक विरासत है एक इमोशन है जो बोतल से ज़्यादा दिलों में बंद रहती है। ये वो एहसास है, जिसे पीते नहीं, महसूस किया जाता है। गर्मियों की पहली लू जैसे ही चलती है। घर की रसोई में रूह अफ़ज़ा की बोतल सामने आ जाती है। जैसे माँ की ममता ने गर्मी को हराने के लिए अपना कोई सीक्रेट हथियार निकाल लिया हो। एक पुरानी ट्रे में रखे दो गिलास,उनमें बर्फ के टुकड़े, और ऊपर से गहरा गुलाबी रूह अफ़ज़ा वो सीन किसी पेंटिंग से कम नहीं लगता जब कोई मेहमान घर आता है।तो उससे पहले आवाज़ आती ''बच्चा, ज़रा रूह अफ़ज़ा बनाना''। माँ की वो आवाज़ सिर्फ़ मेहमान नवाज़ी नहीं, एक सम्मान है। एक गुलाबी शरबत में वो अपनापन घुला होता है।जो चाय या कॉफी कभी नहीं दे सकती। रमज़ान की इफ्तारी में रूह अफ़ज़ा का गिलास सजे बग़ैर मेज़ अधूरी लगती है। हर रोज़े के बाद वो पहला घूँट जैसे रूह को ताज़ा कर देता है। उसमें मिठास नहीं, सुकून घुला होता था।और वो सुकून दुनिया की किसी दुकान में नहीं मिलता है। कभी-कभी लगता है।कि रूह अफ़ज़ा सिर्फ स्वाद नहीं,एक पुल है।जो बचपन से आज तक जोड़ता है।रूह अफ़ज़ा की बोतल में सिर्फ़ गहरा गुलाबी लिक्विड नहीं रहता है। बल्कि उसमें यादें तैरती हैं। इमोशंस डुबकियां लगाते हैं।उक्त विचार उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नेता सलमान खान के है।

## अतिक्रमण मुक्त कराए गए सरकारी जमीन पर दंबग कर रहे कब्जा

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र में वैसे तो अधिकांश सरकारी जमीनो पर भूमाफियाओं ने राजस्व विभाग की मिली भगत से अनाधिकृत रूप से कब्जा कर किया गया है यही सवाल है कि कब्जा मुक्त की गई सरकारी जमीन पर दंबग कब्जेदार पुनः कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। मामला तहसील बल्दीराय क्षेत्र के सतहरी का है ग्रामीणो के अनुसार यहां इमारती लकड़ी का वन गाटा संख्या 298 जो राजस्व खाते में दर्ज है उक्त सरकारी जमीन पर पानी के निकास हेतु एक नाला सुरक्षित किया गया था जिस पर गांव के ही दबंग राम केवल सहित कई लोगों ने छप्पर आदि रखकर अवैध कब्जा किया गया था। बरसात में जलनिकासी न होने से इमारती लकड़ी वन का पानी गांव में भर जाता था ग्रामीणों की शिकायत पर तहसील प्रशासन द्वारा जल निकासी के रास्ते से अवैध कब्जा हटवा कर वहां नाले की खुदवाई करवा दी लेकिन अब इसी नाले पर दंबग द्वारा पुनः मिटटी पाटकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण बताते है कि अगर पुनः नाले पर कब्जा किया गया तो पूरा गांव जलमग्न हो जाएगा ग्रामीणो ने उप जिलाधिकारी गामिनी सिंगला को जरिए प्रार्थना पत्र अवैध कब्जा करने से रोकने की मांग की है उप जिलाधिकारी ने बताया कि संबधित लेखपाल को आदेश दिया गया है जल्दी ही कार्यवाही की जाएगी।

## जैसे पिता अपने पुत्र की देखभाल करता है वैसे ही वृक्ष की देखभाल करनी चाहिए

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले की बल्दीराय तहसील अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कांपा में वर्षिकोत्सव व विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के कक्षा 5 पास बच्चों को रेड मचेरा के पौधे उपहार स्वरूप प्रदान किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों की सुरक्षा का वचन लिया गया। विद्यालय के शासन से पुरस्कृत अध्यापक वैभव सिंह कहा कि ल्जैसे पिता अपने पुत्रों की देखभाल एवं सुरक्षा करते हैं वैसे ही हमें भी अपने आसपास लगाए गये पौधों की देखभाल एवं सुरक्षा करनी चाहिए। विद्यालय मे सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले, विद्यालय सर्वाधिक उपस्थिति, स्वच्छता एवं बागवानी पर विशेष कार्य करने वाले बच्चो को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन विवेकानंद ओझा ने किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बल्दीराय के अध्यक्ष वेद प्रताप सिंह मंत्री हीरालाल यादव, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, दुर्गेश सिंह, जितेंद्र बहादुर सिंह, करुणा शंकर पाठक अखिलेश वर्मा श्रीकांत मिश्रा, ओम प्रकाश यादव, राजितराम अतरसेन यादव, रामजीत रामकरन मौर्य, संजय ओझा, लवलेश कुमार, संध्या हरिकेश कुमार, संदीप वर्मा, रमेश कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## पुलिस की सक्रियता से महिला सहायता परामर्श केंद्र से 03 जोड़े की विदाई

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में महिला परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी सीमा सरोज, वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडे, अपराध निरोधक समिति सचिव अमर बहादुर सिंह सदस्य के अथक प्रयासों से पति पत्नी के मध्य चल रहे विवाद को समझा बुझाकर पति के साथ विदाई कराई गई। यह प्रकरण काफी समय से विवादित चल रहा था किंतु आज सारे मतभेदो को भूलाकर पति पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राज़ी हो गए दोनो परिवारो ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। लगभग सैकड़ों परिवार जो मन मुटाव के चलते अलग अलग रह रहे थे वे आज परिवार परामर्श महिला सहायता केन्द्र के सदस्यों के अथक प्रयास से एक दूसरे के साथ जीवन यापन कर हसी ख़ुशी जीवन बसर कर रहे हैं पुलिस विभाग का यह बहुत ही सराहनीय कदम है।

## दुकानदार की बाइक चुराने वाले की हुई पहचान, मुकदमा दर्ज

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली देहात के धरौली में सोमवार की सरेशाम हुई बाइक चोरी की घटना क़ो अंजाम देकर नवागत कोतवाल अखंड देव मिश्रा क़ो आरोपी ने चुनौती पेश की थी। दुकानदार की शिकायत पर खंगाले गए सीसीटीवी फुटेज से पुलिस क़ो मदद मिली, कुछ ही देर में चोर की पहचान हुई। शिनाख्त के बाद पुलिस फ़ोर्स ने आधी रात इस्लामगंज निवासी भीम प्रकाश उर्फ़ ननकुट्टे क़ो घर से दबोच लिया। घर में छिपा कर रखी गई बाइक बरामद कर आरोपी समेत कोतवाली ले गई। मंगलवार काफ़ी देर तक आरोपी के कुछ मददगार सेटिंग गेटिंग के लिए जुटे, परन्तु वर्दी के इक़बाल पर धब्बा लगा रहे आरोपी क़ो इस बार राहत नहीं मिली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है, जेल भेजने की कार्यवाही की जा रहीं है।

## 'धरौली में हो चुकी हैं कई चोरियां'

**भदैया, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** धरौली बाजार में आधा दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। ज्यादातर दुकानदार ही बदमाशों के निशाने पर रहे हैं। कुछ के मुकदमे दर्ज हैं तो कुछ में पुलिस ने तहरीर लेकर कूड़े में फेंक दिया है। धरौली बाजार में टप्पेबाजी व चोरी की घटनाएं आए दिन होती रहती हैं। पुलिस की खाऊ कमाऊ नीति से अपराधियों के मनोबल बढ़े हैं।

# चोरी की पांच बाइकों के साथ पांच शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी। थाना जगदीशपुर पुलिस एवं स्वाट सर्विलांस टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भण्डाफोड़ किया है। पुलिस की संयुक्त टीम ने चोरी की पांच मोटरसाइकिलों के साथ पांच शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से दो तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह व स्वाट सर्विलांस टीम प्रभारी अनूप सिंह मय हमराह तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान क्षेत्र में मौजूद थे तभी मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग नया बाईपास ग्राम सिधियावां के पास चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ खड़े हैं।उक्त सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जगदीशपुर द्वारा क्षेत्र में मौजूद जगदीशपुर थाने की दो अन्य पुलिस टीम को मौके पर पहुंचने के लिये बताया गया। प्रभारी निरीक्षक मय हमराही द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर पांच संदिग्ध व्यक्तियों को घेर कर पकड़ लिया गया। पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूंछने पर एक ने अपना नाम गोविन्द पुत्र संतराम,दूसरे ने विपिन पुत्र नकछेद, तीसरे ने आनन्द कुमार पुत्र अमर,चौथे ने आदित्य कुमार पुत्र छब्बा व पांचवे ने दीप कुमार पुत्र स्वर्गीय मोहन निवासीगण मोहल्ला गांधीनगर कस्बा व थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी बताया। पुलिस टीम ने आदित्य की तलाशी में उनके कब्जे से एक तमंचा एक कारतूस व दीप कुमार के कब्जे से एक तमंचा एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस की पूंछतांछ में इन वाहन चोरों ने बताया कि हम लोग मिलकर थाना क्षेत्र जगदीशपुर, कमरौली व आसपास के थानो व जिलो में एक साथ जाकर मोटरसाइकिल चोरी करते हैं । चोरी की मोटरसाइकिल की पहचान छुपाने व पकड़े जाने से बचने के लिये हम लोग मोटरसाइकिल का नंबर प्लेट बदलकर नकली नंबर प्लेट लगा देते हैं या खरोच देते हैं मोटरसाइकिल को एक जगह इक्ट्ठा करके बेच देते हैं। पुलिस टीम ने इन की निशानदेही पर नया बाईपास के किनारे बाउंड्री की आड़ में छिपाकर रखी गयी चोरी की पांच मोटरसाइकिल बरामद किया है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त बाइकें निहालगढ़, पालपुर, लपकटना सहित अन्य गांवों से चोरी की गई थी।

# विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता समेत दो दर्जन से अधिक कार्मिक मिले अनुपस्थित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### डीएम निशा अनंत ने अनुपस्थित कार्मिकों का एक दिन का वेतन रोकते हुये स्पष्टीकरण मांगा

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने सोमवार को कार्यालय अधीक्षण अभियंता विद्युत, 132 केवी विद्युत उपकेंद्र एवं कंट्रोल रूम, कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय अमेठी एवं कार्यालय अधिशासी अभियंता प्रथम गौरीगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता गौरीगंज सहित अड़तालिस में से पच्चीस कार्मिक बिना बताये अनुपस्थित पाये गये हैं जिनका जिलाधिकारी ने एक दिन का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया। बताते चलें कि आज प्रातः सवा दस बजे विद्युत विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण करने पहुंची जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम अधीक्षण अभियंता विद्युत के कार्यालय का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता रविकांत अनुपस्थित मिले साथ ही जिलाधिकारी द्वारा अन्य कार्मिकों की उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया गया जिसमें छह नियमित कर्मचारियों में से पांच कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये तथा ग्यारह संविदा कर्मचारियों में से छह कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इसके उपरांत 132 केवी विद्युत केंद्र एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया यहां पर कुल बारह कर्मचारियों में से छह कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इसके पश्चात उन्होंने कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय अमेठी का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता रोहित सिंह उपस्थित मिले किंतु अन्य नौ कर्मचारियों में से छह कर्मचारी बिना किसी कारण के अनुपस्थित पाये गये। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम गौरीगंज का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता अभिषेक कुमार सहित दस में से दो कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों का जिलाधिकारी ने एक दिन का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित पाये गये अधिकारियों, कर्मचारियों से विद्युत वितरण एवं बिलिंग की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने अपने कार्यालय में समय से आय एवं कार्यों को संपादित करें। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत तिलोई का प्रातः 11:09 बजे औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सतेंद्र पाण्डेय सहित नौ में से दो कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया द्वारा प्रातः साढ़े ग्यारह बजे कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत जगदीशपुर का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता हर्षित श्रीवास्तव सहित आठ में से एक कार्मिक अनुपस्थित पाए गए जिनका एक दिन का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया गया।

## प्राथमिक विद्यालय में हुई निबंध लेखन प्रतियोगिता

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मरौरी विकासखंड की ग्राम पंचायत पिपरिया अगरु में स्थित प्राथमिक विद्यालय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में बच्चों ने बाबा साहब की जीवनी को अपने अपने-अपने शब्दों में लिखा है।कक्षा 5 की छात्रा सारिका ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। द्वितीय स्थान पर कक्षा चार की छात्रा अंश रही हैं।तृतीय स्थान पर कक्षा 5 की छात्रा सपना रही है।सभी सफल हुए छात्र-छात्राओं को प्रधानाध्यापिका सय्यदा ने पेंसिल,रंग सहित अन्य लेखन सामग्री देकर सम्मानित किया है।

## सामूहिक विवाह का हुआ आयोजन मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रही महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** साक्षम फाऊंडेशन ट्रस्ट के माध्यम से गरीब एवं अनाथ आशा है कन्याओं के विवाह के लिए सामूहिक विवाह समारोह ग्राम मजीदपुर व बड़ागांव में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गीता मिश्रा मौजूद रही हैं। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह समारोह वर्तमान समय की जरूरत है।इस प्रकार के आयोजन में से फिजूल खर्च पर लगाम लगती है। बिना दहेज के विवाह संपन्न होना समाज के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों एवं बुजुर्गों ने वर वधू को आशीर्वाद दिया एवं उनके उज्जवल वैवाहिक जीवन की कामना की है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी राजेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष पूनम, सचिव विवेक श्रीवास्तव, प्रबंधक अरमिंदर सिंह उपस्थित रहे हैं।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने 9 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौपा

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने मंगलवार को मासिक पंचायत की जिसमें दर्जनों किसानों की आग में जली गेहूं की फसल, आवारा पशुओं की समस्या व जंगली जानवरों की समस्या सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा कर 9 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि दर्जनों किसानों की फसल आग लगने से जलकर राख हो गई और अभी तक किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया। जबकि दुसरे जिलों में 24 घंटों किसानों को मुआवजे की राशि प्रशासन के द्वारा उपलब्ध करा दी गई है। आवारा पशु व जंगली जानवर किसानों के लिए मुसीबत बने हैं। उसके बाद भी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पूरनपुर में राइस मिलर्स के द्वारा किसानों से सीधी गेहूं की खरीद कर कटौती की जा रही है। नहरों की सफाई न होने से समय से किसानों को सिचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसी समस्याओं को लेकर 9 सूत्रीय ज्ञापन भाकियू ने एसडीएम को सौंपा है।

## विधुत पोल लगाने की मांग को लेकर एसडीओ को सौपा शिकायती पत्र

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बार्ड नंबर 6 पंजा शाह कॉलोनी के रहने वाले लोगों ने मंगलवार को विधुत विभाग एसडीओ को दिए शिकायती पत्र में बताया। कि कॉलोनी में काफी दूरी पर विधुत पोल लगे हुए हैं। जिसकी वजह से विधुत कनेक्शन स्वामियों को लकड़ी व बास के सहारे विधुत केबिल डालकर लाना पड़ रही हैं। आंधी पानी आने पर विधुत केबिल हिल जाती हैं। जिस कारण विधुत सप्लाई बंद हो जाती है। इसको लेकर समस्या का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग के एसडीओ को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। इस दौरान दानिश, मोबीन, सलीम, मोहम्मद हसन, जान मोहम्मद मौजूद रहे।

## पति पत्नी का विवाद पड़ोसी ने साथी की मदद से घर में घुसकर ग्रामीण की पिटाई, मामले में पुलिस से की शिकायत

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बिलहरी के रहने वाले मनोज कुमार पुत्र कृष्ण कुमार ने मंगलवार को बताया। कि सोमवार की रात लगभग दस बजे वह अपनी पत्नी को डांट रहा था। आरोप है कि वह दरवाजे पर निकला तभी पड़ोसी उसके साथ गालीगलौज करने लगा ग्रामीण विरोध कर घर में चला गया। इस के बाद पड़ोसी अमन मिश्रा अपने दोस्त के साथ घर में घुसकर ग्रामीण की लाठी डंडे से पिटाई कर दी और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। घायल पीड़ित ग्रामीण ने मामले में कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की है।

# बेहाल बुजुर्ग

केरल की गिनती देश के सबसे शिक्षित राज्यों में होती है। लेकिन आज 94 फीसदी साक्षरता वाले इस राज्य में बुजुर्ग शिक्षित युवाओं के पलायन का संत्रास झेल रहे हैं। राज्य के करीब 21 लाख घरों में युवाओं के पलायन करने के कारण सिर्फ बुजुर्ग बचे हैं। गांव के गांव पलायन का दंश झेलते हुए वीरान हो चुके हैं। लाखों घरों में सिर्फ ताले लटके नजर आते हैं। दरअसल, समुद्र तट से लगे इस राज्य में खाड़ी के देशों में जाकर सुनहरा भविष्य तलाशने की होड़ लगी रही है। शिक्षा ने जहां प्रगतिशील सोच दी है, वहीं अंतहीन भौतिक लिप्साओं को भी जगाया है। यह होड़ हाल के वर्षों में पंजाब-हरियाणा में भी नजर आ रही है। वैसे तो यह हमारे नीति-नियंताओं की नाकामी का भी परिणाम है कि हम युवाओं को उनकी योग्यता-आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार देश में नहीं दे पाए। उन्हें न अपनी जन्मभूमि का सम्मोहन रोकता है और न ही यह फिक्र कि उनके जाने के बाद बुजुर्ग माता-पिता का क्या होगा। एकाकीपन का त्रास झेलते केरल के इन गांवों में बुजुर्गों के पास पैसा तो है मगर समाधान नहीं है। सामाजिक सुरक्षा की वह छांव कहां, जिसमें बुजुर्ग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। केरल के कई गांवों में लोग एक दिन हर बुजुर्ग का हाल पूछते हैं कि क्या वे सुरक्षित हैं। वे चर्च व पंचायतों में बैठकें करते हैं ताकि एक-दूसरे के हाल-चाल जान सकें। निश्चय ही ऐसे वैकल्पिक प्रयासों से सामाजिक सुरक्षा को संबल मिलेगा। बताते हैं कि मार्च माह के अंत में बुजुर्गों के इस एकाकीपन के संकट को महसूस करते हुए केरल सरकार ने एक वरिष्ठ नागरिक आयोग बनाने की घोषणा की है। यह वक्त बताएगा कि लाल-फीताशाही व घुन लगी व्यवस्था में ये आयोग कब तक कारगर भूमिका निभाना शुरू करेगा। लेकिन फिर भी जिस राज्य में हर पांचवें घर से एक व्यक्ति विदेश चला गया है, वहां ऐसा आयोग एक सीमा तक तो सहायक ही हो सकता है। देखना होगा कि सरकारी अधिकारी कितनी संवेदनशीलता से बुजुर्गों की समस्याओं का समाधान करते हैं। सरकार का दावा है कि यह आयोग एकाकीपन का त्रास झेल रहे बुजुर्गों के अधिकार, कल्याण और पुनर्वास के लिये काम करेगा। निस्संदेह, बुजुर्गों की आवश्यकताएं सीमित होती हैं। लेकिन उनका मनोबल बढ़ाने की जरूरत है। सबसे ज्यादा जरूरी उनकी स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं दूर करना है। बेहतर चिकित्सा सेवा व घर-घर उपचार की सहज उपलब्धता समस्या का समाधान दे सकती है। लेकिन देखना यह होगा कि भ्रष्टाचार के घुन से खोखली होती व्यवस्था में वरिष्ठ नागरिक आयोग ऐसे संकट का कारगर समाधान उपलब्ध कराने में किस हद तक सफल हो पाता है। वैसे अकेले रह रहे बुजुर्गों को भी इस दिशा में पहल करनी होगी। सामाजिक सक्रियता इसमें सहायक बनेगी। नीति-नियंताओं को सोचना होगा कि अगले दशकों में युवा भारत बुजुर्गों का भारत बनने वाला है। वर्ष 2050 तक भारत में साठ साल से अधिक उम्र के 34.7 करोड़ बुजुर्ग होंगे। क्या इस चुनौती से निपटने को हम तैयार हैं?

राज्य के करीब 21 लाख घरों में युवाओं के पलायन करने के कारण सिर्फ बुजुर्ग बचे हैं। गांव के गांव पलायन का दंश झेलते हुए वीरान हो चुके हैं। लाखों घरों में सिर्फ ताले लटके नजर आते हैं। दरअसल, समुद्र तट से लगे इस राज्य में खाड़ी के देशों में जाकर सुनहरा भविष्य तलाशने की होड़ लगी रही है। शिक्षा ने जहां प्रगतिशील सोच दी है, वहीं अंतहीन भौतिक लिप्साओं को भी जगाया है। यह होड़ हाल के वर्षों में पंजाब-हरियाणा में भी नजर आ रही है।

# अराजकता में डूबे बंगाल में नाउम्मीदी का अंधेरा

वक्फ कानून का विरोध करने सड़क पर उतरे तत्वों के दुस्साहस का पता इससे चलता है कि वे सीमा सुरक्षा बल के जवानों को भी निशाना बनाने से नहीं हिचक रहे हैं। उनके इसी दुस्साहस के चलते मुर्शिदाबाद के हिंदुओं ने खुद को असहाय पाया। बंगाल में कानून के शासन ने सुनियोजित हिंसा के दुष्चक्र के समक्ष एक बार फिर समर्पण कर दिया। बंगाल में इसके पहले भी ऐसा हो चुका है। मई 2021 में विधानसभा चुनावों के बाद वहां तृणमूल समर्थक तत्वों ने अपने राजनीतिक विरोधियों को इतना आतंकित किया था कि वे जान बचाने के लिए असम में शरण लेने को मजबूर हुए थे। तब भी वहां पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी। ताजा हिंसक हालातों में राज्य सरकार और उसके नेता यह झूठ देश के गले में उतारने में लगे हुए हैं कि बंगाल में स्थितियां नियंत्रण में हैं। यह कैसा नियंत्रण है? यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा दोगलापन है? जिसमें एक समुदाय खुलेआम दूसरे समुदाय को निशाना बना रहा है। खुलेआम सार्वजनिक मंचों पर राष्ट्र-विरोधी विचारों का जहर घोला जा रहा है। वक्फ कानून में संशोधन का विरोध विडम्बनापूर्ण होने के साथ देश में अराजकता फैलाने का माध्यम बना हुआ है। वक्फ कानून में संशोधन के तहत किसी मस्जिद, मदरसे आदि को लेकर किसी भी तरह के नुकसान, कब्जा करने या दखल की बात नहीं कही गयी है। इसके विरोधी चाहे जो तर्क दें, इससे कोई इंकार नहीं कर सकता कि वक्फ बोर्ड भ्रष्टाचार का अड्डा बने हुए थे और सरकारी-निजी जमीनों पर मनमाने तरीके से दावा कर दिया करते थे। उनकी इस मनमानी का शिकार अनेक मुस्लिम भी थे। क्या वक्फ कानून के विरोधी यह बताने की स्थिति में हैं कि वक्फ बोर्डों ने अभी तक कितने गरीब मुसलमानों की सहायता की? यह पहली बार नहीं है, जब किसी कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरकर उपद्रव, हिंसा, आगजनी की जा रही हो। इसके पहले नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ भी ऐसा ही किया गया था। तब यह झूठ फैलाया जा रहा था कि इस कानून के जरिये मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी।

बंगाल में वक्फ कानून को लेकर हिंसा का सिलसिला जिस तरह तेज और सांप्रदायिक होता जा रहा है, जिस तरह से हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें मुर्शिदाबाद से पलायन को विवश किया जा रहा है, वह मुस्लिम तुष्टीकरण और दुष्प्रचार की खतरनाक राजनीति का प्रतिफल तो है ही, वह कुशासन एवं अराजकता की भी चरम पराकाष्ठा भी है। नए वक्फ कानून को लेकर कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम समाज को विशेषतः किशोर बच्चों को हिंसा एवं तोड़फोड के लिये जानबूझकर सड़कों पर उतारने में लगे हुए हैं। वे उन्हें अराजकता एवं उन्माद के लिए उकसा भी रहे हैं और तरह-तरह से प्रोत्साहन दे रहे हैं। अराजकता फैलाने वाले किस तरह बेखौफ हैं, इसकी पुष्टि इससे होती है कि वे सरकारी-गैरसरकारी वाहनों को तोड़ने, जलाने के साथ पुलिस पर भी हमले कर रहे हैं। बंगाल के विभिन्न जिलों में वक्फ कानून के विरोध के बहाने फैलाई जा रही अराजकता इसलिए भी थमने का नाम नहीं ले रही हैं, क्योंकि खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कानून के खिलाफ खड़ी होकर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, हिन्दुओं में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है। यह बंगाल पुलिस के नाकारापन एवं ममता सरकार के मुस्लिम तुष्टिकरण का ही दुष्परिणाम है कि मुर्शिदाबाद के साथ ही अन्य शहरों में भी वक्फ कानून के विरोध की आड़ में हिंसा, तोड़फोड, आगजनी हो रही है। खतरनाक यह है कि इस दौरान हिंदुओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वक्फ कानून विरोधियों की अराजकता से उपजे हालात का संज्ञान लिया। मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। इससे शर्मनाक एवं दर्दनाक और कुछ नहीं हो सकता कि मुर्शिदाबाद में 11 अप्रैल को हुई हिंसा के बाद करीब 500 हिंदू पलायन कर गए हैं। हिंदू परिवारों का आरोप है कि हिंसा के दौरान उनको चुन-चुनकर निशाना बनाया गया। उनके पीने के पानी में जहर तक मिला दिया गया है। इस हिंसा की जांच एजेंसियों ने पोल खोल दी है, यह हिंसा पूरी प्लानिंग के तहत की गई थी, जिसमें तुर्की से फंडिंग और स्थानीय मदरसों की मिलीभगत सामने आई है। हमलावरों को ट्रेनिंग दी गई और इनाम की व्यवस्था भी की गई थी। ममता बनर्जी एवं उनकी सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी एवं नेता बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है। वक्फ कानून का विरोध करने सड़क पर उतरे तत्वों के दुस्साहस का पता इससे चलता है कि वे सीमा सुरक्षा बल के जवानों को भी निशाना बनाने से नहीं हिचक रहे हैं। उनके इसी दुस्साहस के चलते मुर्शिदाबाद के हिंदुओं ने खुद को असहाय पाया। बंगाल में कानून के शासन ने सुनियोजित हिंसा के दुष्चक्र के समक्ष एक बार फिर समर्पण कर दिया। बंगाल में इसके पहले भी ऐसा हो चुका है। मई 2021 में विधानसभा चुनावों के बाद वहां तृणमूल समर्थक तत्वों ने अपने राजनीतिक विरोधियों को इतना आतंकित किया था कि वे जान बचाने के लिए असम में शरण लेने को मजबूर हुए थे। तब भी वहां पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी। ताजा हिंसक हालातों में राज्य सरकार और उसके नेता यह झूठ देश के गले में उतारने में लगे हुए हैं कि बंगाल में स्थितियां नियंत्रण में हैं। यह कैसा नियंत्रण है? यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा दोगलापन है? जिसमें एक समुदाय खुलेआम दूसरे समुदाय को निशाना बना रहा है। खुलेआम सार्वजनिक मंचों पर राष्ट्र-विरोधी विचारों का जहर घोला जा रहा है। वक्फ कानून में संशोधन का विरोध विडम्बनापूर्ण होने के साथ देश में अराजकता फैलाने का माध्यम बना हुआ है। वक्फ कानून में संशोधन के तहत किसी मस्जिद, मदरसे आदि को लेकर किसी भी तरह के नुकसान, कब्जा करने या दखल की बात नहीं कही गयी है। इसके विरोधी चाहे जो तर्क दें, इससे कोई इंकार नहीं कर सकता कि वक्फ बोर्ड भ्रष्टाचार का अड्डा बने हुए थे और सरकारी-निजी जमीनों पर मनमाने तरीके से दावा कर दिया करते थे। उनकी इस मनमानी का शिकार अनेक मुस्लिम भी थे। क्या वक्फ कानून के विरोधी यह बताने की स्थिति में हैं कि वक्फ बोर्डों ने अभी तक कितने गरीब मुसलमानों की सहायता की? यह पहली बार नहीं है, जब किसी कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरकर उपद्रव, हिंसा, आगजनी की जा रही हो। इसके पहले नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ भी ऐसा ही किया गया था। तब यह झूठ फैलाया जा रहा था कि इस कानून के जरिये मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी। अब यह झूठ फैलाया जा रहा है कि नए वक्फ कानून के जरिये सरकार मस्जिदों और कब्रिस्तानों पर कब्जा करना चाहती है। यह निरा झूठ और शरारत ही है। वक्फ कानून के विरोधी भले ही लोकतंत्र और संविधान की दुहाई दे रहे हों, लेकिन ये उसकी धज्जियां ही उड़ा रहे हैं। वे वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की प्रतीक्षा करने के लिए तैयार नहीं। मुर्शिदाबाद हिंसा के जरिए पूरे बंगाल में हिंसा फैलाने का प्लान तुर्की में बनाया गया था, इसके जरिए बंगाल के हालात भी ठीक बांग्लादेश की तरह करने की कोशिश थी। हिंसा को लेकर बाकायदा एक लिस्ट तैयार की गई थी कि कौन कहां नुकसान करेगा और लूटपाट मचाएगा। इसके साथ ही इनाम देने को लेकर योजनाएं बनाई गयी। हिंसा के दौरान इस बात का खास ध्यान देने का अलर्ट किया गया कि रेल और नॉर्मल ट्रांसपोर्ट न चल पाए। मौका मिलने पर हिंदुओं की हत्या करना भी टारगेट था। कुछ हिन्दुओं को मारा भी गया है। हिंदुओं के घरों के साथ मंदिरों पर हमले किए गए, घर जलाए गए, आजीविका नष्ट की गई, बलात्कार की धमकियां दी गयी, उससे यही स्पष्ट हो रहा है कि नए वक्फ कानून का विरोध करने वाले न केवल सांप्रदायिक घृणा में डूबे हैं, अराजकता एवं उन्माद पर सवार है, आतंकी माहौल बनाकर हिन्दुओं को भयभीय-आतंकित करना चाहते है। क्योंकि उन्हें यह भरोसा है कि ममता बनर्जी की सरकार और उनकी पुलिस उनके खिलाफ कुछ नहीं करने वाली। ज्यादा चिन्ताजनक तो यह है कि अराजक लोग चाहते हैं पलायन करने के लिए मजबूर लोग फिर कभी अपने घरों को न लौट पाएं। इन जटिल एवं अनियंत्रित होते अराजक हालातों में शांति, सौहार्द एवं सामान्य हालातों को निर्मित करने के लिये आवश्यक है कि केंद्र सरकार बंगाल में हस्तक्षेप करने के लिए आगे आए, बल्कि यह भी अपेक्षित है कि सुप्रीम कोर्ट वहां के हालात का स्वतः संज्ञान ले। उसे वक्फ कानून विरोधी हिंसक तत्वों के उपद्रव के लिए ममता सरकार को जवाबदेह बनाना ही होगा। ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। ममता अपने बलबूते चुनाव जीतने का माद्दा रखती है तो फिर हिंसा का सहारा क्यों लेती है? अराजकता फैलाकर अपने ही शासन को क्यों दागदार बनाती है? क्यों अपने प्रांत की जनता को डराती है, भयभीत करती है? क्या ये प्रश्न ममता की राजनीतिक छवि पर दाग नहीं है? ममता एवं तृणमूल कांग्रेस का एकतरफा रवैया हमेशा से समाज को दो वर्गों में बांटता रहा है एवं सामाजिक असंतुलन तथा रोष का कारण रहा है। ताजा हिंसक हालात इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी एक वर्ग की अनदेखी कर कोई भी दल राजसत्ता का आनंद नहीं उठा सकता। राज्य में शीर्ष संवैधानिक पद पर रहते हुए भी ममता बनर्जी ने अलोकतांत्रिक, गैर-कानूनी एवं राष्ट्र-विरोधी कार्यों को अंजाम दिया है। बंगाल में तो भ्रष्टाचार और साम्प्रदायिकता के जबड़े फैलाए, हिंसा की जीभ निकाले, मगरमच्छ सब कुछ निगल रहा है। ममता अपनी जातियों, ग्रुपों और वोट बैंक को मजबूत कर रही हैं- देश को नहीं। **–ललित गर्ग**

# जलवायु संकट की चुप्पी में दबी औरतों की पुकार

**प्रियंका सौरभ**

जब हम जलवायु परिवर्तन की बात करते हैं तो चर्चा अक्सर पिघलते ग्लेशियर, बढ़ते समुद्र तल और बदलते मौसम चक्रों तक सिमट जाती है। इसके मानवीय चेहरे विशेष रूप से ग्रामीण भारतीय महिलाओं के चेहरों को अक्सर भुला दिया जाता है। 2025 की बीजिंग इंडिया रिपोर्ट एक बार फिर यह स्पष्ट करती है कि जलवायु संकट कोई ''जेंडर न्यूट्रल'' आपदा नहीं है। इसके प्रभाव गहरे, असमान और स्त्री-विरोधी हैं। भारत की करोड़ों ग्रामीण महिलाएं पहले ही संसाधनों की कमी, सामाजिक सीमाओं और अवैतनिक घरेलू जिम्मेदारियों के बोझ तले दबी हुई हैं। जलवायु परिवर्तन इस बोझ को और भारी बना देता हैऽ कभी सूखा बनकर, कभी बाढ़ बनकर, तो कभी धीमे-धीमे कुपोषण और थकावट के ज़हरीले मिलन के रूप में। बीजिंग रिपोर्ट बताती है कि जलवायु संकट न केवल महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता को गिरा रहा है बल्कि उन्हें उनकी जैविक, सामाजिक और आर्थिक गरिमा से भी वंचित कर रहा है। ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं पहले ही सीमित हैं लेकिन जलवायु परिवर्तन से उपजा पोषण संकट और गर्मी का तनाव उनके प्रजनन और मातृ स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। रिपोर्ट के अनुसार, लगातार डिहाइड्रेशन और एनीमिया के कारण महिलाओं में समय से पहले हिस्टेरेक्टॉमी (गर्भाशय-उच्छेदन) के मामले बढ़े हैं। यह केवल एक मेडिकल प्रक्रिया नहीं बल्कि उनके शरीर से जुड़ी स्वायत्तता और गरिमा पर हमला है। बांझपन, जटिल प्रसव और गर्भधारण में कठिनाइयाँ अब सामान्य समस्याएं बनती जा रही हैं, इनके पीछे जलवायु से जुड़ी असुरक्षा की स्पष्ट छाया है। भारत की अधिकांश ग्रामीण महिलाएं या तो खेतों में काम करती हैं या छोटे कृषि कार्यों में लगी होती हैं लेकिन वे भूमि की मालकिन नहीं होतीं। जब बारिश असमय होती है, जब फसलें सूख जाती हैं या जब मिट्टी बंजर हो जाती है तो सबसे पहले और सबसे ज़्यादा झटका इन महिलाओं को लगता है। बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में, लगातार सूखे की मार ने न केवल उत्पादन को गिराया है बल्कि महिलाओं की मौसमी बेरोजगारी को भी बढ़ाया है। खेत से कटने का मतलब होता है रसोई का खाली होना, बच्चियों की स्कूल से विदाई और कर्ज़ का एक और फ़ेरा। जो महिलाएं कृषि से इतर हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण या छोटे पैमाने के व्यवसायों में लगी थीं, उन्हें भी चरम मौसम ने नहीं बख्शा। बीजिंग रिपोर्ट बताती है कि 2023-24 में चरम जलवायु घटनाओं के दौरान गैर-कृषि क्षेत्रों में महिलाओं की आय में औसतन 33% की गिरावट आई। यह न केवल आर्थिक नुकसान है बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास पर भी करारा प्रहार है। जलवायु से प्रेरित विस्थापन, परिवार की आय में गिरावट और पारंपरिक सोचऽ ये तीनों मिलकर किशोर लड़कियों की शिक्षा को बाधित कर रहे हैं। जब परिवार के पास सीमित संसाधन होते हैं, तो सबसे पहले लड़कियों की पढ़ाई पर कैंची चलती है। उन्हें स्कूल से निकाल कर घरेलू काम में झोंक दिया जाता है या जल्दी शादी के लिए तैयार किया जाता है। शिक्षा की यह टूटती श्रृंखला, उनके जीवन भर के अवसरों को सीमित कर देती है। विशेष रूप से आदिवासी और दलित महिलाएंऽ जिन्हें पहले से ही सामाजिक हाशिए पर रखा गया हैऽ जलवायु आपदाओं के समय सबसे ज़्यादा उपेक्षा का शिकार होती हैं। 2020 के चक्रवात 'अम्फान' के दौरान सुंदरबन क्षेत्र की दलित महिलाओं ने बताया कि राहत केंद्रों से उन्हें बाहर रखा गया और आश्रय निर्णयों में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। जलवायु संकट के समय सामाजिक भेदभाव और भी तीखा हो जाता है। बीजिंग इंडिया रिपोर्ट इस संकट को केवल उजागर नहीं करती बल्कि इससे निपटने के स्पष्ट रास्ते भी सुझाती हैऽजिनमें सबसे अहम है लैंगिक संवेदनशीलता को जलवायु रणनीति के केंद्र में लाना। राज्य स्तरीय जलवायु योजनाओं में महिलाओं की विशिष्ट ज़रूरतों को शामिल किया जाना चाहिए। ओडिशा जैसे राज्यों ने अपनी जलवायु रणनीतियों में लिंग संकेतकों को शामिल करना शुरू किया है लेकिन ज़रूरत है कि यह पहल हर राज्य में दोहराई जाए। गांव, जाति और आर्थिक स्थिति के अनुसार लिंग-आधारित डेटा संग्रह आवश्यक है ताकि नीतियाँ धरातल पर असरदार साबित हो सकें। पंचायत स्तर पर लिंग घटक के साथ जलवायु भेद्यता सूचकांक बनाना एक प्रभावशाली कदम हो सकता है। स्वयं सहायता समूहों और महिला सहकारी समितियों को जलवायु-लचीले कृषि, हरित नौकरियों, नवीकरणीय ऊर्ज़ा और कृषि-प्रसंस्करण के क्षेत्रों में कौशल प्रदान करके मजबूत किया जा सकता है।

## सेहत मंत्र

# सूरजमुखी के तेल से सेहत को मिलते हैं बेमिसाल फायदे


सूरजमुखी के तेल को हम सभी अपने घर में रिफाइंड वेजिटेबल ऑयल की तरह इस्तेमाल करते हैं। वैसे यह स्वास्थ्य के लिए भी उतना ही लाभकारी होता है। इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड, ओमेगा-6 फैटी एसिड, विटामिन ई और विटामिन के जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसलिए इसे डाइट में शामिल करने की सलाह दी जाती है। सूरजमुखी के तेल में हेल्थ-बूस्टिंग विटामिन ई पाया जाता है। यह एक बेहतरीन एंटी-ऑक्सीडेंट है, जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है और बैक्टीरिया व वायरल संक्रमण को दूर करने में मदद करता है। सभी वेजिटेबल ऑयल में सूरजमुखी तेल विटामिन ई का सबसे समृद्ध स्त्रोत है। अगर आप हृदय रोगी हैं तो आपको सूरजमुखी के तेल पर स्विच कर देना चाहिए। इसमें विटामिन ई उच्च मात्रा में होता है और अनहेल्दी सैचुरेटिड फैट कम मात्रा में होता है। इसके अलावा सूरजमुखी के तेल में कोलीन और फ़ेनोलिक एसिड जैसे कंपाउड पाए जाते हैं, जो हृदय के लिए फायदेमंद होते हैं। इतना ही नहीं, सूरजमुखी के तेल में पाया जाने वाला फाइटोस्टेरॉल शरीर द्वारा कोलेस्ट्रॉल के अवशोषण को रोकता है। सूरजमुखी का तेल खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद करता है, जिससे हृदय रोग का खतरा कम होता है। सूरजमुखी के तेल में लेसिथिन भी होता है जो कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। सूरजमुखी का तेल आपकी स्किन के लिए भी बेहद फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन ए और विटामिन ई पाया जाता है, जो शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट है। यह आपके डैमेज्ड स्किन सेल्स को रिपेयर करता है, साथ ही सूखी, व एक्ने की समस्या से दूर करने में सहायक है। इसके इस्तेमाल से स्किन में लचीलापन लंबे समय तक बना रहता है और बढ़ती उम्र का प्रभाव भी कम नजर आता है। अगर आप लंबे समय तक अपनी हड्डियों को तंदुरूस्त बनाए रखना चाहते हैं तो सूरजमुखी के तेल को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। दरअसल, इसमें मौजूद पॉली-अनसैचुरेटेड फैटी एसिड बढ़ती उम्र में कमजोर हो रही हड्डियों को मजबूत बनाए रखने में मदद कर सकता है।

## धर्म मंत्र

# उत्तराखंड की खूबसूरत वादियों में है बना है भगवान शिव का चमत्कारी मंदिर, पूरी होती हैं सारी मनोकामनाएं

भारत में लगभग गर्मियों के मौसम की शुरूआत हो चुकी है। स्कूल और ऑफिस में फरवरी के बाद कई छुट्टियां रहती हैं। ऐसे में अगर आप भी गर्मियों की छुट्टियों में कहीं जाने का प्लान बना रहे हैं। तो आपको चौकोरी की ट्रिप जरूर प्लान करना चाहिए। मौज मस्ती के अलावा गर्मी से राहत पाने के लिए चौकोरी बेहतरीन जगह है। चौकोरी उत्तराखंड का एक पर्यटन स्थल है। यह एक ऐसी जगह है जो आपकी बॉडी और दिमाग को बूस्ट करने के लिए काफी है। यह जगह दिल्ली से 494 किमी दूर है। इसलिए आप यहां पर वीकेंड आराम से बिता सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको चौकोरी के आसपास घूमने के लिए कई जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपना वीकेंड एंज्वॉय कर सकते हैं। बेरीनागः चौकोरी से करीब 10 किमी की दूरी पर एक गांव बेरीनाग है। यह समुद्र तल से करीब 1000 फीट से ज्यादा की ऊचाई पर बसा है। बेरीनाग गांव आज पर्यटकों के बीच काफी फ़ेमस हो गया है। अगर आपको भी घने जंगलों और हरियाली से प्यार है तो आपको इस गांव में जरूर आना चाहिए। यहां पर मौजूद चाय के बागान देखने लायक होते हैं। इसके साथ ही अगर आपको ट्रेकिंग करना पसंद है तो आप बेदीनाथ से ट्रेकिंग कर यहां पहुंच सकते हैं। उदियारीः चौकोरी शहर से लगभग 20 मिनट दूर उदियार पर्यटकों के मन खूब भाता है। यह एक खूबसूरत पर्यटन स्थल है। जिन लोगों को पहाड़ पसंद है। वह यहां पर ऊंचे-नीचे पहाड़ों का अनुभव ले सकते हैं। गर्मी के मौसम में यहां का नजारा काफी सुहावना होता है।

## पर्यटन



# राजस्थान के रेगिस्तान सिटी की सुंदरता का नजारा

राजस्थान का नाम सामने आते ही रेगिस्तान, कठपुतली का खेल और राजाओं के बड़े-बड़े महलों का चित्रण दिमाग में आता है। यकीनन यह सभी चीजें राजस्थान की पहचान हैं, लेकिन इसका आकर्षण सिर्फ यही तक सीमित नहीं है। राजस्थान जाकर आपको ऐसे कई ऑफबीट अनुभव भी हो सकते हैं, जो हमेशा के लिए आपकी स्मृति में रहेंगे। राजस्थान कई तरह के अनसुलझे रहस्यों से भरा हुआ है। जोधपुर, जैसलमेर, जयपुर और अन्य कई प्राचीन हवेलियों में ऐसा बहुत कुछ है, जिसकी सच्चाई का आजतक कोई भी पता नहीं लगा पाया है। उदाहरण के तौर पर, जैसलमेर में कुलधरा के छोटे से गाँव को एक शापित गाँव माना जाता है, जिसे सैकड़ों ग्रामीणों ने रातोंरात छोड़ दिया और कोई नहीं जानता कि वे कहाँ या क्यों गायब हो गए। यदि आप कभी भी इस भयानक जगह की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं, तो शाम को 6 बजे से पहले निकलना सुनिश्चित करें क्योंकि यह माना जाता है कि यह स्थल नकारात्मक ऊर्ज़ाओं से भरा है। वैसे तो आपने कई जगहों पर हॉट एयर बैलून राइड की होगी, लेकिन राजस्थान के रेगिस्तान सिटी की सुंदरता का नजारा हॉट एयर बैलून से अलग ही नजर आता है। यह एक अनूठे तरीके से शहर की सुंदरता को दर्शाता है। जरा सोचिए कि आप पिंक सिटी के उपर बैलून से यात्रा कर रहे होंगे तो आपका अनुभव किस प्रकार का होगा। राजस्थान के रेगिस्तान में नाइट कैंपिंग का भी अपना ही एक मजा है और इस लुत्फ को आप सिर्फ राजस्थान में ही उठा सकते हैं। राजस्थान की स्वर्ण नगरी जैसलमेर ऐसे अनुभव प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है, जो जीवन भर आपके साथ रहेंगे। शहर के कई टूर एजेंट रेगिस्तान के बीच शिविर का आयोजन करते हैं और यदि आप चाहें तो वे अलाव और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था भी करते हैं। आप ऊंट की सवारी का विकल्प भी चुन सकते हैं।

# डीएम कार्यालय को उड़ाने की धमकी से कलेक्ट्रेट में अफरातफरी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

> जांच के दौरान कोई भी विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई है धमकी देने वाले के बारे में पता लगाया जा रहा है इसके लिए टीमें लगा दी गई है ।
> **सुमित त्रिपाठी, पुलिस उपाधीक्षक नगर**

बाराबंकी। जिलाधिकारी कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी से कलेक्ट्रेट में अफरातफरी का माहौल रहा। बताते हैं कि मंगलवार दोपहर कार्यालय के आधिकारिक ईमेल पर धमकी भरा संदेश आया। और प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स, बम स्क्वॉड और खुफिया एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं। डीएम कार्यालय परिसर में चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने डीएम ऑफिस के सामने स्थित अधिवक्ता चेंबर की भी जांच की। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। वे खुद पूरे ऑपरेशन की निगरानी कर रहे थे।गहन छानबीन मे जब कहीं कोई विस्फोटक सामग्री तक नहीं मिली तब अधिकारियों ने राहत की सांस ली। अब पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह धमकी है या शरारती तत्वों का कारनामा या फिर किसी बड़ी साजिश का हिस्सा है। अब पुलिस इस पूरे मामले में गहनता से जाँच कर रही है। जिलाधिकारी कार्यालय जिले का सबसे सुरक्षित और संवेदनशील स्थल माना जाता है। इस घटना ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# दरियाबाद : यानी जिंदगी जीना दुश्वार

## नगर पंचायत दरियाबाद : जर्जर पानी की टंकी, गंदगी का अंबार, मूलभूत सुविधाओं का टोटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**ग्राउंड रिपोर्ट : वार्ड नंबर 5**

### नाली निर्माण नहीं, खुले में बहता गंदा पानी, बड़ी बीमारी के इंतजार में जिम्मेदार

### राज्य मंत्री के विधानसभा के दरियाबाद नगर पंचायत का बुरा हाल

दरियाबाद बाराबंकी। राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा के विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत दरियाबाद अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है जहां दर्ज़ा नगर पंचायत का तो यहां मूलभूत सुविधाओं तक का टोटा लगा हुआ है सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं यहां दम तोड़ती नजर आ रही है । सूबे के राज्यमंत्री की विधानसभा अंतर्गत आने वाला नगर पंचायत दरियाबाद खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है ।गौरतलब है कि आदर्श नगर पंचायत

दरियाबाद में साफ सफाई ध्वस्त है गंदगी का आलम यह है कि वार्ड नंबर 5 बरवारी में गंदगी के चलते सांस लेना दूभर है । इसी वार्ड में पूर्व फाटक के पास पानी की व्यवस्था नहीं है यदि गला सूख जाए तो पानी के लिए सातवां आसमान नजर आ जाए । नाली बनी भी है तो खुली है जिससे गंदगी से बीमारी फैलने की प्रबल संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। इसके अलावा वार्ड में अगल-बगल दुकानदारों द्वारा फैलाया गया अतिक्रमण सड़कों को सकरा कर दिया हैं इन समस्याओं से अंजान नगर पंचायत प्रशासन आंख मूंद कर कागजी घोड़े दौड़ाने में मशग़ुल है । वार्ड निवासी राजू मिया आजाद ने बताया कि दरियाबाद के बरवारी मोहल्ले में भगोले के घर से कयाश के घर तक पानी का निकास नहीं है कई बार प्रस्ताव दिया गया है 130 मी नाली अभी तक नहीं बन पाई । पूर्वी फाटक पर भीषण गर्मी में पीने का पानी नहीं हैं पानी की टंकी टूटी पड़ी है शिकायतों के बाद भी कोई निस्तारण नहीं हो रहा है।

### चार दस पूर्व बनी पानी की टंकी जर्जर

दरियाबाद नगर पंचायत में चार दशक पूर्व बनी पानी की टंकी जर्जर हो गई है। ऐसे में टंकी में आधा पानी भरा जाता है। जिसके चलते तमाम घरों में पानी नहीं पहुंच रहा । आबादी के बढ़ने से पानी की मांग भी चार गुना ज्यादा बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार यहां तीन नई पानी टंकियां बनाने की स्वीकृति मिल चुकी है लेकिन जिम्मेदारों को नगर पंचायत में जमीन नहीं मिल रही है । राष्ट्रीय पेयजल कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत दरियाबाद में वर्ष 1984 में पानी की टंकी बनाई गई थी। इस टंकी के भरोसे नगर पंचायत के लगभग साढ़े पांच हजार घरों में पानी की आपूर्ति होती है, लेकिन टंकी जर्जर होने के कारण अब इसे आधा ही भरा जाता है।ऐसे में पानी का प्रेशर बहुत कम रहता है। इससे तमाम घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में लोग हैंडपंप का सहारा लेते हैं वार्ड नंबर पांच निवासी फरीद अहमद का कहना है की सफाई हो जाती है लेकिन कूड़ा नहीं उठाया जाता है कभी-कभी तो सुबह झाड़ू भी नहीं लगती है नाली की ढक्कन टूटी पड़ी हुई पुराने लगे सोलर नहीं जल रहे तो वही दरियाबाद शराब ठेका के बगल लगा सोलर पैनल में बैटरी होने के कारण लाइट नहीं जल पा रही है। इस संदर्भ में ईओ से बात करने का प्रयास किया गया किन्तु फोन वार्ता नहीं हो सकी ।



शोपीस बनी पानी की टंकी



फरीद वार्ड वासी



नाली न होने से खुले में बहता गंदा पानी और गंदगी



राजू मियां आजाद सभासद प्रतिनिधि

# बड़ी कामयाबी : रेलवे स्लीपर समेत दो ट्रक बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त चंद्र मोहन मिश्र के निर्देश पर चलाए गए अभियान में रेलवे सुरक्षा बल को बड़ी सफलता मिली।

सुरक्षा बल ने चोरी हुई रेलवे की कीमती संपत्ति बरामद की है।बुढ़वल आरपीएफ व लखनऊ की अपराध सूचना शाखा की संयुक्त छापेमारी में पैंतेपुर स्टेशन के पास दो ट्रकों में लदे 255 रेलवे स्लीपर बरामद हुए जिनकी कीमत आठ लाख से अधिक बताई गई ।

चोरी की ये सामग्री एफसीआई डिपो चंदारी कानपुर से बरामद हुई।कार्रवाई में चार बदमाश पकड़े गए। जिन्हे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।आरपीएफ़ निरीक्षक अजमेर सिंह यादव ने बताया कि यह सफलता उच्चस्तरीय सूचनाओं पर आधारित कार्यवाही का परिणाम है।

# डीएम के तबादला पश्चात बेलगाम हुए विद्यालय संचालक

हालात – ए – जिला विद्यालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। तहसील क्षेत्र में बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों का संचालन फिर प्रारम्भ हो गया है। सरकार के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे संचालक आम अभिभावकों के जेबो पर डाका डाल रहे हैं।तथा जिनकी मान्यता कक्षा 5 तक है वे कक्षा 8 तक विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। वहीं कक्षा 8 की मान्यता धारक विद्यालय कक्षा 12 तक कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। गत वर्ष 2024 में जब प्रशासन ने इन विद्यालयों पर नकेलकसी तो बहुत से विद्यालय संचालक विद्यालय बंद करके भाग खड़े हुए थे। डीएम के स्थानांतरण पश्चात निजी विद्यालय संचालको की बांछे खिल उठी। इन विद्यालयों में शिक्षण कार्य हेतु लगे अध्यापकों के पास भी कोई डिग्री नहीं है। फिर भी वह लोग बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का ढिंढोरा पीट रहे हैं। इन विद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षक मात्र इंटरमीडिएट पास है। लेकिन इंटर की कक्षाओं के बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं। विद्यालय के प्रबंधक व पुस्तक विक्रेता मालामाल हो रहे हैं। इस खेल में इतना अधिक कमीशन मिलता है कि विद्यालयों के प्रबंधकों की तिजोरी भर जाती है।

### विद्यालयों का मायाजाल, अभिभावक हैरान

क्षेत्रीय अभिभावकों ने बताया कि हमने जिस विद्यालय में अपने बच्चों का प्रवेश दिलाया था, वहां से टीसी और मार्कशीट नहीं मिली। जो हमें मिली है, उसमें अन्य विद्यालय का नाम दर्ज है। जिससे लगता है कि इन विद्यालयों के अध्यापकों द्वारा बच्चों का प्रवेश मान्यता के अभाव में अन्य विद्यालय में कराया गया है। परीक्षा के समय इन बच्चों को भी परीक्षा देने के लिए इन विद्यालयों में जाना पड़ता है ।जहां पर बच्चों का नाम लिखा हुआ है ।सरकार के आदेशानुसार जब क्षेत्र में चल रहे बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों की जांच शुरू हुई, तो जांच टीम के जेबों को गर्म कर दिया गया। जिससे अनैतिक रूप से संचालित विद्यालय आज तक बंद नहीं हुए और ना ही उनके खिलाफ कोई शासन प्रशासन द्वारा कार्यवाही की गई। सरकार चाहती है कि सरकारी विद्यालयों में बच्चों की संख्या पूरी हो लेकिन क्षेत्र में चल रहे बिना मान्यता प्राप्त विद्यालय के संचालकों द्वारा अभिभावकों को लुभाने सपने दिखाकर बच्चों को अपने यहां प्रवेश दे रहे हैं ।जिसके चलते सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का ग्राफ गिरता जा रहा है। इसके जिम्मेदार विभागीय अधिकारी हैं। क्योंकि इनके द्वारा बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई नहीं तो ऐसे विद्यालय पिछले ही सत्र में बंद हो जाते।

# छात्र हित में उत्कृष्ट कार्यों के लिए पूजा सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय निंदूरा में कार्यरत शिक्षिका पूजा पांडेय को बरेली जिले के खुशलोक हॉस्पिटल सभागार में आयोजित उत्तर प्रदेश पारस रत्न सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। शिक्षिका सुश्री पांडेय द्वारा छात्र हित में समय समय पर शिक्षण कार्य में किए गए नए-नए नवाचारों जिससे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके के लिए भरसक प्रयास किया गया। इसी उत्कृष्ट कार्य के लिए बरेली महापौर उमेश गौतम व छत्रपाल गंगवार सांसद बरेली द्वारा शिक्षिका को प्रशस्ति पत्र व शील्ड तथा अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# विकास कार्यों पर केन्द्रित रही क्षेत्र पंचायत की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। विकास खंड सभागार में बीडीओ अदिति श्रीवास्तव संयोजकत्व में आयोजित क्षेत्र पंचायत की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपनी प्रगति रिपोर्ट पेश की। स्वास्थ्य, आपूर्ति, बाल विकास, जल जीवन मिशन, शिक्षा, वन, पशु और विद्युत विभाग के प्रतिनिधियों ने जन प्रतिनिधियों की समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया।एकाउंटेंट अजीजुल्ला ने वित्तीय प्रगति का ब्यौरा प्रस्तुत किया। केंद्रीय वित्त से 3.69 लाख के बजट से 28 विकास कार्य पूर्ण किए गए हैं। इनमें पक्का नाला, नाली, पुलिया, इंटरलॉकिंग और खड़ंजा निर्माण शामिल हैं। 9 कार्य निर्माणाधीन हैं, जिन पर 2.76 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।पंचम वित्त से 2.60 लाख के बजट से 29 में से 21 कार्य पूरे कर लिए गए हैं। इनमें इंटरलॉकिंग, साधन सहकारी समितियों की मरम्मत, विकास खंड कार्यालय की मरम्मत और गेट नंबर एक का सौंदर्यीकरण प्रमुख हैं। 8 कार्य प्रगति पर हैं।जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अहमद शहंशाह ने सुझाव दिया। बैठक में जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अहमद शहंशाह, मनोज सोनी ,बदोसराय प्रधान निसार मेहंदी, एमएलसी प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह बब्लू, सांसद प्रतिनिधि अमित त्रिवेदी ,ओंन मियां , क्षेत्र पंचायत सदस्य असीम श्रीवास्तव, सुधांशू वर्मा, प्रधान दया शंकर शुक्ला समेत अन्य क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## अपंजीकृत 14 ई–रिक्शा किए सीज

बाराबंकी। परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा सड़कों पर बिना फिटनेस व ड्राइविंग लाइसेन्स के अपंजीकृत ई-रिक्शा व आटो के खिलाफ संघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षमता से अधिक सवारी, बिना लाइसेंस एवं नाबालिग द्वारा ई रिक्शा संचालित करते मिलने पर दंडात्मक कार्यवाही की गई। आज मंगलवार को लखनऊ-गोंडा-बहराइच मार्ग पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन श्रीमती अंकिता शुक्ला, सी0ओ श्री आलोक पाठक, यात्री/मालकर अधिकारी श्री रवि चन्द त्यागी की संयुक्त टीम ने बिना ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन के 14 ई-रिक्शा के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करते हुए थाना मंडी में बंद किया।

# 100 बीघा से अधिक अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए मंगलवार को गोसाईंगंज क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निजी डेवलपर्स द्वारा अलग-अलग स्थानों पर की जा रही अवैध प्लाटिंग का ब्योरा तलब करते हुए त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये। जिसके बाद हरकत में आयी प्रवर्तन टीम ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ दिन भर अभियान चलाया। जिसमें गोसाईंगंज में 100 बीघा से अधिक क्षेत्रफल में चल रही 9 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया। कार्यवाही के दौरान डेवलपर द्वारा स्थल पर अवैध रूप से विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल, साइट आफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि रूपेश, रमेश कुमार व अन्य द्वारा गोसाईंगंज के मस्तेमऊ में लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। वहीं गोलू पंडित द्वारा ग्राम-बक्कास में लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल, में व दुर्गेश सोनी द्वारा सुल्तानपुर रोड पर मेन बक्कास में लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल और महादेव द्वारा ग्रामसभा-बक्कास के शेखनापुर एवं चिलौला में लगभग 3 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। इसी तरह बृजेश सिंह व अन्य द्वारा फतेहपुर, बक्कास में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध तरीके से प्लाटिंग की जा रही थी। इसके अलावा शेखर कुमार द्वारा ग्राम-चौरहिया में लगभग 20 बीघा और श्याम सिंह यादव, राम सूचित यादव द्वारा ग्राम-चौरासी में लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थीं। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन सातों अवैध प्लाटिंग को प्रवर्तन दल द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि विकास वर्मा द्वारा गोसाईंगंज के मौजा-खुजौली में नगराम रोड पर लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। वहीं जगदीश वर्मा द्वारा गोसाईंगंज में न्यू जेल रोड पर रॉयल ढ़ाबा के सामने लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए सेलीब्रेट सिटी नाम से अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन दोनों अवैध प्लाटिंग को प्रवर्तन टीम ने प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्ती कर दिया।

## भाकियू का रक्तदान शिविर, 25 किसानों ने किया रक्तदान

बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा मंगलवार को आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ उपजिलाधिकारी आनंद तिवारी ने फीता काटकर किया। शिविर में कुल 35 किसानों ने रक्तदान हेतु पंजीकरण कराया, जिनमें से 25 किसानों ने सफलतापूर्वक रक्तदान कर 'महादानी' की उपाधि प्राप्त की जिनमे अशोक कुमार,रमेश चन्द्र,राजेश कुमार वर्मा,उदयराज, राहुल वर्मा,विनोद कुमार, रजत,फरीद अली,संजय मौर्य, अनिल कुमार, नाजिया बानो,शाहिद अली,अर्जुन कुमार,संजय,राम बाबू,राम बहादुर,मनोज शर्मा,जीतू,भूपेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।इस अवसर पर भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल,मीडिया प्रभारी सतीश वर्मा रिन्कू,राम सेवक रावत,ओम प्रकाश वर्मा,शिव नरायन सिंह,रामानंद वर्मा,देवेंद्र कुमार,प्रमोद कुमार,संजय रस्तोगी,हाजी इम्तियाज,पन्नालाल,राम मदन, विशेष कुमार,पप्पू वर्मा,राजेश वर्मा,चिकित्सकगण व आमजन भी उपस्थित रहे।

## फायर ब्रिगेड टीम ने सुझाया सुरक्षा उपाय

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। फायर ब्रिगेड टीम द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह के दृष्टिगत विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया गया। यह अभियान राजापुर, बरदरी,मधवापुर सहित कई गांव में चलाया गया।फायर ब्रिगेड टीम के प्रभारी रामसनेही ने किसानों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी। टीम ने बताया कि तेज हवाओं और पकी गेहूं की फसल के कारण आग का जोखिम बढ़ा है।टीम ने पंडाल सुरक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिया। पंडाल के चारों तरफ 4.5 मीटर का खुला स्थान छोड़ना अनिवार्य है। पंडाल की ऊंचाई 3 मीटर से अधिक होनी चाहिए। बाहर निकलने का रास्ता 5 मीटर से कम चौड़ा नहीं होना चाहिए।सुरक्षा नियमों के तहत पंडाल में सिंथेटिक या ज्वलनशील सामग्री का प्रयोग वर्जित है। पंडाल को दीवार या बाउंड्री से सटाकर नहीं बनाना है। बिजली के तारों को खुला नहीं छोड़ना है। बिजली की लाइन के नीचे पंडाल नहीं लगाना है। हैलोजन लाइट को बिजली के तारों से दूर रखना आवश्यक है।आपातकालीन स्थिति के लिए फायर इमरजेंसी नंबर 112 और 101 दिए गए। इसके अलावा बाराबंकी, हैदरगढ़, रामसनेहीघाट, सिरौलीगौसपुर और फतेहपुर के फायर स्टेशनों के संपर्क नंबर भी साझा किए गए। इस अवसर पर सरोज कुमार, अनुज, नीरज, अशोक कुमार शिव प्रकाश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में सुधार लाने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### गंभीरता से कार्यो का संपादन करें अधिकारी : डीएम

### खराब रैंकिंग वाले विभाग के अधिकारियों पर जताई नाराजगी

बाराबंकी। मंगलवार को विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन(एनआरएलएम), मुख्यमंत्री योजना ग्रामीण व ग्रामीण अभियंत्रण के कार्यो में रैंकिंग खराब होने पर नाराजगी जताई और सम्बंधित अधिकारियों को रैंक में आपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिए। पर्यटन विभाग को भी रैंक में सुधार लाने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति धीमी होने पर रैंकिंग में गिरावट आई है इसलिये इस कार्य को प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिये। पंचायती राज विभाग के कार्यों में भी आपेक्षित सुधार के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। निपुण परीक्षा आकलन और मध्यान्ह भोजन की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के तहत सेतु निर्माण कार्य में रैंकिंग को और बेहतर करने के निर्देश दिए। नई सड़कों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए जिससे रैंक में आवश्यक सुधार हो सके। समाजकल्याण और सीएमआईएस विभाग की रैंकिंग में आवश्यक सुधार के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने यूपी नेडा विभाग, हार्टिकल्चर, बिजली विभाग, कृषि विभाग की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और किसान सम्मान निधि के लंबित आवेदनों को समय पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। मनरेगा, दुग्ध विभाग, दिव्यांग पेंशन, 15 वां वित्त के कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग, सिचाई विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग को आपेक्षित प्रगति के निर्देश दिए। सेतु निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण करने हेतु लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया। सामूहिक विवाह योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सहकारिता, युवा स्वरोजगार आदि योजनाओं की समीक्षा कर सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिए। सी0एम0 डैशबोर्ड के अंतर्गत विभिन्न विभागों यथा ऊर्जा विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जिलापूर्ति विभाग, पंचायती राज विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, प्राथमिक शिक्षा विभाग, पशुधन विभाग, मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, सूचना लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा समाज कल्याण विभाग की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बैठक में प्रतिभाग न करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त एनआरएलएम, उपायुक्त मनरेगा, उपनिदेशक कृषि, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं में व्यक्तिगत ध्यान देते हुए प्रगति बढ़ाये और लाभार्थीपरक योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें जिससे आम-जनमानस को योजनाओं का लाभ मिल सके।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर अपने विभागीय प्रपत्रों का अवलोकन करते हुए विभाग से सम्बन्धित रैंक में आपेक्षित सुधार लाएं, जिससे जिले की ओवर ऑल रैंकिंग और बेहतर हो सके। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग कार्य को अद्यतन रखा जाए। किसी भी विभाग का कार्य पेंडिंग न रहने पाए।

### डीएम ने जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने अधिशासी अभियंता जल निगम अमित कुमार के साथ मंगलवार को विकास खंड मसौली की ग्राम पंचायत डमौरा में जल जीवन मिशन के कार्यो का निरीक्षण किया। यहाँ पर कार्यदायी संस्था पीएनसी कंपनी द्वारा कार्य की बहुत धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था व सम्बंधित ठेकेदार पर कड़ी नाराजगी जताई और सम्बंधित को निर्देश देते हुए कहा कि ससमय कार्यों को पूर्ण करके जलापूर्ति सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान बन रही सिरोपरि पेयजल पानी टंकी के निर्माण कार्य में जिलाधिकारी ने तेजी लाने के निर्देश दिए।

### पाइप लाइन बिछाने के कार्य में लाएं तेजी

जिलाधिकारी ने बिछाई जा रही पाइप लाइन के कार्य को समय पर पूर्ण करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पाइप लाइन बिछाने के उपरांत रोड की मरम्मत गुणवत्तापूर्ण करा ली जाए, इस मामलें में कोई शिकायत मिली तो सम्बंधित ठेकेदार व कार्यदायी संस्था के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम अमित कुमार सहित जल जीवन मिशन के सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# अपने मैदान पर जीत का स्वाद चखने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उतरेगी दिल्ली कैपिटल्स

एजेंसी



नयी दिल्ली। सत्र की शानदार शुरूआत के बाद अपने मैदान पर पहली हार झेलने वाली दिल्ली कैपिटल्स इस झटके को भुलाकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में फिर जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी। लगातार चार मैच जीतने के बाद अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली टीम को रविवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर मुंबई इंडियंस ने हराया। इस हार के बाद दिल्ली शीर्ष स्थान से खिसककर दूसरे स्थान पर पहुंच गई।

दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स छह में से सिर्फ दो मैच जीतकर आठवें स्थान पर है। संजू सैमसन की कप्तानी वाली टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली के लिये घरेलू क्रिकेट के दिग्गज करूण नायर ने पदार्पण करते हुए 40 गेंद में 89 रन बनाये। एक समय दिल्ली का स्कोर 11वें ओवर में एक विकेट पर 119 रन था लेकिन इसके बाद 74 रन के भीतर आखिरी नौ विकेट गंवा दिये। उसके तीन बल्लेबाज 19वें ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर रन आउट हुए और 12 रन से पराजय का सामना करना पड़ा। दिल्ली के पास इस हार का दुख मनाने का समय नहीं था क्योंकि दो दिन के भीतर ही उसे रॉयल्स के खिलाफ कल खेलना है। दिल्ली के लिये एक बार फिर सफलता की कुंजी स्पिनर साबित हो सकते हैं। पिछले मैच में हार के बावजूद कुलदीप यादव और 20 वर्ष के विपराज निगम ने शानदार प्रदर्शन किया। अक्षर हालांकि उतना प्रभावित नहीं कर सके हैं और छह मैचों में 14 ओवर डालकर भी उन्हें विकेट नहीं मिली है। इसके अलावा उन्होंने 10 से अधिक की दर से प्रति ओवर रन दिये हैं। बल्लेबाजी में भी वह छाप नहीं छोड़ पाये हैं। पिछले सत्र में आक्रामक प्रदर्शन करने वाले जैक फ्रेसर मैकगुर्क लय में नहीं हैं और अभी तक सिर्फ 46 रन बना पाये हैं। फाफ डु प्लेसी चोट के कारण बाहर है और नायर की जगह टीम में पक्की लग रही है। मध्यक्रम में केएल राहुल ने दारोमदार संभाल रखा है। उनका साथ देने के लिये ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा और निगम हैं। दूसरी ओर रॉयल्स की समस्या प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। यशस्वी जायसवाल सिर्फ पिछले मैच में आरसीबी के खिलाफ अर्धशतक बना सके हैं।कप्तान सैमसन अभी तक एक भी अच्छी पारी नहीं खेल पाये जबकि रियान पराग और ध्रुव जुरेल का बल्ला भी खामोश है। गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर महंगे साबित हुए हैं। संदीप शर्मा को छोड़कर कोई भी गेंदबाज रनगति पर अंकुश नहीं लगा पाया है।

# बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग: ट्रीसा-गायत्री की जोड़ी टॉप 10 में बरकरार, सिंधु और लक्ष्य नीचे खिसके

एजेंसी



नई दिल्ली। नवीनतम बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने शीर्ष 10 में अपना स्थान बरकरार रखा है, जबकि पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन जैसे एकल सितारे और नीचे खिसक गए हैं।

पिछले सप्ताह चीन के निंगबो में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भाग नहीं लेने वाली ट्रीसा और गायत्री एक स्थान नीचे खिसककर 10वें स्थान पर आ गईं। ओलंपियन तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी 22वें स्थान पर बनी हुई है। महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु चीन में राउंड-ऑफ-16 से बाहर होने के बाद 17वें से 18वें स्थान पर आ गईं। मालविका बंसोड़ (22वें), रक्षिता श्री (42वें), अनुपमा उपाध्याय (44वें) और आकर्षि कश्यप (49वें) शीर्ष 50 में शामिल अन्य भारतीय हैं। पुरुष एकल में पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले लक्ष्य सेन पहले दौर में हार के बाद 16वें से 18वें स्थान पर आ गए। एचएस प्रणय अपने पहले टूर्नामेंट में भी हारकर 29वें से 30वें स्थान पर आ गए। किरण जॉर्ज (35वें) और प्रियांशु राजावत (36वें) को क्रमशः एक और दो स्थान का लाभ हुआ। ट्रीसा-गायत्री की तरह, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने भी चीन में भाग नहीं लिया। यह जोड़ी एक स्थान के नुकसान के बाद 11वें स्थान पर है। तनीषा और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी, जो चीन में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय थी, एक स्थान के लाभ के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गई।

## संक्षिप्त समाचार

### हमें बेहतर पिच पर खेलने की जरूरत है जिससे बल्लेबाजों का आत्मविश्वास बढ़े: धोनी

**लखनऊ।** महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई के चेपॉक मैदान के क्यूरेटर से बेहतर पिच तैयार करने का आग्रह किया है जिससे उनके बल्लेबाजों को यहां की तरह अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिल सके क्योंकि वह चाहते हैं कि उनकी टीम चेन्नई सुपर किंग्स निर्भीक क्रिकेट खेले। धोनी की 11 गेंदों में 26 रन की पारी ने चेन्नई को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर महत्वपूर्ण जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह से पांच बार के चैंपियन ने चार मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया, जिसमें घरेलू मैदान पर तीन हार भी शामिल हैं। पिछले छह साल में पहला प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने वाले धोनी ने मंगलवार को मैच के बाद कहा, एक कारण यह हो सकता है कि चेन्नई का विकेट थोड़ा धीमा है। जब हम घरेलू मैदान से बाहर खेले हैं, तो हमारे बल्लेबाजों ने थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, शायद हमें ऐसे विकेटों पर खेलने की ज़रूरत है जो थोड़े बेहतर हों। इससे बल्लेबाजों को अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिलेगा। हम निर्भीक होकर खेलना चाहते हैं। धोनी ने स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाजों को अपनी भूमिका और जिम्मेदारियां बेहतर ढंग से निभाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, जीतकर अच्छा लग रहा है। बदकिस्मती से हम पिछले मैच नहीं जीत सके लेकिन इस जीत से आत्मविश्वास बढा है। यह कठिन मैच था और जीतने की खुशी है। उम्मीद है कि इससे टीम की लय बनेगी। धोनी ने कहा  कि पिछले मैचों में हम गेंदबाजी करते समय पहले छह ओवर में जूझ रहे थे लेकिन बीच के ओवरों में वापसी की। हमें बल्लेबाजी ईकाई के तौर पर भी मनचाही शुरूआत नहीं मिल पा रही थी। शायद चेन्नई की विकेट के कारण। उम्मीद है कि बेहतर विकेटों पर हम आगे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें पहले छह ओवरों में अधिक गेंदबाजों की जरूरत थी जिससे अश्विन पर पहले छह ओवरों में दो ओवर डालने का काफी दबाव बन रहा था। यही वजह है कि हमने गेंदबाजी में बदलाव किये। बल्लेबाजी ईकाई का प्रदर्शन भी अच्छा रहा लेकिन और बेहतर हो सकता है। बल्लेबाजों को अपनी भूमिका और जिम्मेदारी और बेहतर तरीके से निभानी होगी।

### रोहित के खराब फॉर्म का असर मुंबई इंडियंस की रणनीति पर पड़ रहा है : अंजुम चोपड़ा

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा का मानना है कि रोहित शर्मा के खराब फॉर्म के कारण मुंबई इंडियंस टीम आईपीएल के मौजूदा सत्र में अभी तक लय नहीं पकड़ सकी है। मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित अब इस सत्र में हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली टीम में इंपैक्ट खिलाड़ी के रूप में ही खेल रहे हैं। उन्होंने पांच मैचों में 0, 8 , 13 , 17 और 18 स्कोर किया है। मुंबई ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराया और टीम चार हार तथा दो जीत के साथ सातवें स्थान पर है। अंजुम ने पीटीआई वीडियो से कहा ,'' आप खराब फॉर्म में हो सकते हैं। यह कोई अपराध नहीं है। लेकिन इससे टीम को मदद नहीं मिल रही। इससे मुंबई को वह शुरूआत नहीं मिल सकी जो मिलनी चाहिये थी। उन्होंने कहा ,'' उनके पास विकल्प है। रोहित को बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेज सकते हैं। ऐसा नहीं है कि रोहित शर्मा फॉर्म में नहीं हैं , कई बार आपको टूर्नामेंट में अच्छी शुरूआत नहीं मिल पाती जिससे बतौर बल्लेबाज या बतौर खिलाड़ी आप पर असर पड़ता है। अंजुम ने कहा ,'' खेल में यह होता है। हम टूर्नामेंट देख रहे हैं , आईपीएल हो या विश्व कप। लेकिन मुझे बताइये कि विश्व कप में क्या आप नहीं चाहेंगे कि आपका सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज फॉर्म में हो। इस तरह के प्रदर्शन में काफी ऊर्जा की जरूरत होती है। उन्होंने कहा ,'' कई लोग उससे उबर जाते हैं और अगले टूर्नामेंट में ढल जाते हैं। उसे उस तरह की शुरूआत आईपीएल में मिल नहीं सकी। लेकिन हमें पता है कि वह किस दर्जे का खिलाड़ी है और किस तरह से मैच जिता सकता है।

### प्रतिदिन 100 किलोमीटर राजमार्ग बनाने के लक्ष्य पर काम जारी: गडकरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि भारत के लिए बुनियादी ढांचे का विकास बहुत महत्वपूर्ण है और उनका लक्ष्य देश में राजमार्ग निर्माण की गति को बढ़ाकर 100 किलोमीटर प्रतिदिन करना है। गडकरी ने एआईएमए के 10वें राष्ट्रीय नेतृत्व सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अगले 18 महीनों में भारत का सड़क बुनियादी ढांचा अमेरिका से बेहतर होगा। उन्होंने कहा, ''भारत के लिए बुनियादी ढांचे के विकास का बहुत महत्व है३ मैं देश में राजमार्ग निर्माण की गति को बढ़ाकर 100 किलोमीटर प्रतिदिन करने के लिए काम कर रहा हूं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि राजमार्ग मंत्रालय आने वाले वर्षों में कुल 25,000 किलोमीटर के दो और चार लेन वाले राजमार्ग बनाएगा। गडकरी ने कहा, ''राजमार्ग परियोजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं है। देश में राजमार्ग निर्माण की गति 2020-21 में प्रतिदिन 37 किलोमीटर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। मंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली को बदलने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर काम कर रही है।

### एयरटेल ने 10 मिनट में ग्राहकों तक सिम कार्ड पहुंचाने के लिए ब्लिंकिट के साथ साझेदारी की

नयी दिल्ली। भारती एयरटेल ने मंगलवार को अपने ग्राहकों तक 10 मिनट में सिम कार्ड पहुंचाने के लिए त्वरित वाणिज्य मंच ब्लिंकिट के साथ साझेदारी की। इस पेशकश के शुरुआती चरण में सिम पहुंचाने की सेवा दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, अहमदाबाद, सूरत, चेन्नई, भोपाल, इंदौर, बेंगलुरु, मुंबई, पुणे, लखनऊ, जयपुर, कोलकाता और हैदराबाद सहित 16 प्रमुख शहरों में उपलब्ध होगी। एक बयान के अनुसार, समय के साथ इसमें अन्य शहरों और कस्बों को जोड़ा जाएगा। बयान के मुताबिक, इस पहल के तहत ग्राहक 49 रुपये के शुल्क पर 10 मिनट में अपने घर पर सिम कार्ड पा सकेंगे। सिम कार्ड मिलने के बाद ग्राहक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आधार आधारित केवाईसी प्रमाणीकरण के जरिये नंबर को सक्रिय कर सकते हैं। इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए भारती एयरटेल के विपणन निदेशक सिद्धार्थ शर्मा ने कहा, ''एयरटेल में हमारा लक्ष्य ग्राहकों के जीवन को सरल बनाना है। आज हम 16 शहरों में ग्राहकों के घरों तक 10 मिनट में सिम कार्ड पहुंचाने के लिए ब्लिंकिट के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं और समय के साथ हम इस साझेदारी को अन्य शहरों में बढ़ाने की योजना बना रहे हैं।

### शीर्ष आठ शहरों में 2026 के अंत तक 20 प्रीमियम मॉल चालू होंगे: सीएंडडब्ल्यू

**नयी दिल्ली।** खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए देश के आठ प्रमुख शहरों में 2026 के अंत तक लगभग 20 प्रीमियम शॉपिंग मॉल चालू हो जाएंगे। कुशमैन एंड वेकफील्ड (सीएंडडब्ल्यू) ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि इनमें कुल 123 लाख वर्ग फुट खुदरा स्थल होगा।

## आईडब्ल्यूएलएफ एथलीट आयोग की अध्यक्ष चुनी गईं मीराबाई चानू

नई दिल्ली। ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता एस. सतीश कुमार को भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएलएफ) के एथलीट आयोग का क्रमशः अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुना गया है। इन दोनों का कार्यकाल चार साल का होगा। मीराबाई भारत की सबसे सम्मानित भारोत्तोलकों में से एक हैं, जिनके नाम कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड और ऐतिहासिक उपलब्धियां हैं। कुल भारोत्तोलन में उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 205 किग्रा है, (स्नैच में 86 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 119 किग्रा) जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। उनका 88 किग्रा भार उठाकर स्नैच में भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। टोक्यो 2020 ओलंपिक में वह रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय भारोत्तोलक बनीं, जिसने देश में इस खेल के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित किया। इससे पहले 2017 में उन्होंने विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली दो दशकों से अधिक समय में पहली भारतीय बनकर 22 साल की प्रतीक्षा को समाप्त किया।

# श्रेयस अय्यर बने आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी

एजेंसी



दुबई। भारत की चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले कलात्मक बल्लेबाज बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने मंगलवार को मार्च महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया। अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय प्रतियोगिता में सर्वाधिक 243 रन बनाए थे। उन्होंने इस पुरस्कार की दौड़ में न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रवींद्र को पीछे छोड़ा। अय्यर ने आईसीसी विज्ञप्ति में कहा, ''मार्च महीने के लिए आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने जाने पर मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान अविश्वसनीय रूप से विशेष है, खासकर उस महीने में जब हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। एक ऐसा क्षण जिसे मैं हमेशा अपनी यादों में संजो कर रखूंगा। उन्होंने कहा, ''प्रत्येक क्रिकेटर का सपना होता है कि वह इतनी बड़ी प्रतियोगिता में भारत की जीत में योगदान दे। मैं अपने साथियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ का उनके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं। प्रशंसकों को भी दिल से धन्यवाद। आपकी ऊर्जा और प्रोत्साहन हमें हर कदम पर आगे बढ़ने में मदद करते हैं। यह लगातार दूसरा महीना है जबकि किसी भारतीय खिलाड़ी ने यह पुरस्कार हासिल किया। इससे पहले शुभमन गिल ने फरवरी महीने के लिए यह पुरस्कार जीता था। अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी में बीच के ओवरों में शानदार बल्लेबाजी करके पारी को संवारने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाई जिससे भारत इस टूर्नामेंट में अपने सभी मैच जीतने में सफल रहा था।

## जेनकिंस ने राष्ट्रमंडल खेल अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया

नयी दिल्ली। क्रिस जेनकिंस ने राष्ट्रमंडल खेल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। इस खेल संस्था ने राष्ट्रमंडल खेल आंदोलन में उनकी दीर्घकालिक सेवा और महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए मंगलवार को इसकी घोषणा की। राष्ट्रमंडल खेल की सीईओ केटी सैडलेयर के अनुसार, ''राष्ट्रमंडल खेल के संविधान में मौजूदा अध्यक्ष के त्यागपत्र देने पर अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त करने का प्रावधान है और इसलिए डोनाल्ड रुकारे को इस साल नवंबर में अगली महासभा तक यह भूमिका सौंपी गई है। जेनकिंस ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''खेलों को आगे बढ़ाने और विशेषकर पैरा खिलाड़ियों को इससे जोड़ने के लिए मुझे जो अवसर दिए गए, उन पर मुझे विशेष रूप से गर्व है। मैं राष्ट्रमंडल खेल संघ के अपने सहयोगियों और दोस्तों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर रुकारे ने कहा, ''मैं इस पद पर अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार हूं और मुझ पर विश्वास करने के लिए बोर्ड को धन्यवाद देता हूं।

# यात्री वाहनों की थोक बिक्री वित्त वर्ष 2024-25 में दो फीसदी बढ़ी : सियाम

एजेंसी



नई दिल्ली। देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर दो फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 43 लाख इकाइयों के पार पहुंच गई। यात्री वाहनों की कुल बिक्री में यूटिलिटी वाहनों की हिस्सेदारी 65 फीसदी रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 60 फीसदी थी।। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में यह 42,18,750 इकाई रही थी। उद्योग निकाय सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने मंगलवार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 11 फीसदी बढ़कर 27,97,229 इकाई पर पहुंच गई, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 25,20,691 इकाई थी। इसकी तुलना में यात्री कारों की बिक्री में 13 फीसदी की गिरावट देखी गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की 15,48,947 इकाई से घटकर 13,53,287 इकाई रह गई। सियाम ने कहा कि यात्री वाहन खंड ने भी वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक का सबसे अधिक 7.7 लाख इकाई का निर्यात दर्ज किया है। वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में यह 15 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। निर्यात में वृद्धि देश में निर्मित होने वाले वैश्विक मॉडल की मांग से प्रेरित रही। उद्योग निकाय के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री नौ फीसदी बढ़कर 1,96,07,332 इकाई रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 1,79,74,365 इकाई थी। सियाम ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में कुल वाणिज्यिक वाहनों की थोक बिक्री एक फीसदी फीसदी घटकर 9,56,671 इकाई रह गई है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 9,68,770 इकाई थी। हालांकि, इसी दौरान तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 6,94,801 इकाइयों की तुलना में सात फीसदी बढ़कर 7,41,420 इकाई पर पहुंच गई। सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने कहा, ''भारतीय मोटर वाहन उद्योग ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपना स्थिर प्रदर्शन जारी रखा, जो अच्छी मांग, बुनियादी ढांचे में निवेश, सहायक सरकारी नीतियों और टिकाऊ परिवहन पर निरंतर जोर से प्रेरित रहा।

# अमेरिकी शुल्क से निपटने के लिए भारत बेहतर स्थिति में : आईटीसी चेयरमैन पुरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। आईटीसी के चेयरमैन संजीव पुरी ने कहा है कि अमेरिकी शुल्क से उत्पन्न बाधाओं से निपटने के लिए भारत बेहतर स्थिति में है क्योंकि अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर जल्द हस्ताक्षर होने की संभावना है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत कई देशों पर जवाबी शुल्क की घोषणा की है। हालांकि बाद में इसे तीन महीने के लिए टाल दिया गया। अभी केवल चीन पर 125 प्रतिशत शुल्क लागू है। हालांकि, अमेरिका को निर्यात पर 10 प्रतिशत मूल शुल्क जारी रहेगा। अन्य जवाबी शुल्क अब नौ जुलाई से लागू होंगे। घरेलू उद्योग पर इन शुल्क के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर पुरी ने कहा कि यह कहना कठिन है कि इसका क्या प्रभाव होगा, लेकिन भारत की स्थिति इस मामले में काफी बेहतर होगी। उन्होंने कहा, यह कहना कठिन है कि इसमें क्या बदलाव आएगा, लेकिन मेरा अपना मानना है कि अंत में भारत की स्थिति काफी बेहतर होगी। हम कई मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना देख रहे हैं जिसकी उद्योग जगत काफी समय से प्रतीक्षा कर रहा है। उम्मीद है कि इस वर्ष ऐसा हो जाएगा, चाहे वह यूरोपीय संघ हो, ब्रिटेन हो या निश्चित रूप से अमेरिका जहां मुझे लगता है कि चर्चाएं तेजी से जारी हैं। भारत और अमेरिका मार्च से द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत कर रहे हैं। दोनों पक्षों ने इस साल सितंबर-अक्टूबर तक समझौते के पहले चरण को पूरा करने का लक्ष्य रखा है, जिसका उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना से अधिक बढ़ाकर 500 अरब अमेरिकी डॉलर करना है। आईटीसी पर शुल्क के प्रभाव के संबंध में पुरी ने कहा कि यह भी ''अधिक घरेलू-केंद्रित उद्योग'' है और अमेरिकी शुल्क के कारण इसे कुछ प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है।

# मौजूदा समय में बफर पूंजी के उपयोग की जरूरत नहीं: आरबीआई

एजेंसी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को 'काउंटरसाइक्लिकल' यानी सुस्ती की स्थिति से निपटने के लिए तैयार बफर पूंजी (सीसीवाईबी) का उपयोग नहीं करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय बैंक का मानना है कि मौजूदा परिस्थिति में इसकी जरूरत नहीं है। आरबीआई ने सीसीवाईबी की रूपरेखा को फरवरी, 2015 में दिशानिर्देशों के रूप में पेश किया था। इसमें यह सलाह दी गई थी कि परिस्थितियों के अनुरूप सीसीवाईबी को लागू किया जाएगा और इसके बारे में पहले से घोषणा की जाएगी। रूपरेखा में मुख्य संकेतक के रूप में ऋण-जीडीपी अंतर की परिकल्पना की गई है। इसका उपयोग अन्य पूरक संकेतकों के साथ किया जा सकता है। आरबीआई ने बयान में कहा, ''सीसीवाईबी संकेतकों की समीक्षा के आधार पर यह निर्णय लिया गया है कि इस समय इसको लागू करना जरूरी नहीं है। इसे पेश 2015 में किया गया, लेकिन आरबीआई ने अबतक इसका उपयोग नहीं किया है। आरबीआई के अनुसार, सीसीवाईबी व्यवस्था के दो उद्देश्य हैं। सबसे पहले, इसके लिए बैंकों को अच्छे समय में पूंजी बफर बनाने की आवश्यकता होती है, जिसका उपयोग कठिन समय में ऋण के प्रवाह को बनाए रखने के लिए किया जा सकता है। दूसरा, यह बैंक क्षेत्र को अत्यधिक ऋण वृद्धि की अवधि में अंधाधुंध कर्ज देने से रोकने के लक्ष्य को भी हासिल करने में मददगार है। वर्ष 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के मद्देनजर केंद्रीय बैंक के प्रमुखों और पर्यवेक्षण प्रमुखों के समूह (जीएचओएस) ने प्रतिचक्रीय पूंजी उपायों पर एक रूपरेखा की शुरुआत की परिकल्पना की थी। जीएचओएस बासेल समिति के निर्धारित मानकों की निगरानी करने वाली इकाई है।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज, मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। भाव में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना सस्ता होकर 95,500 रुपये से लेकर 95,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 87,540 रुपये से लेकर 87,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आई कमी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 99,800 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 95,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 87,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 95,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 95,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 87,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 95,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 87,540 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 95,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# मायावती के भतीजे आकाश आनंद को झटका, वाई प्लस सिक्योरिटी हटी

एजेंसी

नई दिल्ली। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद को दो दिन पहले ही मिली बड़ी राहत के बाद मंगलवार को बड़ा झटका लगा। मायावती का उत्तराधिकारी बनने के बाद उन्हें मिली वाई श्रेणी की सुरक्षा मंगलवार को हटा ली गई। गृह मंत्रालय ने इस बारे में नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें बताया गया है कि कई वीवीआईपी की सुरक्षा की समीक्षा की गई। इसके बाद आकाश आनंद की सुरक्षा हटाने का फैसला लिया गया है। बसपा में वापसी के ठीक बाद हुए इस घटनाक्रम को कई नजरिये से देखा जा रही है। आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिलने से उन्हें सीआरपीएफ के करीब 8 से 10 सशस्त्र जवान मिले हुए थे। वाई श्रेणी के कारण उन्हें प्रोटोकॉल भी मिलता था। अब सुरक्षा वापस लिए जाने के बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल में बड़ा बदलाव आ जाएगा।



मायावती ने आकाश आनंद को अपरिपक्व बताते हुए अपने उत्तराधिकारी और महासचिव के पद से लोकसभा चुनाव के दौरान हटाया था। इस बीच रविवार को बसपा में वापस लेने का ऐलान किया था। आकाश को वापस लेने के साथ ही लखनऊ पार्टी कार्यालय में बुधवार को यूपीऽउत्तराखंड के राज्य पदाधिकारियों की बैठक भी बुलाई गईहै। पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि शायद मायावती इस बैठक में आकाश आंनद की जिम्मेदारी संबंधी कोई ऐलान कर सकती हैं। इससे पहले सुरक्षा हटाने का नोटिफिकेशन जारी हो गया। हालांकि सुरक्षा हटाने के बाद बसपा की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। नेताओं का मानना है कि आकाश आनंद जैसे ही दोबारा सक्रिय हुए हैं उनकी सुरक्षा हटा ली गई है। यह चिंताजनक है। अब सभी की नजरें इस बात पर हैं कि बीएसपी इसे लेकर क्या रुख अपनाती है। आकाश आनंद को 1 मार्च 2024 को वाई प्लस सुरक्षा दी गई थी। तब मायावती लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी थीं। आकाश आनंद को अपना राजनीतिक वारिस घोषित करते हुए उन्हें अगला उत्तराधिकारी बताया था। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान आकाश आनंद की भाजपा पर बयानबाजी के बाद मायावती ने उनकी जिम्मेदारी छीन ली थी। हालांकि बाद में उन्हें फिर से उत्तराधिकारी बना दिया था।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने भतीजे आकाश आनंद की वापसी के बाद बुधवार को पार्टी पदाधिकारियों की अहम बैठक बुलाई है। इसमें प्रदेश पदाधिकारियों के साथ मंडलीय कोआर्डिनेटरों, जिलाध्यक्षों व बामसेफ के पदाधिकारियों को बुलाया गया है। यह बैठक इसलिए भी अहम मानी जा रही है कि आकाश की वापसी के तुरंत बाद यह होने जा रही है। इसीलिए माना जा रहा है कि आकाश की जिम्मेदारियों को लेकर भी कुछ घोषणा हो सकती है। इसके साथ ही संगठन विस्तार और भाईचारा कमेटियों के गठन के प्रगति की समीक्षा होगी।

# संसद का विशेष सत्र बुलाकर महंगाई पर श्वेतपत्र जारी करे सरकार : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि महंगाई आसमान छू रही है और आवश्यक वस्तुओं के दाम आम लोगों की पहुंच से बहुत दूर हो गये हैं, लेकिन नरेन्द्र मोदी सरकार इस बारे में आंख मूंदे है और जनता को महंगाई से राहत देने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लाम्बा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महंगाई चरम पर पहुंच गई है लेकिन सरकार इस ओर ध्यान ही नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई के कारण आम लोगों का जीवन कठिन हो गया है इसलिए सरकार को इस मुद्दे पर संसद में चर्चा करानी चाहिए और इसके लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। श्रीमती लाम्बा ने कहा, भाजपा सरकार ने महंगाई से मुंह मोड़ लिया है। इनका एकमात्र लक्ष्य है कि कैसे सरकारी और निजी कंपनियों की जेब भरी जाए। देश का आम आदमी इस महंगाई का खामियाजा भुगत रहा है। आज अगर हम देश भर में पेट्रोल-डीजल की कीमतों की तुलना करें तो-2014 में पेट्रोल की कीमत 72 रुपए प्रति लीटर थी, लेकिन आज यही आंकड़ा 98 से 100 रुपए प्रति लीटर तक है। उन्होंने कहा, कांग्रेस सरकार में डीजल 55 प्रति लीटर था जबकि भाजपा सरकार में 88 रुपए प्रति लीटर हो गया है। कांग्रेस की सरकार में पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 9.20 रुपए थी, आज वही बढ़कर 19.90 रुपए हो गई है। डीजल पर 2014 में एक्साइज ड्यूटी 3.46 रुपए थी, आज वही बढ़कर 15.80 रुपए हो गई है। कांग्रेस सरकार में कच्चे तेल की कीमत 108 डॉलर प्रति बैरल थी, लेकिन आज 65.31 डॉलर प्रति बैरल है। कच्चे तेल की कीमतों में 40 प्रतिशत गिरावट आई है, लेकिन न पेट्रोल-डीजल की कीमत कम हो रही है, न एक्साइज ड्यूटी कम हो रही है। उल्टे तेल कंपनियां तगड़ा मुनाफा कमा रही हैं। हम महंगाई के खिलाफ देश भर में आंदोलन कर रहे हैं। आज देश की महिलाएं महंगाई से त्रस्त हैं और वे हमारे साथ आंदोलन में जुड़ रही हैं। दिल्ली, केरल, राजस्थान, यूपी, पंजाब, अंडमान-निकोबार, गोवा, पुडुचेरी, हरियाणा समेत कई राज्यों में हमने सड़क पर उतरकर महंगाई के खिलाफ आवाज बुलंद की है। मैं खुद, आने वाली 17, 18, 19 अप्रैल को बिहार में महंगाई के खिलाफ जारी इस आंदोलन का हिस्सा बनूंगी। ये मामला जनता से लूट-खसोट और कंपनियों को मुनाफा पहुंचाने का है- जिसका एकमात्र लक्ष्य मुनाफा कमाने वाली कंपनियों से भाजपा के खजाने में चंदा लेना है। हमारी मांग है कि इस मामले में कैग ऑडिट किया जाए। अगर ये नहीं होगा तो साफ हो जाएगा कि इस पूरे मामले में भाजपा की मिलीभगत है। उन्होंने कहा, घरेलू सिलिंडर की कीमतों को देखेंगे तो 2014 में यह 414 रुपए थी, इसमें सब्सिडी भी दी जाती थी लेकिन आज सब्सिडी खत्म करके सिलिंडर की कीमत 1,103 रुपए कर दी गई है।

## हमारी नरम भाषा को हल्के में न लें, मेडिकल बोर्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को फिर फटकारा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नीतीश कटारा हत्याकांड मामले में जेल की सजा काट रहे विकास यादव की मां की स्वास्थ्य स्थिति की जांच के लिए मेडिकल बोर्ड के गठन में देरी को लेकर उत्तर प्रदेश की सरकार को एक बार फिर फटकार लगाई है। पीठ ने कहा कि आपको मेडिकल बोर्ड गठित करने में 10 दिन लग गए। इसके लिए कुछ स्पष्टीकरण की जरूरत है। आदेश में हमारी नरम भाषा को हल्के में नहीं लें। राज्य के पास याचिकाकर्ता के खिलाफ कुछ (तथ्य) हो सकते हैं, लेकिन राज्य को निष्पक्ष होना चाहिए। मामला वर्ष 2002 के हत्या में 25 साल की जेल की सजा काट रहे यादव ने अपनी बीमार मां की देखभाल के लिए अंतरिम जमानत का अनुरोध किया है। इससे पहले सिविल मुकदमों में आपराधिक धाराएं लगाने और बच्चों की तस्करी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को फटकार लगाई थी। प्रयागराज में बुलडोजर एक्शन पर तो सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए अंतरात्मा को झकझोर देने वाली कार्रवाई कह दिया था। मंगलवार को न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि दो अप्रैल के आदेश के बावजूद गाजियाबाद के यशोदा अस्पताल में भर्ती यादव की मां की स्वास्थ्य स्थिति की जांच के लिए मेडिकल बोर्ड गठित करने में 10 दिन लग गए। अदालत ने कहा कि जब तक मेडिकल बोर्ड उनके स्वास्थ्य की स्थिति की जांच के लिए आया, तब तक यादव की मां को अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी थी। यादव की ओर से पेश वकील ने कहा कि यादव की मां को सोमवार को फिर से अस्पताल में भर्ती कराया गया। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सा अधीक्षक द्वारा एक नया मेडिकल बोर्ड गठित किया जाए और तुरंत मूल्यांकन कर एक रिपोर्ट पेश की जाए। वकील ने यादव की मां के मेडिकल दस्तावेज रिकॉर्ड पर रखे और कहा कि मां की हालत फरवरी में खराब हो गई थी। उन्होंने कहा कि यादव की मां गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में थीं और उन्होंने सर्जरी से इनकार कर दिया था। अपनी अंतरिम जमानत याचिका में यादव ने कहा कि उसकी मां उमेश यादव गंभीर रूप से बीमार हैं और आईसीयू में भर्ती हैं।

# न्यायालय 2025 के वक्फ कानून प्रावधानों के खिलाफ नयी याचिका सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कई प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली एक नयी याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार किए जाने पर सहमति व्यक्त की।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन की इस दलील पर गौर किया कि एक नयी याचिका दायर की गई है और उसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''जिन मामलों में उल्लेख पर्चियां दी जाती हैं, हम उनमें ज्यादातर के मामले में एक सप्ताह के भीतर तारीख दे देते हैं। एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी द्वारा दायर याचिका सहित 10 याचिकाएं पहले से ही प्रधान न्यायाधीश और न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष 16 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन द्वारा उल्लखित नयी याचिका हरिशंकर जैन और मणि मंजुल द्वारा भारत संघ, केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय और केंद्रीय वक्फ समिति के खिलाफ दाखिल की गई है।

याचिका में वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 द्वारा संशोधित वक्फ अधिनियम, 1995 के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है और कहा गया है कि ये प्रावधान भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 25,26,27 और 300ए का उल्लंघन करते हैं क्योंकि ये मुस्लिम समुदाय को ''अनुचित लाभ'' प्रदान करके ''भारतीय समाज में असंतुलन और असामंजस्य'' पैदा करते हैं। इसमें कहा गया है कि इन कानूनी प्रावधानों के माध्यम से वक्फ बोर्ड को अत्यधिक शक्तियां प्राप्त हो गई हैं, जिसके कारण देश भर में बड़े पैमाने पर सरकारी और निजी भूमि पर कब्जा हो गया है। याचिका में कहा गया, ''यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि पूरे देश में आम जनता व्यक्तियों की संपत्ति और सार्वजनिक संपत्तियों पर धोखे से या जबरन कब्जा करने के अवैध कृत्यों से व्यथित है, उन्होंने विभिन्न उच्च न्यायालयों में 120 से अधिक याचिकाएं दायर की हैं और वे निर्णय के लिए लंबित हैं। केंद्रीय गृह मंत्री के 2025 के संसदीय वक्तव्य का हवाला देते हुए इसमें कहा गया कि वक्फ-पंजीकृत भूमि में 2013 में 18 लाख एकड़ के आंकड़े से 2025 में 39 लाख एकड़ तक ''तेज वृद्धि'' हुई। याचिका में कहा गया कि बयान में वक्फ भूमि रिकॉर्ड में विसंगतियों, विशेष रूप से पट्टे पर दी गई संपत्ति के आंकड़ों के गायब होने के संबंध में चिंताओं को भी उजागर किया गया है। इसमें यह घोषित करने का अनुरोध किया गया कि गैर-मुस्लिमों को वक्फ अधिनियम के प्रावधानों के अधीन नहीं होना चाहिए।

# शीर्ष संस्थानों में प्लेसमेंट में कमी पर संसदीय समिति ने भी जताई चिंता : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि देश के शीर्ष शिक्षण संस्थानों भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (आईआईटी), राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईआईआईटी) में प्लेसमेंट में कमी आना चिंताजनक है और इससे साबित होता है कि जब शीर्ष संस्थानों में यह हालात है तो देश की बाकी संस्थानों में पढ़ी लिखी आबादी को कैसे नौकरी मिलेगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि शीर्ष शिक्षण संस्थानों में प्लेसमेंट में आई कमी को उजागर करने संबंधी यह खबर एक शीर्ष अखबार ने दी है। उन्होंने कहा कि खबर में शिक्षा, महिला, बाल, युवा तथा खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने उच्च शिक्षा विभाग के अनुदान मांगों पर अपनी 364वीं रिपोर्ट में यह आंकड़ा देते हुए बताया है कि देश के शीर्ष संस्थानो जैसे आईआईटी, एनआईटी और आईआईआईटी में प्लेसमेंट में आई गिरावट चिंताजनक है। आईआईटी देश का प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थान है जहां सबसे प्रतिस्पर्धी प्रवेश प्रक्रिया होती है जो देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक और छात्र आकर्षित करती है। इंजीनियरिंग को वैसे भी सबसे अधिक नौकरी योग्य डिग्रियों में से एक माना जाता है। अगर आईआईटी जैसे संस्थानों से हर पांच में से एक इंजीनियर नौकरी पाने में असमर्थ है तो इससे बड़ा सवाल खड़ा होता है कि देश में बाकी पढ़े-लिखे युवाओं की बड़ी आबादी को रोजगार के कैसे मिलेगा। वास्तविकता यह है कि एनआईटी और आईआईटी जैसे संस्थानों में भी प्लेसमेंट में बड़ी गिरावट देखी जा रही है, जो देश में बड़े पैमाने पर नौकरी के बाजार में ठहराव की ओर इशारा करता है। इसी तरह, हमारे एनआईटी से स्नातक होने वाले इंजीनियरों को मिलने वाले औसत वेतन पैकेज में गिरावट भी वेतन में स्थिरता की ओर इशारा करती है।

# पेज एक का शेष

## यूपी में सात हजार...

जुड़ी गलत धारणाओं और कलंक को कम करने में भी सफलता मिली है। लखनऊ के मलिहाबाद की बढ़ी गादी ग्राम पंचायत की प्रधान शिल्पी शुक्ला के संकल्प ने एक वर्ष के अन्दर ही ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त कर दिखाया। वर्ष 2020 में प्रधान बनीं तो गांव में टीबी के 20 मरीज़ थे। 35 वर्षीय शिल्पी ने इन मरीजों को अपने सामने दवाई खिलाना सुनिश्चित किया। वह इनके परिवार वालों से नियमित तौर पर मिलकर उन्हें मरीज़ की देखभाल, उनके खान-पान और स्वयं संक्रमण से बचने के लिए प्रोत्साहित करती रहीं जिससे सभी मरीज़ों ने दवाइयों का कोर्स पूरा किया और वे स्वस्थ हो गए। विभाग द्वारा मोबाइल पर समय-समय पर साझा की गई जानकारी को शिल्पी ने गांव वालों तक पहुंचाया। शिल्पी बताती हैं कि उन्होंने इस सन्देश को विशेष रूप से प्रचारित किया कि लगातार दो महीने तक दवा लेने के बाद टीबी मरीज़ में संक्रमण मुक्त होने की प्रबल सम्भावना बन जाती है, जिससे मरीज़ और अन्य लोगों में इस बीमारी को लेकर डर न रहे और लोग इलाज का महत्व समझें। बहराइच के जिले की कारीडीहा ग्राम पंचायत को दूसरी बार टीबी मुक्त बनाकर ग्राम प्रधान 36 वर्षीया अनीता देवी ने ग्राम पंचायतों के सामने नई मिसाल पेश की है। अनीता देवी बताती हैं कि कारीडीहा को टीबी मुक्त बनाने की यह यात्रा साझा प्रयास था, जिसके लिए स्थानीय नेतृत्व और सरकारी तंत्र सबका सहयोग मिला। ग्राम प्रधान अनीता देवी ने जहां गांव को जागरूक करने की जिम्मेदारी उठाई, वहीं सीएचओ और आशा कार्यकर्ताओं ने टीबी की जांच, दवा और परामर्श की व्यवस्था गांव की चौखट तक पहुंचाई। अनीता देवी की योजना है कि गाँव के बाहर ''टीबी मुक्त पंचायत ऽ कारीडीहा'' का बोर्ड लगाया जाए और दीवारों पर जागरूकता स्लोगन लिखवाए जाएँ, ताकि हर कोई यह जान सके ''लक्षण दिखें तो न छिपाएं, तुरंत आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर जांच कराएं। वाराणसी के पिंडरा ब्लाक के रामनगर, गाडर और कृष्णापुर कला ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जो दूसरी बार टीबी मुक्त घोषित की गईं हैं। सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर जेएन सिंह के अनुसार रामनगर ग्राम पंचायत में विभागीय टीम के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से भी भरपूर सहयोग मिला जिससे टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का सपना साकार करने में मदद मिली। ग्राम प्रधान रमाशंकर यादव की अध्यक्षता में ग्राम सभा की बैठक की गई, जिसमें लोगों द्वारा क्षय रोग के लक्षण के बारे में विस्तृतरूप से लोगों को समझाया गया। इसके अलावा आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर सीएचओ अंकित शर्मा, आशा पुष्पा देवी, एकीकृत बाल विकास सेवा विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता किरण श्रीवास्तव और कुछ ग्राम सभा के सदस्यों का सहयोग भी सराहनीय रहा। फतेहपुर के धाता ब्लाक के घोषी गांव के प्रधान 52 वर्षीय दशरथ ने ग्राम पंचायत के तीन गांवों को टीबी मुक्त करने के लिए जो प्रयास किए, वे प्रेरणादायक हैं। दशरथ ने चार वर्ष पहले प्रधान का पद संभाला लेकिन गांव को स्वस्थ रखने का जूनून उनमें कई वर्षों पहले से था। वह बताते हैं कि यदि अपने या पड़ोसी गांव में कोई भी व्यक्ति बीमार दिखता तो वह तुरंत उसे बाइक पर बिठाकर सरकारी अस्पताल लेकर जाते थे। जब दशरथ प्रधान बने तो उनके गांव में आठ टीबी रोगी थे। उन्होंने इन सभी मरीजों की स्वयं निगरानी की और सुनिश्चित किया कि इनका इलाज पूरा हो। आशा कार्यकर्ता के संपर्क में आने के बाद उन्होंने टीबी और अन्य संक्रामक बीमारियों के खिलाफ लड़ाई को और मज़बूत कर लिया। दशरथ का कहना है टीबी से लड़ाई में सबको आगे आना होगा, तभी इसे जड़ से समाप्त किया जा सकेगा।

## राम मंदिर ट्रस्ट...

उसके पीछे उन्होंने तमिलनाडु से रिलेटेड कुछ कारण बताया था। उसे व्यक्ति ने जो एड्रेस दिया था वह भी तमिलनाडु का था और जो इशू था वह भी तमिलनाडु का कोई पॉलिटिकल इशू था। लेकिन फिर भी एहतियात बरतते हुए हम लोगों ने कप्तान साहब की मदद से पूरे कलेक्ट्रेट को चेक कराया। बम स्क्वॉड की टीम भी आई और उन्होंने चेक किया। चेकिंग के दौरान कुछ भी नहीं पाया गया। मेल के जो कंटेंट थे उसको पढ़ने से ही बात हल्की लग रही थी। लेकिन फिर भी हम लोगों ने सतर्कता बरतते हुए समय से चेकिंग कर ली और किसी भी तरह की कोई भी चीज नहीं मिली है। अलीगढ़ जिला मुख्यालय को भी बम से उड़ने की धमकी मिली है। ईमेल के माध्यम से दी गई धमकी के बाद पुलिस प्रशासन के लोग अलर्ट हो गए हैं। जिला मुख्यालय पर भारी पुलिस बल की तैनाती के साथ ही डॉग स्क्वायड और अन्य उपकरणों के साथ जांच कराई जा रही है। फोन पर पुष्टि करते हुए डीएम ने बताया कि इस संबंध में एक मेल आया है जिसकी जांच की जा रही है।

## डंडा ही दंगाइयों...

प्रयासों को को गति देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो जनता को बेवकूफ बनाने और आंखों में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं उनसे सावधान रहने की जरूरत है। हमें बाबा साहब अंबेडकर के बनाए गए संविधान पर विश्वास करना है। हमें विकास की प्रक्रिया से जुड़ना है। सीएम ने कहा कि 75 वर्षों तक सत्ता पर काबिज रहीं सरकारें गरीबों को आवास, शौचालय जैसी मूल सुविधाएं नहीं दे पाईं, वहीं अब उत्तर प्रदेश में 10 करोड़ लोग आयुष्मान कार्ड का लाभ उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत की परिकल्पना पेश की है। 2047 में भारत दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि यह सपना आजादी के सेनानियों का था। पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, चंद्रशेखर आजाद, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खान जिन्होंने हमेशा भारत माता के विकास के लिए संघर्ष किया। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि जिस रोडमैप के तहत डबल इंजन सरकार कार्य कर रही है उसका उद्देश्य अंतिम पायदान तक हर व्यक्ति तक विकास की योजनाओं को पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि आवास, शौचालय, आयुष्मान, रोजगार की व्यवस्था अब विकास के साथ-साथ जारी रहेंगी। सरकार यह भी व्यवस्था करने जा रही है कि गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले प्रत्येक परिवार को सभी सुविधा मिलेंगी। हर परिवार के सदस्य को नौकरी और रोजगार से जोड़ने का काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि देश के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में पूरा देश एक अमृत महोत्सव के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान का महत्व बताते हुए कहा, उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूर्व से पश्चिम तक 140 करोड़ भारतीय, एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण के साथ विकसित भारत की परिकल्पना को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम देश को एकजुट होने और लड़ने के लिए एक नया उत्साह प्रदान करने वाला अनुभव था। मंगल पांडे, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, बिठूर में नाना राव पेशवा तथा गोरखपुर के बंधु सिंह सभी ने अपने-अपने मोर्चों पर अंग्रेजों का मुकाबला किया। वहीं गोरखपुर में बंधु सिंह को अंग्रेज परास्त नहीं कर पाए। विकास के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि, हरदोई में मेडिकल कॉलेज चालू हो चुका है। नर्सिंग कॉलेज भी आ रहा है। मेरठ, दिल्ली, प्रयागराज और काशी को जोड़ने के लिए ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे तथा गंगा एक्सप्रेसवे की योजनाएं आईं। इनमें 99 किलोमीटर की दूरी हरदोई में तय होती हैं। उन्होंने टेक्सटाइल पार्क की बात करते हुए बताया कि पीएम मित्र तथा टेक्सटाइल पार्क के माध्यम से लाखों नौजवानों को रोजगार की सुविधा मिलेगी। साथ ही, कनेक्टिविटी में सुधार से पर्यटन, पक्षी विहार, गेस्ट हाउस और लोकल उत्पादों के विकास से रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए। प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा उनसे बातचीत की। उन्होंने बच्चों को गोद में लेकर खीर खिलाई और अन्नप्रासन किया, खिलौने वितरण किए तथा तिलक लगा कर स्वागत किया। अन्नदाताओं को अनुदान देने के साथ-साथ पूछा कि चिकित्साकर्मियों से पूछा कि समय पर पैसे पहुंच रहे हैं या नहीं। इस अवसर पर सीएम को शूरवीरों की वीरता की प्रति तलवार एवं प्रतिमा भेंट की गई। इस अवसर पर लाभार्थियों को घरौनी वितरण प्रमाण पत्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, छात्राओं को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत टैबलेट एवं लैपटॉप प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को घर की चाबी भेंट की गई, नवीन राशन कार्ड बांटे गए तथा प्रोत्साहन योजना, खादी ग्रामोद्योग, आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। साथ ही, ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 15 करोड़ का चेक वितरण भी किया गया।

## हरियाणा भूमि सौदा...

आवास से वाद्रा (56) एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित ईडी मुख्यालय तक करीब दो किलोमीटर पैदल चलकर पहुंचे। वह अपने वकील के साथ पूर्वाह्न 11 बजे ईडी कार्यालय में दाखिल हुए, जबकि उनकी सुरक्षा टीम बाहर ही रही। ईडी कार्यालय जाने के दौरान रास्ते में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, ''यह कुछ और नहीं बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से प्रेरित है। जब भी मैं अल्पसंख्यकों के लिए बोलता हूं तो वे मुझे रोकने की कोशिश करते हैं, हमें कुचलने की कोशिश करते हैं उन्होंने संसद में राहुल (गांधी) को भी रोकने की की। यह एजेंसियों का दुरुपयोग है और यह राजनीतिक प्रतिशोध है। उन्होंने कहा कि वह पहले की तरह ही जांच एजेंसी के साथ सहयोग करेंगे। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत करीब दो घंटे तक उनका बयान दर्ज किया। पूछताछ दिन भर जारी रहने की उम्मीद है। अपराह्न करीब डेढ़ बजे ईडी कार्यालय से भोजन अवकाश के लिए बाहर आने के बाद वाद्रा ने पत्रकारों से कहा कि वह जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं, लेकिन मामले को बंद करने की जरूरत है। उन्होंने पूछा, ''आप 2007 में हुई किसी घटना के बारे में कैसे बात कर सकते हैं? सूत्रों ने बताया कि वाद्रा को इस मामले में पहली बार आठ अप्रैल को तलब किया गया था, लेकिन वह पेश नहीं हुए थे और नयी तारीख का अनुरोध किया था। वाद्रा की पत्नी प्रियंका गांधी वाद्रा केरल के वायनाड से कंग्रेस की सांसद हैं। वाद्रा के खिलाफ यह जांच हरियाणा के मानेसर-शिकोहपुर (अब गुरुग्राम में सेक्टर 83) में एक भूमि सौदे से जुड़ी है। जांच फरवरी 2008 में हुए एक भूमि सौदे से संबंधित है, जिसमें वाद्रा से जुड़ी एक कंपनी, 'स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड' ने गुरुग्राम के शिकोहपुर में 'ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज' नामक कंपनी से 7.5 करोड़ रुपये की कीमत पर 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। उस समय हरियाणा में मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार सत्ता में थी। चार साल बाद सितंबर 2012 में कंपनी ने इस 3.53 एकड़ जमीन को रियल्टी कंपनी 'डीएलएफ' को 58 करोड़ रुपये में बेच दिया। यह भूमि सौदा अक्टूबर 2012 में उस समय विवादों में आ गया था, जब भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अशोक खेमका ने इस सौदे को राज्य चकबंदी अधिनियम और कुछ संबंधित प्रक्रियाओं का उल्लंघन बताते हुए दाखिल खारिज को रद्द कर दिया था। खेमका उस समय हरियाणा के भूमि चकबंदी एवं भूमि अभिलेख महानिदेशक-सह-पंजीयन महानिरीक्षक के पद पर तैनात थे। हरियाणा में उस वक्त विपक्ष में रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तब इस मामले को भूमि सौदों में ''भ्रष्टाचार'' और ''भाई-भतीजावाद'' का उदाहरण बताया था, जो वाद्रा की कांग्रेस पार्टी के 'प्रथम परिवार' (गांधी परिवार) के साथ संबंधों की ओर इशारा करता है। हरियाणा पुलिस ने 2018 में इस सौदे की जांच के लिए एक प्राथमिकी दर्ज की थी। संघीय जांच एजेंसी ने धन शोधन के दो अलग अलग मामलों में वाद्रा से कई बार पूछताछ की है। ईडी ने दिसंबर 2023 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थित एनआरआई (अनिवासी भारतीय) व्यवसायी और कथित तौर पर वाद्रा से जुड़े सी. सी. थम्पी एवं ब्रिटेन स्थित हथियार सलाहकार संजय भंडारी के रिश्तेदार सुमित चड्ढा के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। आरोप पत्र में कहा गया है कि एजेंसी 2005-06 के दौरान एक रियल एस्टेट एजेंट के माध्यम से वाद्रा की हरियाणा में तीन भूखंडों की खरीद के साथ-साथ उनकी पत्नी प्रियंका गांधी वाद्रा द्वारा किए गए एक भूमि सौदे की जांच कर रही है। आरोप पत्र में न तो वाद्रा और न ही प्रियंका गांधी वाद्रा को आरोपी बनाया गया है। ईडी ने कहा था कि थम्पी ने 2005 से 2008 के बीच दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) स्थित रियल एस्टेट एजेंट एच. एल. पाहवा के माध्यम से हरियाणा के फरीदाबाद के अमीरपुर गांव में लगभग 486 एकड़ जमीन खरीदी थी। ईडी ने आरोपपत्र में कहा, ''यह उल्लेख करना जरूरी है कि रॉबर्ट वाद्रा ने 2005-2006 में एच. एल. पाहवा से अमीरपुर में 334 कनाल (40.08 एकड़) की तीन जमीन खरीदी और दिसंबर 2010 में यही जमीन एच. एल. पाहवा को बेच दी। आरोप पत्र के अनुसार, ''इसके अलावा, रॉबर्ट वाद्रा की पत्नी प्रियंका गांधी वाद्रा ने भी अप्रैल 2006 में एच. एल. पाहवा से हरियाणा के फरीदाबाद जिले के अमीरपुर गांव में 40 कनाल (पांच एकड़) कृषि भूमि खरीदी और फरवरी 2010 में यही जमीन एच. एल. पाहवा को बेच दी। आरोप पत्र में कहा गया है कि ''पाहवा को भूमि अधिग्रहण के उद्देश्य से खातों से नकद राशि प्राप्त हो रही थी। ईडी ने कहा, ''यह भी पता चला कि रॉबर्ट वाद्रा ने पाहवा को पूरी राशि का भुगतान नहीं किया। इस संबंध में जांच अब भी जारी है।''

## सरकार ने संभल...

हैं। नवीन कुमार जीएस सचिव सिंचाई को स्टेट नोडल ऑफिसर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## यूपी ने अटल...

योजना में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, जो अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। योजना की नोडल एजेंसी द्वारा जारी की गई वार्षिक रिपोर्ट में बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूरे देश में 56 लाख से अधिक नामांकन हुए हैं, जिसमें यूपी का योगदान महत्वपूर्ण है। दिसंबर 2024 तक योजना में यूपी ने 15, 32,989 लोगों का नामांकन किया है जो कि 14,70,880 नामांकन के लक्ष्य के सापेक्ष 104.22 प्रतिशत है। यह प्रदर्शन मुख्यमंत्री योगी के कुशल नेतृत्व और राज्य सरकार की सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है।

## देश में प्रति दस लाख...

न्यायाधीश है। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली की जिला अदालतें देश में सबसे कम रिक्तियों वाली न्यायिक शाखाओं में से हैं, जहां 11 प्रतिशत रिक्तियां और 45 प्रतिशत महिलाएं न्यायाधीश हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि जिला न्यायपालिका में, केवल पांच प्रतिशत न्यायाधीश अनुसूचित जनजाति (एसटी) से और 14 प्रतिशत अनुसूचित जाति (एससी) से हैं। वर्ष 2018 से नियुक्त उच्च न्यायालय के 698 न्यायाधीशों में से केवल 37 न्यायाधीश एससी और एसटी श्रेणियों से हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, न्यायपालिका में अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) का कुल प्रतिनिधित्व 25.6 प्रतिशत है। रिपोर्ट में बताया गया कि कानूनी सहायता पर राष्ट्रीय प्रति व्यक्ति व्यय 6.46 रुपये प्रति वर्ष है, जबकि न्यायपालिका पर राष्ट्रीय प्रति व्यक्ति व्यय 182 रुपये है। रिपोर्ट में दावा किया गया कि कोई भी राज्य न्यायपालिका पर अपने कुल वार्षिक व्यय का एक प्रतिशत से अधिक खर्च नहीं करता है।

## बाल तस्करी मामले ...

निपटने के तरीके की आलोचना की। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा, ऌउच्च न्यायालय ने मामले को बहुत ही लापरवाही से निपटाया, जिसके कारण कई आरोपी फरार हो गए। ये लोग समाज के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि कम से कम उच्च न्यायालय को एक शर्त लगानी चाहिए थी कि आरोपी हर हफ्ते पुलिस के सामने पेश हो। उत्तर प्रदेश सरकार की निष्क्रियता पर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए, न्यायमूर्ति पारदीवाला ने टिप्पणी की, हम इस बात से पूरी तरह निराश हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले को कैसे निपटाया। कोई अपील नहीं की गई। अधिकारियों की कार्रवाई में मामले की गंभीरता नहीं दिखाई गई। आरोपी को स्पष्ट रूप से पता था कि बच्चा चोरी का था और फिर भी उसने उसे पाने के लिए चार लाख रुपये का भुगतान किया। न्यायालय के निर्देशों और टिप्पणियों से उम्मीद है कि जांच और न्यायिक कार्यवाही दोनों के संदर्भ में बाल तस्करी के मामलों से निपटने के तरीके में देश भर में बदलाव आएगा।

# यमुनोत्री धाम बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए मशीनें वायु सेना करेगी एयर लिफ्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उत्तरकाशी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी यमुनोत्री धाम में केदारनाथ की तर्ज पर यमुनोत्री धाम में बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों के लिए भारतीय वायु सेना की मदद से भारी मशीनों को एयर लिफ्ट करवाने जा रहें हैं ।

मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों पर यमुनोत्री धाम में बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों को तेज़ी से पूरा करने के लिए आवश्यक मशीनों को भारतीय वायुसेना के सहयोग से एयरलिफ्ट किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि बुधवार को भारतीय वायु सेना के चीता हेलीकॉप्टर से यमुनोत्री हेलीपेड की रेकी करेंगे। रेकी के बाद भारतीय वायु सेना के चिनूक हेलीकॉप्टर लेडिंग की ट्रायल करेंगे। सफल लैंडिंग के बाद यमुनोत्री धाम में जॉली ग्रांट एयरपोर्ट से वायु सेना के मालवाहक चिनूक हेलीकॉप्टर भारी मशीनों को यमुनोत्री धाम पहुंचायेगी जिससे धाम में बाढ़ सुरक्षा कार्यों में तेजी आयेगी। गौरतलब है कि यमुनोत्री धाम की विषम भौगोलिक परिस्थितियों और 6 किलोमीटर के पैदल मार्ग के कारण यह जेसीबी, पोकलैंड , आदि भारी मशीनों को नहीं पहुंचा जा सकता । जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने कहा कि चारधाम यात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। यमुनोत्री धाम में बाढ़ सुरक्षा के कार्यों को तेजी से पूरा करने और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कार्यों में गति लाने और बड़ी मशीनों की आवश्यकता को देखते हुए भारतीय वायुसेना से मदद मांगी गई है। इसी क्रम में 15 अप्रैल को चीता हेलीकॉप्टर के माध्यम से यमुनोत्री धाम में निर्मित हेलीपेड की रेकी की जाएगी। रेकी सफल होने के पश्चात 16 अप्रैल को चिनूक हेलीकॉप्टर की ट्रायल लैंडिंग की जाएगी। ट्रायल लैंडिंग सफल होने के बाद सिंचाई विभाग द्वारा आवश्यक मशीनों की लैंडिंग की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, जिससे यमुनोत्री धाम में बाढ़ सुरक्षा के कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकेगा।

# मनमाने तरीके से फीस बढ़ाने वाले स्कूलों पर होगी कार्रवाई: रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली में कुछ निजी स्कूलों के द्वारा कथित फीस वृद्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। रेखा गुप्ता ने आज अपने आवास पर जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान क्वीन मैरी स्कूल, मॉडल टाउन से संबंधित एक मामले का संज्ञान लिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता, समान अवसर और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों के खिलाफ छात्रों के अभिभावकों ने असामान्य तरीके से फीस बढ़ाए जाने की शिकायत की है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फीस बढ़ाने के लिए नियम और कानून हैं जिनका पालन किया जाना चाहिए। जो भी स्कूल नियम कानून का पालन नही करता उन सभी स्कूलों को नोटिस जारी किया जाएगा।

गुप्ता ने कहा कि आज जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान क्वीन मैरी स्कूल, मॉडल टाउन से संबंधित एक मामला सामने आया। जिसमें बच्चों के परिजनों ने गलत तरीके से फीस वसूली और बच्चों को स्कूल से निकाले जाने की शिकायत दर्ज की। उन्होंने कहा कि इस विषय पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच कर कड़ी और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। रेखा गुप्ता ने बताया कि अभिभावक अपनी शिकायतों के साथ मिल रहे हैं। किसी भी स्कूल को माता-पिता और बच्चों को परेशान करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें बच्चों को धमकाने और असामान्य रूप से फीस बढ़ाने का कोई अधिकार नहीं है। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता, समान अवसर और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। किसी भी प्रकार का अन्याय, शोषण या अनियमितता को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। इसमें कोई ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बाजवा का बयान बेतुका लेकिन प्राथमिकी दर्ज करना दुर्भाग्यपूर्ण: तीक्ष्ण सूद

**होशियारपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं पंजाब के पूर्व मंत्री तीक्ष्ण सूद ने विपक्ष के नेता परताप सिंह बाजवा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की आलोचना की है। श्री सूद ने यहां जारी एक बयान में कहा कि श्री बाजवा का बयान अवांछित और बेबुनियाद है, लेकिन उनके खिलाफ मामला दर्ज करने का मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का फैसला और भी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी सरकार कानून एवं व्यवस्था की स्थिति संभालने के बजे विपक्ष को चुप कराने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आप सरकार के शासन में पुलिस थानों, धार्मिक स्थलों समेत 18 जगहों पर हथगोले फेंके गये हैं। गिरोहबाज और अपराधी बेरोकटोक काम कर रहे हैं और रोज हत्या, लूट, हफ्ताखोरी आदि की घटनाएं हो रही हैं, जिससे प्रदेशवासी भयभीत हो गये हैं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि सरकार अपने प्रचार में ही लगी रहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों पर श्री बाजवा जैसे नेताओं के खिलाफ मामले नहीं बल्कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई चाहिए, जो प्रदेश की शांति और स्थिरता को खतरा हैं।

### फगवाड़ा:दो व्यक्ति 86 नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार

**फगवाड़ा।** पंजाब की फगवाड़ा पुलिस ने सोमवार देर रात दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 86 नशीली गोलियां बरामद कीं। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि आरोपियों की पहचान फगवाड़ा के धीरज कुमार उर्फ ढांगू और पंकज उर्फ पंकू के रूप में हुई है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दो अलग-अलग जगहों से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने धीरज से 31 गोलियां और पंकज से 55 गोलियां बरामद कीं। आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

### जीटीबी एंक्लेव में युवती की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिला के जीटीबी एंक्लेव इलाके में एक युवती की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। वारदात सुंदर नगरी के एमआईजी फ्लैट्स के सर्विस रोड पर हुई है। खबर लिखे जाने तक मृतका की पहचान नहीं हो पाई थी। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर जिले के आलाधिकारी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। सूत्रों का कहना है कि युवती को दो गोली लगी है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। शुरुआती जांच में पुलिस आशंका जता रही है कि युवती के जानकार ने ही वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। इसके अलावा पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाल कर आरोपित की पहचान करने में जुटी हुई है।

### एमएसयू के स्थापना दिवस पर उद्घोषक पिंकू झा हुए सम्मानित

**सहरसा।** मिथिला मैथिली एवं मैथिल लोगों के साथ साथ छात्र हित में संस्था मिथिला स्टूडेंट यूनियन विगत नौ वर्षो से सतत क्रियाशील व विकास के लिए संघर्षशील है।एमएसयू दिल्ली ईकाई द्वारा आईटीओ राजेन्द्र पैलेस में दसवां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान एक डेग विकास लेल विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य विभूतियों को सम्मानित भी किया गया।साथ ही प्रसिद्ध उद्घोषक पिंटू झा को बेहतरीन उद्घोषक के रुप में सम्मानित किया गया।पिंकू झा ने बताया कि मिथिला स्टूडेंट यूनियन के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम मे मंच से सम्मानित करने हेतु संगठन के पदाधिकारी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष कौशल कुमार, उदय नारायण, अजित वत्स, मुरारी वत्स, अभिषेक कुमार सहित समस्त कार्यकारिणी को हार्दिक साधुवाद दिया। झा ने कहा कि मिथिला स्टूडेंट यूनियन में अपने अल्प काल में ही अनेक आंदोलन को जन्म देकर संघर्ष को अंजाम तक पहुंचाया है।एमएसयू द्वारा छात्रों एवं मिथिला मैथिली के हित में संघर्ष की जो नई लकीर खींची है। उसे अन्य छात्र संगठनों को पूरा करने में वर्षों का समय लगेगा। मिथिला स्टूडेंट यूनियन अपने कार्यकर्ताओं के बल पर कठिन से कठिन संघर्ष में कामयाब हो पाया है।

### सिरवा पर्व पर सुल्तान पोखर में स्नान कर सुल्तानी माई मंदिर में पूजा अर्चना

**अररिया।** मिथिलांचल सहित अंग प्रदेश में मनाए जाने वाले सिरवा पर्व के मौके पर फारबिसगंज में मंगलवार को बड़ी संख्या में महिलाओं ने स्नान कर सुल्तानी माई मंदिर में पूजा अर्चना की। सतुआन के दूसरे दिन सिरवा पर्व मनाया जाता है।पुराने परम्परा के अनुसार,आज के दिन मन्नतें मांगने वाली महिलाएं सुल्तान पोखर में स्नान कर हिन्दू मुस्लिम सांप्रदायिक सौहार्द्र का प्रतीक सुल्तानी माई मंदिर में पूजा अर्चना करती है और जिनकी मन्नतें पूरी हो जाती है,वे महिलाएं पूजा अर्चना उपरांत चढ़ावा चढ़ाती है और भूखे गरीबों के बीच भोजन या दान आदि करती है। किवदंती के अनुसार,शाह सुल्तान के वारिश कतई मीर द्वारा 1857-58 में ब्रिटिश हुकूमत के समय पूरे सुल्तानपुर स्टेट को सर अलेक्जेंडर हेनरी फोरबेस से कानपुर के सेठ जुगीलाल कमलापति द्वारा खरीदे जाने से पूर्व मुगल काल में एक गरीब कन्या के रूप लावण्य से मोहित सुल्तान द्वारा हिन्दू-मुस्लिम के प्रतीक के रूप में सुल्तान पोखर खुदवाया गया था,जो आज फारबिसगंज का ऐतिहासिक धरोहर है। सुल्तान पोखर व सुल्तानी माई का मंदिर हिन्दू-मुस्लिम का सौहार्द का एक ऐसा प्रतीक माना जाता है जहां एक ही स्थान पर एक साथ दोनों समुदाय के लोग पूजा और इबादत करते हैं। इस पोखर में स्नान कर मंदिर में आकर जो भी मन्नतें-मुरादें मांगी जाती है, वह अवश्य पूर्ण होती है। खासकर निःसंतान औरतें मुख्य रूप से औलाद की मन्नतें मांगने आती है। मुगलकाल की यह ऐतिहासिक धरोहर आज भी साम्प्रदायिक सौहार्द्र और अमन का पैगाम देती है। खासकर सिरवा के मौके पर महिलाओं की भीड़ जुटती है। कार्यकर्ताओ ने बताया कि मौके पर पोखर के तट पर लोग मुंडन संस्कार भी करवाते हैं।सिरवा के मौके पर सुल्तान पोखर व मंदिर परिसर में मेला भी लगता है।

### इंजीनियरिंग क्षेत्र में भी बढ़े महिलाओं की भागीदारी : रेखा आर्य

**देहरादून।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी महिलाओं की ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। मंगलवार को यमुना कॉलोनी स्थित अधिकारी मनोरंजन सदन में मंत्री रेखा आर्य ने उत्तराखंड पावर जूनियर इंजीनियर संगठन के 11वें महा अधिवेशन को संबोधित करते हुए यह बात कही। मंत्री रेखा आर्य ने जूनियर इंजीनियर्स की प्रमोशन की मांग पर कहा कि सरकार की ओर से कमेटी इसलिए गठित की गई है ताकि उनके प्रमोशन में किसी तरह की तकनीकी विसंगति ना रह जाए। कमेटी तय समय सीमा में अपनी रिपोर्ट देगी।

# डब्लूपीयू संग्रह केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे भारत सरकार के स्वच्छता निदेशक करणजीत सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




भागलपुर। भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के निदेशक डीडीडब्लूएस (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) करणजीत सिंह मंगलवार को भागलपुर जिले के सुल्तानगंज प्रखंड का दौरा कर अजगैवीनाथ धाम समेत विभिन्न पंचायतों में बने डब्लू पीयू संग्रह केन्द्रों का निरीक्षण किया। दिल्ली से पहुंचे करणजीत सिंह के साथ विभाग के पटना स्थित सलाहकार रुसी सिंह और आनंद कुमार, जिला समन्वयक निशांत रंजन एवं डीआरडीए भागलपुर के निर्देशक दुर्गा शंकर भी मौजूद थे। प्रखंड मुख्यालय पहुंचने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार, स्थानीय विधायक प्रो. ललित नारायण, नवादा पंचायत की मुखिया बंदना कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि प्रभाकर मंडल और स्वच्छता टीम ने उनका भव्य स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अब्जूगंज, नमामि गंगे घाट, भीरखुंद और नवादा पंचायत के डब्लू पीयू संग्रह केन्द्र का जायजा लिया। निरीक्षण के उपरांत अजगैवीनाथ मंदिर प्रांगण में मुखिया बंदना कुमारी एवं प्रतिनिधि प्रभाकर मंडल ने स्वच्छता निदेशक करणजीत सिंह को मेमोंटो और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। करणजीत सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत क्रियान्वित योजनाओं की जमीनी हकीकत का अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों और स्वच्छता कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजना के तहत स्वच्छता अभियान में कोई कोताही न बरती जाए और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार, नवादा पंचायत की मुखिया बंदना देवी, मुखिया प्रतिनिधि प्रभाकर कुमार, स्वच्छता प्रवेशक समेत विभागीय अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

# सौंद ने खन्ना में चार स्कूलों की विकास परियोजनाओं के किए उदघाटन

चंडीगढ़/खन्ना। पंजाब में खन्ना सीट से विधायक एवं कैबिनेट मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने मंगलवार को खन्ना के चार सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन किए। श्री सौंद ने इस मौके पर कहा कि तीन वर्षों में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार ने राज्य के सरकारी स्कूलों की शक्ल बदल दी, जबकि पिछली सरकारें 70 वर्षों में कुछ नहीं कर सकीं। उन्होंने कहा कि यदि नीयत अच्छी हो, तो सब कुछ संभव है। उन्होंने जिन स्कूलों में विकास कार्यों का उद्घाटन किया है, उनमें सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बीजा में 9.65 लाख रुपये की लागत से लाइब्रेरी तैयार करवाई गई, तीन लाख रुपये की लागत से स्कूल की चारदीवारी की गई और 1.40 लाख रुपये की लागत से बच्चों के लिए बाथरूम तैयार करवाया गया है। सरकारी हाई स्कूल भुम्मदी में 11 लाख रुपये की लागत से साइंस लैब तैयार करवाई गई है।

# भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस पर हाटपुरैनी हॉल्ट के पास पथराव, जांच में जुटे अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। भागलपुर और टिकानी स्टेशनों के बीच स्थित हाटपुरैनी हॉल्ट के पास ट्रेन संख्या 22310 भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस पर बीते सोमवार को पथराव की घटना हुई। घटना की सूचना मिलने पर भागलपुर पोस्ट से मालदा डिवीजन की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) टीम स्थिति का आकलन करने के लिए तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पथराव के परिणामस्वरूप कोच संख्या सी2 (सीट संख्या 53 और 54) की खिड़की का शीशा टूटा हुआ पाया गया। सौभाग्य से किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली। पूरी तरह से जांच शुरू कर दी गई है। अपराधियों की पहचान करने के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। आरपीएफ अपराधियों की पहचान सुनिश्चित करने और कानून के अनुसार उनसे निपटने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। जांच के अलावा आरपीएफ पोस्ट भागलपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्थानीय निवासियों को ऐसी कार्रवाइयों के गंभीर परिणामों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्हें बताया जा रहा है कि ट्रेनों पर पत्थरबाजी रेलवे अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है और इससे यात्रियों की जान को खतरा है।

मालदा डिवीजन ने लोगों से सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा में सहयोग करने और रेलवे ट्रैक या स्टेशनों के पास किसी भी संदिग्ध या असामाजिक गतिविधि की सूचना निकटतम रेलवे अधिकारियों को देने का आग्रह किया है।

# महिला सुरक्षा सहित विभिन्न मुद्दे पर भाकपा माले और ऐपवा का न्याय मार्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता




भागलपुर। संविधान आजादी न्याय सुरक्षा सप्ताहके तहत महिलाओं की सुरक्षा के सवाल पर भाकपा-माले और ऐपवा द्वारा मंगलवार को स्टेशन चौक से न्याय मार्च निकाला गया। न्याय मार्च की शुरुआत डॉ. अम्बेडकर की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर की गई। यह यात्रा मुख्य बाजार, खलीफाबाग, भगतसिंह चौक के रास्ते घंटाघर पहुँची। आज के इस संविधान आजादी न्याय सुरक्षा सप्ताह न्याय मार्च कार्यक्रम के तहत दर्जनों पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे। इस मौके भाकपा माले भागलपुर इकाई के नगर प्रभारी मुकेश मुक्त ने कहा कि दलित अति पिछड़े वंचित समुदाय की महिलाओं के खिलाफ जारी हिंसा पर जल्द से जल्द सरकार रोक लगाज। कोमल, काजल और स्नेहा को न्याय मिले। वहीं आज के इस न्याय मार्च कार्यक्रम के दौरान वर्तमान केंद्र और राज्य की सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए मुकेश मुक्त ने कहा कि बिहार में महिलाएं अपने आप को काफी असुरक्षित महसूस कर रही हैं। लड़कियों और महिलाओं के साथ गलत हो रहा है। उसे पर सरकार पूर्ण रूपेण लगाम लगाए या ऐसे लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए लोगों को सजा दे। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी महंगाई आसमान छू रही है। यहां के युवा पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। रोजगार नहीं मिलने से युवा त्राहिमाम हैं। भ्रष्टाचार और हत्या का ग्राफ बढ़ता ही चला जा रहा है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के कई योजनाओं में महिलाओं के लिए योजनाएं पारित तो की जाती है लेकिन धरातल पर उतरने में काफी समय लगता है।


महिलाओं को उनके हक और योजनाओं का लाभ मिले। अगर सरकार ऐसे बिंदुओं पर काम नहीं करती है तो हम लोगों का आंदोलन और उग्र होगा। बिहार सरकार को आगाह करने के लिये यह न्याय मार्च निकाला गया है।

# जापान के राजदूत ने की बिहार के लिट्टी-चोखा की तारीफ, लिखा-'गजब स्वाद बा'

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के लिट्टी-चोखा का स्वाद विदेशियों को भी भाने लगा है। भारत में जापान के राजदूत केइची ओनो भी लिट्टी-चोखा के स्वाद के मुरीद हो गये हैं। दरअसल, बिहार दौरे पर आए भारत में जापान के राजदूत केइची ओनो को स्थानीय खानपान से जुड़ी थाली परोसी गई। इसमें लिट्टी-चोखा के अलावा लौंगलता, रसिया, मट्ठा, भात, बजका-कचरी के अलावा अन्य व्यंजन थे। ये सभी व्यंजन बिहार के खानपान से जुड़ी संस्कृति की पहचान हैं। केइची ओनो को इनका स्वाद चखाया गया। उन्होंने लिट्टी-चोखा की जोरदार तारीफ की। राजदूत केइची ओनो लिट्टी-चोखा खाते ही बोल उठे-'गजब स्वाद बा'। उन्होंने बिहार के व्यंजनों से सजी थाली की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की है जिसमें लिखा है- 'नमस्ते बिहार! अंततः विश्व प्रसिद्ध लिट्टी-चोखा खाने का मौका मिला३ 'गजब स्वाद बा।' बिहारी व्यंजनों को चखने का उनका यह अनुभव अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। केइची ओनो बोधगया आए थे जापान के राजदूत ओनो पिछले सप्ताह बोधगया आये थे। उनके साथ पूरा प्रतिनिधिमंडल था जिसमें जापान टूरिज्म एजेंसी के कमिश्नर नाओया हराइकावा और जापान एंबेसी के सेकंड सेक्रेटरी यूरता साइटो के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। वहां उन्होंने महाबोधि मंदिर परिसर स्थित विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया था और बोधिवृक्ष के नीचे बैठकर ध्यान भी लगाया था। पोस्ट में बिहार दौरे के बारे में बताया एक अन्य पोस्ट में उन्होंने अपने बिहार दौरे के बारे में लिखा कि जापान टूरिज्म एजेंसी के कमिश्नर के साथ जापान सरकार द्वारा वित्त पोषित बिहार नेशनल हाईवे इंम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट का दौरा किया। इस परियोजना से बिहार में यात्रा करने में समय की बहुत बचत होगी। इसके साथ ही इसका आर्थिक और पर्यटन को बढ़ावा देने में काफी योगदान देगा। पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे भी कर चुके हैं तारीफइसके पहले जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे भी लिट्टी-चोखा के स्वाद के मुरीद हो चुके हैं। अपनी भारत यात्रा के दौरान उन्होंने इस पारंपरिक भोजन का आनंद लिया था और इसकी सादगी और स्वाद की प्रशंसा की थी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063